


आपकी बात, निर्भीकता के साथ

# प्रातःनागपुरी

आरएनआई पंजीयन सं. JHABIL/2023/86791

वर्ष : 01, अंक : 321 | रांची, बुधवार, 06 नवंबर 2024 (कार्तिक शुक्ल 05, संवत 2081), पृष्ठ : 12, मूल्य : 3 रुपये | email: jharkhandwanitaudyog@gmail.com




## मशहूर गायिका शारदा सिन्हा का निधन, दिल्ली एम्स में लीं आखिरी सांस

एजेंसियां



**नई दिल्ली।** बिहार की मशहूर गायिका शारदा सिन्हा का 72 साल की उम्र में निधन हो गया। उन्होंने दिल्ली एम्स में आखिरी सांस ली। उनकी तबीयत अचानक अधिक बिगड़ गई थी, जिसके बाद उन्हें वेंटिलेटर पर शिफ्ट करना पड़ा था। इस खबर ने देशभर में उनके शुभचिंतकों को झकझोर कर रख दिया। शारदा सिन्हा के गाये छठ गीत अभी भी हर तरफ बजते हैं, लेकिन बिहार की स्वर कोकिला अब हमारे बीच नहीं रहीं।

शारदा सिन्हा के बेटे अंशुमान ने सोशल मीडिया पर उनकी तबीयत बिगड़ने की जानकारी दी थी। उन्होंने एक वीडियो जारी किया है और बताया कि उनकी मां की हालत नाजुक है। सोमवार 4 नवंबर को दोपहर के समय उनकी तबीयत ज्यादा खराब हो गई, जिसके बाद डॉक्टरों ने उन्हें वेंटिलेटर पर शिफ्ट कर दिया था।

शेष पेज 08 पर

## महापर्व : खरना आज, शुरू होगा 36 घंटे का निर्जला उपवास



शिव कुमार सिंह

**रांची।** नहाय-खाय के बाद छठ पूजा के दूसरे दिन की शुरुआत खरना से होती है। छठ के चारों दिन का अलग-अलग महत्व होता है। आज यानी 6 नवंबर बुधवार के दिन खरना मनाया जाएगा। छठ के महापर्व में खरना का विशेष महत्व है, क्योंकि, इस दिन छठ का विशेष प्रसाद बनाया जाता है। आइए जानते हैं खरना व्रत के नियम और महत्व।

क्या होता है खरना : इस बार छठ पूजा का दूसरा दिन 6 नवंबर, बुधवार को है। इसी दिन शाम से लगभग 36 घंटे का निर्जला व्रत आरंभ हो जाता है। इस दिन रोटी, गुड़ की खीर और फल का भोग लगाया जाता है। खरना वाले दिन भगवान का विशेष प्रसाद व्रत रखने वाले ही तैयार करते हैं और शाम के समय भगवान को अर्पित करने के बाद ही वह उसे ग्रहण करते हैं। खरना से जो उपवास आरंभ होता है, वह सप्तमी तिथि के दिन अर्घ्य देने के साथ ही समाप्त होता है।

### खरना के नियम

- इस दिन मिट्टी के चूल्हे पर गुड़ की खीर बनाई जाती है। इसके लिए पीतल के बर्तन का प्रयोग किया जाता है। यह खीर बहुत ही शुद्धता और पवित्रता के साथ बनाई जाती है, इसलिए मिट्टी के चूल्हे का प्रयोग किया जाता है। खीर के अलावा गुड़ की अन्य मिठाई, ठेकुआ और लड्डू आदि भी बनाए जाते हैं।
- खरना की यह खास खीर सिर्फ और सिर्फ व्रती इंसान ही बनाता है। पूरे दिन व्रत रखने के बाद शाम के समय व्रती व्यक्ति इसी गुड़ की खीर का सेवन करते हैं। शाम के समय व्रत रखने वाला व्यक्ति कमरा बंद करके ही खीर का सेवन करता है। इसके बाद पूरा परिवार व्रती व्यक्ति से आशीर्वाद लेता है। साथ ही सुहागन महिलाएं व्रती महिलाओं से सिंदूर लगवाती हैं।
- शाम में केले के पत्ते पर खीर, के कई भाग किए जाते हैं। अलग-अलग देवी-देवताओं, छठ मैय्या, सूर्यदेव का हिस्सा निकाला जाता है। इसके बाद केला, दूध, बाकी पकवान भी उसके ऊपर रखे जाते हैं। फिर छठी मैया का ध्यान करते हुए अर्पित करने के बाद व्रती महिलाएं इसे ग्रहण करती हैं। कमरा बंद करके भोजन करती हैं।
- व्रती शाम के समय केले के पत्ते पर खीर अलग-अलग देवी देवताओं, छठ मैय्या, सूर्यदेव का हिस्सा निकालते हैं। इन हिस्सों पर केला, दूध, बाकी पकवान भी उसके ऊपर से रखे जाते हैं। फिर इसे परिवार के सभी लोगों के बीच प्रसाद के रूप में बांट दिया जाता है।
- खरना के दिन जब व्रती गुड़ की खीर का भोग लगा लें, तो परिवार के सभी लोग उनसे आशीर्वाद लेते हैं। इसी के साथ लगभग 36 घंटों का मुख्य व्रत आरंभ हो जाता है। जिसमें सुबह के अर्घ्य देने तक फिर अन्न जल कुछ भी ग्रहण नहीं करना होता है।
- छठ का व्रत रखने वालों को भूमि पर शयन करना चाहिए। साथ ही पूर्ण ब्रह्मचर्य का भी पालन करना चाहिए। इस दौरान सोने के लिए तकिया आदि का भी प्रयोग नहीं किया जाता है।



## हिमंता विश्व सरमा को अंचार संहिता उल्लंघन मामले में क्लीन चिट

**देवघर।** सारठ में आदर्श चुनाव आचार संहिता उल्लंघन मामले में असम के मुख्यमंत्री एवं भाजपा के झारखंड विधानसभा चुनाव सह प्रभारी हिमंता विश्वा सरमा को देवघर डीसी ने क्लीन चिट दी है। दो नवंबर को झामुमो के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य समेत इंडिया गठबंधन के अन्य नेताओं ने हिमंता पर देवघर जिले के सारठ की एक सभा में विभाजनकारी भाषण देने का आरोप लगाया था।

शेष पेज 08 पर

### संक्षिप्त खबरें

#### सोहराय पर्व मना रहे ग्रामीणों को बोलेरो ने कुचला, चार की मौत



**गोला (रामगढ़)।** रजरप्पा मार्ग पर स्थित पिपराजारा (बंदा) के पास सोहराय मना रहे ग्रामीणों पर अनियंत्रित बोलेरो ने कहर बरपाया। इसके परिणामस्वरूप एक डेढ़ वर्षीय बच्चे सहित चार लोगों की मौत हो गई। लगभग आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। ये घटना सोमवार देर रात की है। मृतकों में मुनिया देवी (45 वर्ष) पति- धुमा मांझी, बिलासी देवी (23 वर्ष) पति- महेन्द्र मांझी, निरंजन मांझी (डेढ़ वर्ष) पिता- महेन्द्र मांझी, रोशनी कुमारी (12 वर्ष) पिता- संजय मांझी शामिल हैं। शेष पेज 08 पर

#### लातेहार में अपराधियों का तांडव, कोयला लदे दो ट्रकों में लगाई आग



**लातेहार।** लातेहार जिला के बालूमाथ थाना क्षेत्र अंतर्गत मगध कोलियरी के गोलीतांड के पास अपराधियों ने मंगलवार की रात कोयला लोड दो ट्रकों में आग लगा दी। इस घटना को अंजाम किस आपराधिक गिरोह के द्वारा दिया गया इसकी पुष्टि अभी तक नहीं हो पाई है। हालांकि घटनास्थल से जेजेएमपी नक्सली संगठन के नाम पर एक पर्चा मिला है। इधर सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम घटनास्थल की ओर रवाना हो चुकी है। शेष पेज 08 पर

#### देवघर के एसपी बने अंबर लकड़ा, अधिसूचना जारी

#### चुनाव में ड्यूटी करने आए जवान ने खुद को मारी गोली

पेज 08 पर

### उत्तर प्रदेश के सीएम ने कोडरमा, बरकागांव व जमशेदपुर में सभा को किया संबोधित


# जब भी बंटे हैं, निर्ममता से कटे हैं : योगी आदित्यनाथ

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**जमशेदपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कोडरमा, बरकागांव और जमशेदपुर में जनसभा को संबोधित किया। योगी आदित्यनाथ ने हरियाणा चुनाव का जिक्र करते हुए कहा कि हरियाणा के लोगों ने विकास के लिए तीसरी बार फिर से भाजपा की डबल इंजन सरकार को चुना है। योगी आदित्य नाथ ने हेमंत सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि एक आलमगीर आलम थे औरंगजेब, जिसने देश को लूटने का काम किया था, देश के पवित्र मंदिरों को नष्ट किया था। उन्होंने कहा कि जिस तरह औरंगजेब ने देश को लूटा था, मंदिरों को नष्ट किया था उसी तरह झारखंड सरकार एक मंत्री था आलमगीर आलम। उनके घर से नोटों की गड्डियां मिली थीं। ये पैसा झारखंड के गरीबों का था, जिसे लूटकर जमा किया गया था। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि, देश में जहां-जहां भाजपा की सरकार है, वहां पर विकास का एक नया मॉडल दिया है। उन्होने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि, आजादी के बाद से जनता ने कांग्रेस को देश चलाने का मौका दिया। लेकिन आज तक गरीबों के लिए इमानदारी से एक भी योजना नहीं बनाई। साल 2014 में नरेंद्र मोदी जी देश के प्रधानमंत्री बने थे, जिसके बाद उन्होने 'सबका साथ-सबका विकास' का नारा दिया था। इसी नारे के साथ किसान, युवा और महिलाओं समेत हर वर्ग का विकास करने का काम किया है।

शेष पेज 08 पर

### पहले औरंगजेब ने लूटा, अब झारखंड को आलमगीर लूट रहे



### रातू हाई स्कूल मैदान में भाजपा की चुनावी सभा आयोजित

## झारखंड को ऊंचाइयों पर ले जायेगी भाजपा: राजनाथ सिंह



- घुसपैठिये की खड़ी करेंगे खाट
- 5 सौ में दिये जायेंगे सिलेंडर

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रातू।** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हाई स्कूल मैदान में आयोजित भाजपा की चुनावी सभा को संबोधित कर हटिया के पार्टी प्रत्याशी नवीन जायसवाल के लिये वोट मांगा और कहा कि राज्य में एनडीए की सरकार बनने जा रही है। उन्होंने झारखंड को ऊंचाइयों में ले जाने की बात कही। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर निशाना साधा और कहा कि भाजपा घुसपैठिये की खाट खड़ी कर देगी। आदिवासियों की जमीन पर अवैध कब्जे हटा उसे रैयतों को वापस दिलायी जायेगी। महिलाओं को गोगो दीदी योजना के तहत महीने की 11 तारीख को 21 सौ रुपये, 5 सौ में गैस सिलेंडर और दिवाली व छठ में दो सिलेंडर फ्री दिये जायेंगे।

शेष पेज 08 पर

## बांटने वाले भी तुम, काटने वाले भी तुम : मल्लिकार्जुन खड़गे

- कांके विधानसभा प्रत्याशी सुरेश कुमार बैठा के पक्ष में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने चुनावी सभा को किया संबोधित

**रांची।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कांके में इंडी गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी सुरेश कुमार बैठा की चुनावी सभा को मंगलवार को संबोधित किया। उन्होंने यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ के बटेंगे तो कटेंगे के बयान पर पलटवार किया। कहा कि बांटने वाले भी तुम हो और काटने वाले भी तुम हो। श्री खड़गे ने कहा कि ये बीजेपी-आरएसएस का एजेंडा है, जब तक आप उनका एजेंडा नहीं तोड़ेंगे वो आपका शोषण करते रहेंगे।

श्री खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह पर भी निशाना साधा। उन्होंड़ने लोगों से पूछा कि आप लोग आदतन बार-बार झूठ बोलने वाले शख्स को वोट कैसे दे रहे हैं। बीजेपी आप लोगों को बांटना चाहती है। झारखंड में पीएम मोदी का भाषण जुमला है। उनके गृहमंत्री पहले कहते थे कि वो 2 करोड़ युवाओं को रोजगार देंगे, लेकिन बाद में उन्होंने कहा यह एक चुनावी जुमला था। ये लोग आदतन झूठे हैं।

कांग्रेस अध्यंक्षा ने कहा कि पहले उन्होंने 15-15 लाख देने की भी बात कही थी। आपकी संपति छीनकर अंबानी, अडानी को दे रहे हैं। आरएसएस-बीजेपी आपके बीच लड़ाई कराना चाहती है। बीजेपी कह रही है कि घुसपैठी माटी, बेटी और रोटी चुरा रहे हैं। आप क्या कर रहे थे। भुट्टे छिल रहे थे क्या।

श्री खड़गे ने गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी सुरेश कुमार बैठा के पक्ष में लोगों को मतदान कर फिर से हेमंत सोरेन को राज्य का मुख्यमंत्री बनाने का अग्रह किया। उन्होंने कहा कि गरीब का बेटा लगातार हार के बावजूद क्षेत्र की जनता के बीच रहा।

शेष पेज 08 पर



## झारखंड में इंडिया ब्लॉक ने किया 'सात गारंटी' का एलान

- 15 लाख का बीमा, महिलाओं को 2500 रुपये

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** झारखंड चुनाव में कुछ ही दिन बचे हैं। ऐसे में सभी राजनीतिक पार्टियां लोगों को लुभाने में जुटी हैं। इस क्रम में बीजेपी के बाद अब इंडिया ब्लॉक ने भी अपनी चुनावी गारंटी की घोषणा कर दी है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राज्य के मुख्यमंत्री और जेएमएम अध्यक्ष हेमंत सोरेन समेत इंडिया ब्लॉक के नेताओं ने अपना घोषणा पत्र जारी किया, जिसमें 7 गारंटी दी गई हैं। इनमें महिलाओं को 2500 रुपये, गरीब परिवारों के लिए 450 रुपये में गैस सिलेंडर और 7 किलो राशन आदि शामिल है।

शेष पेज 08 पर

## हेमंत सरकार बांग्लादेशी घुसपैठियों का संरक्षक: शिवराज सिंह चौहान

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



- झामुमो के रहते राज्य की जनता नहीं रह सकती सुखी

**दुमका।** झारखंड बीजेपी के प्रभारी और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को दुमका विधानसभा क्षेत्र के मुंडाबहाल गांव में एक चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान शिवराज सिंह ने हेमंत सरकार को बांग्लादेशी घुसपैठियों का संरक्षक बताया और कहा कि मैं आप लोगों को सावधान करने आया हूं। अगर घुसपैठिए इसी तरह आते रहे, तो संताल परगना में उनका कब्जा हो जाएगा। भाजपा के इस कार्यक्रम में दुमका विधानसभा के पार्टी प्रत्याशी सुनील सोरेन के साथ पार्टी के कई नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और मौजूदा केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दुमका में आयोजित भाजपा के चुनावी सभा में हेमंत सरकार पर जमकर निशाना साधा है।

शेष पेज 08 पर

### भाजपा के बागी 30 नेता 6 साल के लिए निष्कासित

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव में बगावत करने वाले 30 नेताओं को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पार्टी से निकाल दिया है। इन नेताओं ने भाजपा और एनडीए उम्मीदवारों के खिलाफ चुनाव लड़ा था। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई है। पार्टी ने सभी बागियों को 6 साल के लिए निष्कासित कर दिया है। भाजपा ने बागी नेताओं की लिस्ट जारी कर दी है। इनमें चंद्रमा कुमारी पलामू, कुमकुम देवी हजारीबाग, लक्ष्मी देवी पलामू और जूली यादव दुमका शामिल हैं।

शेष पेज 08 पर

## नक्सली होने के आरोप में जेल में बंद लोगों को निकालेंगे बाहर: हेमंत

- सारंडा में कांग्रेस प्रत्याशी सोनाराम सिंकु के पक्ष में मुख्यमंत्री ने चुनावी जनसभा को किया संबोधित

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



कांग्रेस प्रत्याशी सोनाराम सिंकु के पक्ष में आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

**चाईबासा।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि पहले चुनाव पांच चरणों में होते थे। इस बार दो चरणों में हो रहा है। विपक्ष के तमाम केंद्रीय नेता झारखंड में आ गये हैं, पर सैकड़ों पर हम अकेले भारी हैं। यहां के लोगों को नक्सली के नाम पर जेल भेज दिया गया है। ऐसे सभी लोगों को सरकार बनने के बाद जेल से बाहर निकालेंगे। वे मंगलवार को जगन्नाथपुर विधानसभा क्षेत्र में सारंडा स्थित छोटानागरा में

**एक महीना पहले हो रहा चुनाव :** मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें जेल भेजने से लेकर विधायकों को खरीदने का प्रयास कर सरकार को गिराने का असफल प्रयास किया गया।

शेष पेज 08 पर

## झारखंड की खनिज संपदाओं पर भाजपा की नजर: कल्पना

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि




**गुमला।** जेएमएम नेता कल्पना सोरेन ने मंगलवार को गुमला में एक जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने गुमला के जेएमएम प्रत्याशी भूषण तिर्की के लिए लोगों से वोट मांगा। अपने भाषण में कल्पना सोरेन ने बीजेपी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा से सावधान रहें। जनता दिग्भ्रमित न हो। कल्पना ने बीजेपी को ठग कहा। भाजपा फूट डालो और राज करो की नीति लेकर झारखंड आयी है का भी आरोप लगाया। जेएमएम नेता ने कहा कि बीजेपी को आदिवासियों की सभ्यता, संस्कृति और परंपरा से कोई लेना देना नहीं है।

शेष पेज 08 पर

## रांची सहित 20 स्थानों पर सीबीआई का छापा, 60 लाख से अधिक नकद बरामद

प्रातः नागपुरी संवाददाता



- अवैध पत्थर खनन से जुड़े एक मामले में तीन राज्यों में ली गई तलाशी

**रांची।** सीबीआई ने अवैध पत्थर खनन से जुड़े एक मामले में तीन राज्यों में फैले लगभग 20 स्थानों पर तलाशी ली। तलाशी के दौरान 60 लाख से अधिक नकदी, 1 किलोग्राम से अधिक सोना और 1.2 किलोग्राम चांदी, 61 जिंदा कारतूस आदि बरामद किए गए। सीबीआई झारखंड में संगठित अवैध पत्थर खनन से संबंधित एक मामले की जारी जांच में झारखंड (रांची में तीन स्थान, गुमला में एक स्थान एवं साहिबगंज में तेरह स्थान), पश्चिम बंगाल (कोलकाता मंत दो स्थान) और बिहार (पटना में एक स्थान) सहित तीन राज्यों में फैले लगभग 20 स्थानों पर तलाशी ले रही है।

अब तक की तलाशी में 60 लाख रुपए से अधिक नकद, 1 किलोग्राम से अधिक सोना, 1.2 किलोग्राम चांदी, सोने के आभूषण, मोबाइल, 61 जिंदा कारतूस (9 मिमी), संपत्तियों से संबंधित सेल डीड, निवेश एवं मुखौटा कंपनियों से संबंधित दस्तावेज, समझौता पत्र और अन्य आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद हुए हैं।

शेष पेज 08 पर

## यूपी मदरसा एक्ट की संवैधानिक वैधता बरकरार

एजेंसियां



- सुप्रीम कोर्ट ने यूपी मदरसा शिक्षा बोर्ड अधिनियम 2004 पर सुनाया फैसला
- कोर्ट ने यूपी मदरसा एक्ट की संवैधानिक वैधता को बरकरार रखा
- सुप्रीम कोर्ट ने कहा यह धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत का उल्लंघन नहीं करता है

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने यूपी मदरसा शिक्षा बोर्ड एक्ट 2004 की वैधता को बरकरार रखा है और कहा है कि यह धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत का उल्लंघन नहीं करता है। इलाहाबाद हाई कोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट ने निरस्त कर दिया है, जिसमें हाई कोर्ट ने इस एक्ट को खारिज कर दिया था और कहा था कि राज्य सरकार मदरसे के स्टूडेंट्स को अन्य स्कूलों में भर्ती करे।

सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली बेंच ने यूपी बोर्ड ऑफ मदरसा एजुकेशन एक्ट 2004 के संवैधानिक वैधता को बरकरार रखा। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा है कि मदरसा एक्ट का वह प्रावधान जो फाजिल और कामिल डिग्री के सिलसिले में उच्च शिक्षा को रेग्युलेट करता है, वह यूजीसी एक्ट के तहत विरोधाभासी है और ऐसे में इस प्रावधान को गैर संवैधानिक करार दिया जाता है।

'मदरसा एक्ट उचित है' : सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि मदरसा एक्ट राज्य में एजुकेशन के स्टैंडर्ड को रेग्युलेट करता है। लेकिन अल्पसंख्यक संस्थान के प्रशासक का यह अधिकार संपूर्ण नहीं है और राज्य सरकार एजुकेशन के स्टैंडर्ड को रेग्युलेट कर सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मदरसा एक्ट उचित है और यह माइनॉरिटी कम्युनिटी के हित को रेग्युलेट करने के लिए उपयोगी है, क्योंकि यह एजुकेशन स्टैंडर्ड, एग्जाम और सर्टिफिकेट आदि को रेग्युलेट करती है, ताकि बच्चे उच्च शिक्षा के लिए काबिल बनें।

मदरसा धार्मिक निर्देश देती है, लेकिन उसकी प्राथमिकता शिक्षा है।

शेष पेज 08 पर

## गोड्डा में चुनाव से पहले झामुमो कार्यकर्ता की गोली मारकर हत्या

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**गोड्डा।** गोड्डा के ललमटिया के सिदो-कान्हू चौक पर मंगलवार की शाम करीब 5.30 बजे बेखौफ बदमाशों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर ललमटिया निवासी जॉन किस्कू (60) की हत्या कर दी। जॉन पर बाइक सवार दो अपराधियों ने चार राउंड गोली मारी। गोली लगने के बाद गंभीर हालत में जॉन किस्कू को गोड्डा सदर असपताल लाया गया। गोड्डा में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए मायागंज अस्पताल रेफर किया गया। भागलपुर ले जाने के दौरान पंजवारा के समीप घायल जॉन किस्कू की मौत हो गयी। डॉक्टर के अनुसार काफी मात्रा में खून बह गया था।

जॉन किस्कू झामुमो के कार्यकर्ता थे। मौत के बाद अक्रोशित परिजनों ने साथ जा रहे चिकित्सक के साथ मारपीट शुरू कर दी। इसके बाद जान बचाने के लिए चिकित्सक भागकर पंजवारा थाने में घुस गये। एंबुलेंस भी पंजवारा थाने में ही है।

शेष पेज 08 पर

## संक्षिप्त

### इटकी में नहाय खाय के साथ महाछठ व्रत आरंभ

**इटकी ।** नहाय खाय के साथ ही इटकी में महाछठ व्रत पूजा शुरू हो गई है। प्रखण्ड के नदी,पोखर,डेम और तलाब सहित अन्य जलाशयों में सैकड़ों छठव्रती पहुंचे और स्नान ध्यान कर भगवान भाष्कर की पूजा अर्चना की इसके बाद घर पहुंच कर मिट्टी के चुल्हों में नेमत नियम के साथ आरवा चावल का भात और चने की दाल,कद्दू की सब्जी पवित्रता के साथ बनाया इसके बाद भोग लगाकर खुद ग्रहण किया और पूरे परिवार को भी खिलाया। कल शाम बुधवार को छठव्रती दुग्ध गुड़ से बनी खीर के साथ खरना पूजा करेंगे। गुरुवार को अस्ताचली सूर्यदेव को अर्घ देंगे। शुक्रवार की प्रातः उदयमान भगवान भाष्कर को छठव्रती अर्घ देकर पारंपरिक तरीके से पूजा अर्चना करेंगे। इधर क्षेत्र के कई संगठनों द्वारा छठ घाट की साफ सफाई , प्रकाश व्यवस्था , तोरण द्वार सहित अन्य व्यवस्थाओं की तैयारी व्यापक रूप से की जा रही है।

### लोक आस्था का पर्व छठ नहाय खाय के साथ शुरू

**सिल्ली।** सिल्ली एवं आसपास क्षेत्रों में मंगलवार से लोक आस्था का चार दिवसीय महापर्व छठ नहाय खाय के साथ शुरू हो गया। महापर्व छठ के प्रथम दिन प्रातः व्रती नदियों के घाटों व तालाबों किनारे पहुंच स्नान एवं सूर्य उपासना के साथ नहाय खाय की रस्म पूरी की। नहाय खाय के दौरान व्रती अरवा चावल का भात, चने की दाल, कद्दू की सब्जी का भोग लगाया। सूर्य उपासना के इस पावन पर्व पर नहाय खाय के बाद बुधवार को निर्जला उपवास रखकर खरना किया जाएगा। खरना में दूध, अरवा चावल व गुड़ से बनी खीर एवं रोटी का भोग लगाया जाता है। खरना के बाद व्रतियों का 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू हो जाएगा जो कि गुरुवार की शाम अस्ताचलगामी सूर्य और शुक्रवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के बाद पारण के साथ पूरा होगा।

### इटकी मोड़ में लगेगा विशाल वार्षिक सोहराई जतरा

**इटकी।** मोड स्थित छठ महापर्व के बाद दूसरे दिन लगने वाले वार्षिक सोहराई जतरा की तैयारी व्यापक रूप से की जा रही है। शनिवार नौ नवम्बर को विशाल सोहराई जतरा का आयोजन किया जायेगा। जतरा आयोजन समिति के ऐतो भगत ने जानकारी देते हुए बताया कि नौ नवम्बर को आयोजित जतरा में 22 पड़हा नगड़ी ,21 पड़हा ,8 पड़हा,12 पड़हा, 5 पड़हा, से संबंधित दर्जणों गांवों के लोग हाथी घोडा रंपा चंपा, झंडा सहित अन्य प्रतिकों के साथ हजारों की संख्या में भाग लेगें। जतरा स्थल स्थित शक्ति पीठ जतरा खुंटा की रंग रोगन के अलावे मंच, तोरण द्वार,बिजली,पेयजल सहित कई अन्य व्यवस्था की तैयारी शुक्रवार शाम तक पुरी कर ली जायेगी। उन्होंने यह भी बताया जतरा के दिन बारीडीह गांव में शराब बनाने से लेकर पीने तक पूर्ण रूप से वर्जित रहेगा। इसके बावजूद कोई शराब बनाते पकड़े गये तो उसके खिलाफ कड़ी समाजिक कार्रवाई की जायेगी।

# विधानसभा चुनाव को लेकर समीक्षात्मक बैठक

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**रामगढ़।** विधान सभा आम निर्वाचन-2024 को स्वच्छ, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त वातावरण में चुनाव संपन्न कराने को. लेकर वी सरवना सामान्य प्रेक्षक 22-बड़कागांव, देवब्रत दास पुलिस प्रेक्षक 23-रामगढ़, सुमेंदु कुमार दास व्यय प्रेक्षक 22-बड़कागांव, पीयूष शुक्ला व्यय प्रेक्षक 23-रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र, चन्दन कुमार जिला-निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त रामगढ़, अजय कुमार पुलिस अधीक्षक रामगढ़ के नेतृत्व में 5 नवम्बर को टाऊन हॉल रामगढ़ में समीक्षात्मक एवं प्रशिक्षण-सह-बैठक कार्यक्रम आयोजित किया गया ।



बैठक में उपस्थित पुलिस उपाधीक्षक (मु०), अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी रामगढ़ / पतरातु, सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, सेक्टर पदाधिकारी, सेक्टर पुलिस पदाधिकारी एवं चुनाव से संबंधित अन्य पदाधिकारियों को सुरक्षा व्यवस्था, चुनाव के दौरान सेक्टर पदाधिकारियों / सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों के कार्य एवं अन्य पदाधिकारियों द्वारा किए जाने वाले कार्यों के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई तथा चुनाव आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देश के अनुरूप आवश्यक निर्देश दिया गया।

## ईवीएम मशीन का सकेंड रेंडमाइजेशन संपन्न

**रामगढ़ः** आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर निर्वाचन प्रक्रिया को स्वच्छ एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से मंगलवार को जिला समाहरणालय स्थित एनआईसी कक्ष में 23- रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र सामान्य प्रेक्षक टीवी सुभाष एवं जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार की उपस्थिति में 23- रामगढ़ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए ईवीएम मशीन को मतदान केंद्रों के साथ टैगिंग के लिए सेकंड रेंडमाइजेशन किया गया।

सर्वप्रथम वरीय पदाधिकारी ईवीएम कोषांग सह अपर समाहर्ता कुमारी गीतांजलि ने 23 रामगढ़ के लिए तैयार ईवीएम की संख्या के संबंध में जानकारी दी इसके उपरांत जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार ने के द्वारा ईवीएम मशीन को मतदान केंद्रों के साथ टैगिंग करते 2ल्लर्ा रेंडमाइजेशन किया गया। रेंडमाइजेशन के दौरान मुख्य रूप से निवार्ची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी,जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता, सहायक सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी मनीष चाहर, विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि सहित अन्य उपस्थित थे।




# जेबीवीएनएल ट्रांसफार्मर रिपेयर वर्कशॉप में लगी भीषण आग

## भारी नुकसान की आशंका

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**रामगढ़।** रामगढ़ झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड (जेबीवीएनएल) के ट्रांसफॉर्मर रिपेयरिंग वर्कशॉप (टीआरडब्ल्यू) में 4 नवम्बर की रात्रि भीषण आग लग गई। जिसके कारण जेवीवीएनएल को करोड़ों रुपए का नुकसान होने का अनुमान है।

रामगढ़ जिले का झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड (जेबीवीएनएल) का जिला प्रमंडल ऑफिस कैंपस में ट्रांसफॉर्मर रिपेयरिंग वर्कशॉप (टीआरडब्ल्यू) भी है। साथ ही इसी कैंपस में बिजली विभाग के कर्मियों के रहने के आवास भी है. यहां अचानक देर रात ट्रांसफॉर्मर रिपेयरिंग वर्कशॉप (टीआरडब्ल्यू) से भीषण आग की लपटे उठने लगी और देखते ही देखते ये लपटें आसमान छूने लगी आग के कारण गोदाम में रखें ट्रांसफार्मर में डालने जाने वाले तेल के ड्रम फटने लगे और आग की तीव्रता और बढ़ने लगी। आग की भयावहता को देख स्थानीय लोगों के साथ-साथ



बिजली विभाग के कर्मियों ने अधिकारियों के साथ-साथ फायर ब्रिगेड की टीम, पुलिस की टीम को फोन किया जिसके बाद फायर ब्रिगेड की टीम और पुलिस मौके पर पहुंची। लेकिन आग की विकराल स्थिती को देखकर स्थानीय पुलिस ने मिलिट्री फायर ब्रिगेड की गाड़ी, सीसीएल से फायर ब्रिगेड की गाड़ी, (टाटा) वेस्ट बोकारो घाटों से फायर ब्रिगेड की गाड़ियों को आग पर काबू पाने के लिए बुलाया, करीब 4 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद लगभग आठ फायर ब्रिगेड के गाड़ियों द्वारा आग की तीव्रता को कम किया गया और फिर आग पर काबू पाया गया। आग कैसे लगी इसकी जानकारी तो किसी को नहीं है। नुकसान कितना हुआ यह भी बिजली विभाग के कर्मी और अधिकारी फिलहाल बताने में असमर्थ दिख रहे हैं लेकिन आपकी भयावता और भीषणता को देखकर यह अनुमान लगाया जा रहा है कि करोड़ों रुपए के समान इस आग में जलकर स्वाहा हो गए हैं रामगढ़ थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने बताया कि आग की सूचना मिली जिसके बाद घटनास्थल पर फायर ब्रिगेड की टीम में साथ पहुंचा तब देखा कि आग काफी भीषण लगी हुई है, जिसके बाद अलग अलग जगहों से फायर बिग्रेड की गाड़ियों को बुलाया गया और आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया। झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड (जेबीवीएनएल) के एसडीओ ने बताया कि कर्मियों द्वारा सूचना दी गयी। जिसके बाद वे घटनास्थल पर पहुंचे और फायर ब्रिगेड की टीम को सूचना दी. हालांकि आग कैसे लगी यह बताने में उन्होंने असमर्थता जताई।

## दर्जनों लोगों ने सुदेश महतो के समक्ष आजसू पार्टी की सदस्यता की ग्रहण



**सोनाहातू।** प्रखंड के पार्टी कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में दर्जनों लोगों ने आजसू पार्टी का दामन थामा। इस दौरान पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो ने नए सदस्यों का स्वागत किया और उन्हें पार्टी की विचारधारा और आगामी लक्ष्यों से अवगत कराया।

प्रखंड के जिंतू,कूदाडीह ओर चुतरुडीह गांव के दर्जनों लोग आजसू पार्टी का सदस्यता ग्रहण किया। कार्यक्रम के दौरान सुदेश महतो ने कहा आजसू पार्टी झारखंड की अस्मिता और विकास के लिए संघर्ष कर रही है। हर झारखंडी का हित हमारे लिए सर्वोपरि है। हम मिलकर राज्य की प्रगति का मार्ग प्रशस्त करेंगे। नए सदस्यों ने आजसू पार्टी में शामिल होने के अपने फैसले को सही ठहराते हुए कहा कि सुदेश महतो के नेतृत्व में वे झारखंड की बेहतरी के लिए काम करने के लिए उत्साहित हैं। मौके पर पार्टी के कई वरीय कार्यकर्ता मौजूद थे। मौके पर डॉ गंगाधर महतो, प्रधान महतो, कैलाश यादव, रमेश महतो, पूर्व जिप अध्यक्ष सुकरा सिंह मुंडा, केंद्रीय सचिव संजय महतो, विरेन सिंह मुंडा और पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद थे। सभा का अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष सुषेण प्रमाणिक ने किया।

# बीडीओ ने प्रतिनियुक्त सेक्टर मजिस्ट्रेटों को जारी किया निर्देश

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**इटकी प्रतिनिध।** इटकी प्रखण्ड मुख्यालय में मंगलवार को विधान सभा चुनाव को लेकर आयोजित प्रशासनिक बैठक में अतिरिक्त सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह बीडीओ प्रवीण कुमार ने सेक्टर मजिस्ट्रेटों और अधिकारियों को कई दिशा निर्देश जारी किया है।



बीडीओ ने प्रतिनियुक्त सेक्टर मजिस्ट्रेटों और चुनाव से जुड़े अधिकारियों को वोटिंग के दौरान आने वाली समस्याओं से अवगत कराते हुए समाधान का कई तरीका की जानकारी दी। साथ ही प्रखण्ड में अवस्थित 49 बुथों के पहुंच रास्ते (रूट ) का निरीक्षण करने सहित इभीएम मशीन सुरक्षित रख रखाव,पोलिंग पार्टी को बुथो तक समय रहते पहुंचाने के अलावे शांति पूर्ण वतावरण में मतदान कराने सहित कई निर्देश दिया। इधर प्रखण्ड के प्रत्येक बुथों पर चार चार भोलोटिंयर प्रतिनियुक्त किये जायेंगे। इसके लिए मंगलवार को प्रखण्ड के सभागार में दर्जणों स्कूली छात्र छात्राओं को प्रशिक्षित किये गये। प्रशिक्षक आभा तिर्की ने छात्र छात्राओं को मतदान केन्द्र से सौ मीटर का दायरा को चिन्हित करने ,वृद्ध और दिव्यांग मतदाताओं को बुथ तक पहुंचाने में सहयोग के साथ मतदाताओं को कतारवद्ध खड़ा करने में मदद करेंगे। बैठक में प्रखण्ड चुनाव प्रभारी हेमन्त एक्का , चुनाव नोडल अधिकारी रईस मलिक ,सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# महागठबंधन की प्रत्याशी ममता देवी ने चलाया जनसंपर्क अभियान

## विकास का वादा

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**रामगढ़।** दुलमी प्रखंड के कुल्ही पंचायत में मंगलवार को रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र से महागठबंधन प्रत्याशी ममता देवी ने जनसंपर्क अभियान चलया । इस मौके पर उन्होंने कुल्ही पंचायत के बेयांग, उरबा, कारो, डुमरिया टोला, माथा गौड़ा, सरना टोला, पुत्रीडीह, कूल्ही सहित पोटमदगा पंचायत के कई गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया।



इस यात्रा के दौरान उन्होंने ग्रामीणों से मुलाकात की, उनकी समस्याओं को सुना और समर्थन की अपील की। जनसंपर्क के दौरान ममता देवी ने लोगों से कहा, आपके सहयोग से हम एक नया बदलाव लाएंगे और गांवों के विकास के लिए नई दिशा में काम करेंगे। हर एक वोट और समर्थन हमारे सामूहिक प्रयासों को मजबूत करेगा, ताकि हम एक समृद्ध और प्रगतिशील भविष्य की ओर बढ़ सकें। उन्होंने लोगों से अपील की कि सही दिशा में कदम बढ़ाते हुए अपने गांव और समाज के हित में महागठबंधन का समर्थन करें। वहीं, ग्रामीणों ने भी महागठबंधन प्रत्याशी ममता देवी के जनसंपर्क अभियान का स्वागत किया और अपनी विभिन्न समस्याओं और मुद्दों को उनके सामने रखा। जिसपर ममता देवी ने लोगों को आश्वासन दिया कि उनके हर मुद्दे पर ध्यान दिया जाएगा और गांवों के विकास के लिए कार्य किए जाएंगे।

# जयराम महतो ने सिल्ली के पतराहातु में की चुनावी सभा

## पार्टी प्रत्याशी देवेन्द्र नाथ महतो के पक्ष में लोगों से मांगा वोट

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**सिल्ली।** विधानसभा चुनाव को लेकर सिल्ली के पतराहातु स्कूल मैदान में मंगलवार को झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा प्रत्याशी देवेन्द्र नाथ महतो के पक्ष में चुनावी जनसभा सिल्ली बदलाव महासभा का आयोजन किया गया।

चुनावी सभा में जेकेएलएम सुप्रीमो टाइगर जयराम महतो ने सिल्ली विधानसभा से पार्टी प्रत्याशी देवेन्द्र नाथ महतो के पक्ष में लोगों से वोट देने की अपील की। जयराम महतो ने कहा कि झारखण्ड नव निर्माण के लिए पार्टी प्रत्याशी देवेन्द्र नाथ महतो को वोट दें। उन्होंने कहा कि झारखंड बनने के बाद आज तक बनी सभी पार्टियों की सरकार ने राज्य को लूटा है। उन्होंने हेमंत सोरेन सरकार एवं उनके परिवार पर खूब गरजे। वहीं सिल्ली के विकास पर वर्तमान विधायक की भी आलोचना किया। उन्होंने कहा



राज्य में बिचौलियों, दलालों की सरकार ने राज किया है। सभी सरकारी कार्यालयों में बिना रिश्वत के काम नहीं होता है। इस सरकार को विदा कर झारखंड का नव निर्माण करना है। जयराम महतो ने कहा कि अगर हमारे पार्टी के उम्मीदवार निर्वाचित हो कर विधायक बनते हैं तो वे अपने वेतन की 75 प्रतिशत राशि क्षेत्र के जनता में बांटेंगे। अपने गृह जिले के अलावे अन्य जिलों पर विधायक के नाम जमीन होने पर पार्टी उसे दो बारा चुनाव की टीकट नहीं देगी। स्थानीय और नियोजन निति लागू किया जाएगा, स्थानीय लोगों में रिक्तियों को भरा जायेगा। पार्टी प्रत्याशी देवेन्द्र महतो ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि लोग सत्ता भोगी नेता एवं दल बदलू नेता से सावधान करते हुए अपने पार्टी की चुनावी मेनिफेस्टो की जानकारी दिया। उन्होंने कहा कि हमारा सिल्ली विधानसभा क्षेत्र कृषि प्रधान क्षेत्र है। किसानों के इस आजीविका कृषि से व्यावसायिक कृषि में हम बदलने का काम करेंगे। राढु नदी,स्वर्ण रेखा एवं कांची नदी में लिफ्ट इरीगेशन के माध्यम से सिंचाई का काम किया जाएगा।लोगों को कैंची छाप में वोट करने की अपील करते हुए कहा कि उनके विधायक बनने पर क्षेत्र के विकास के लिए के महत्वपूर्ण कार्य किए जाएंगे। क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई एवं रोजगार पर विशेष कार्य किए जाएंगे। गरीब आदिवासी, हरिजन व पिछड़े बच्चों के लिए आवासीय विद्यालय का निर्माण, सिल्ली डीग्री कालेज में सभी विषयों का पढ़ाई शुरू किया जाएगा। वहीं उन्होंने कहा कि हिंडाल्को में स्थानीय लोगों को प्राथमिकता। तथा विस्थापितों को मुआवजा, नौकरी में समायोजन को प्राथमिकता से लागू किया जाएगा। रोजगार और स्वरोजगार सृजित किया जाएगा। इस मौके पर महावीर साहू, राजू महतो, मोहरी देवी, विमल महतो, अभिकर्ता राजीव कुमार, सुभाष चंद्र, कृष्णा महतो, खुदीराम समेत पार्टी वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## इटकी में बंद समपार फाटक से लोगों का आवागमन जारी

# दुर्घटना की बढ़ी प्रबल संभावना

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**इटकी।** इटकी रेलवे स्टेशन स्थित बंद समपार फाटक से स्कूली छात्र छात्राऐं और ग्रामीण धड़ले से आना जाना कर रहे है जिससे यहां पर बड़ी दुर्घटना की प्रबल संभावना की स्थिति बन गई है।



रांची - लोहरदगा रेलवे मार्ग पर लम्बी दुरी की कई एक्सप्रेस ट्रेन और मालगाड़ी का आवागमण लगातार चालू है फिर भी लोग अंडर पास सड़क को छोड़कर साईकिल सवार और पैदल छात्र छात्राऐं जान जोखिम में डालकर समपार फाटक से ही आना जाना कर रहे है। ऐसी परिस्थिति में कभी यहां पर दुर्घटना घट सकती है। बता दें रेलवे विभाग ने लोगों के आवागमण के लिए करोड़ो की लागत अंडर पास रोड़ निर्माण कर पिछले दिन समपार फाटक को बंद कर रखा है किन्तु अंडर पास सुनसान जगह बनने के कारण लोग असहज महशूस करते हुए अंडरपास का कड़ा विरोध करते हुए व्यापक आदोलन छेड़ रखें है। विभाग एक तरफ बंद समपार फाटक को खोलने को ठोस कदम नही उठा रहा है वही दूसरी तरफ ग्रामीण अंडरपास को नकार कर समपार फाटक से आना जाना कर रहे ऐसी हालत में किसी भी समय दुर्घटना घटने का भय बना हुआ है।

## संक्षिप्त

### हाईटेंशन तार की चपेट में आने से हुई मौत

**आदित्यपुर।** छठ पूजा के पहले दिन आदित्यपुर वासियों के लिए मायूसी भरा रहा। जहां मंगलवार को हाई टेंशन तार की चपेट में आकर छठ की तैयारी कर रहे इलेक्ट्रिकल शॉप के मालिक मनोज कुमार की मौत हो गई। जिसके बाद परिवार और कॉलोनी में मातम छा गया है।
बताया जा रहा है कि घर में छठ व्रत की तैयारी चल रही थी। मनोज कुमार खुद ही छठ व्रत करते थे। अपने घर के छत पर साफ-सफाई कर रहे थे इसी दौरान हाई टेंशन की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गए। आसपास के लोगों के सहयोग से उन्हें अस्पताल ले जाया गया मगर रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। वे एक अपने पीछे पत्नी और दो पुत्र छोड़ गए हैं। दोनों पुत्र बाहर रहते हैं पत्नी शिक्षिका है। बड़े पुत्र की शादी होने वाली थी। रोड नंबर 7 में ही उनकी इलेक्ट्रिकल शॉप है।

### पुलिस ने तीन बदमाशों को किया गिरफ्तार

**पलामू।** जिले के छतरपुर थाना क्षेत्र के आपराधिक घटना को अंजाम देने की योजना बनाते तीन बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसकी जानकारी छतरपुर डीएसपी अवध कुमार यादव ने दी। उन्होंने बताया कि सोमवार की रात 10.30 बजे उन्हें गुप्त सूचना मिली कि तीन बाइक सवार जपला की ओर से छतरपुर की तरफ आकर किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में है।
सूचना पर छतरपुर पुलिस को भेजकर चेकिंग शुरू करवाया गया। एक ब्लू रंग की मोटरसाइकिल पर तीन व्यक्ति सवार होकर जपला की ओर से छतरपुर की तरफ आते दिखे। उटवाडोड़ा के पास पुलिस चेकिंग देखकर मोटरसाइकिल सवार तीनों व्यक्ति करीब 25 से 30 मीटर पहले बाइक घुमाकर भागने लगे।

### डोर टू डोर चला जन संपर्क अभियान

**लातेहार।** लातेहार विधानसभा के सदर प्रखंड के मोंगर और डेमू पंचायत समेत अन्य गावों में मंगलवार को भाजपा के प्रत्याशी प्रकाश राम ने कार्यकताओं के साथ डोर टू डोर जन संपर्क अभियान चलाया । इस अभियान के दौरान उन्होंने स्थानीय निवासियों के बीच जाकर उनकी समस्याएं सुनीं और विकास की योजनाओं को साझा किया।इस अवसर पर प्रकाश राम ने कहा,हमारे क्षेत्र में विकास की गति धीमी है, जबकि यहां खनिज संपदा की कोई कमी नहीं है। लोग आज भी बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहे हैं। हम सभी जानते हैं कि 77 साल बाद भी हमारे क्षेत्र में बिजली, पानी और सड़क जैसी आवश्यक सुविधाओं का अभाव है।

# झारखंड के विकास में तीन स्पीड ब्रेकर झामुमो-कांग्रेस-आरजेडी : राजनाथ

- हटिया और लोहरदगा में जनसभा को किया संबोधित



**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**
**लोहरदगा।** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हटिया और लोहरदगा में जनसभा को संबोधित किया। रक्षा मंत्री ने झामुमो के प्रस्तावक मंडल मुर्मू के भाजपा में शामिल होने पर कहा कि अब झामुमो की नैया डूब रही है। झारखंड की जनता ने एनडीए सरकार बनाने का मन बना लिया है। झामुमो-कांग्रेस-आरजेडी दिवाली के दबे हुए पटाखे है। इनकी हालत फुस्स पटाखे जैसी हो गई है। भाजपा एक शक्तिशाली रॉकेट है, जो झारखंड को नई उंचाईयों पर ले जाने का काम करेगी।
श्री सिंह ने झारखंड को अलग राज्य बनाने का काम भाजपा ने ही किया था, लेकिन झामुमो-कांग्रेस-आरजेडी सरकार के राज में झारखंड लगातार डूबता चला गया। राज्य में 13 मुख्यमंत्री रहे, जिनमें से कई जेल भी गए। लेकिन आज तक भाजपा का कोई भी मुख्यमंत्री जेल नहीं गया है। झामुमो-कांग्रेस-आरजेडी सरकार सिर्फ अपना घर भरने के लिए सत्ता में आती है, लेकिन भाजपा विकास करने के लिए सत्ता में आती है।
रक्षा मंत्री ने कहा भाजपा के तीन मुख्यमंत्री रहे जिनमें बाबूलाल मरांडी, रघुवर दास और अर्जुन मुंडा पर एक भी भ्रष्टाचार का आरोप नहीं लगा है। हालांकि झामुमो-कांग्रेस-आरजेडी की सरकारों पर लगातार भ्रष्टाचार के आरोप लगते आ रहे है। उन्होने कहा कि जेएमएम का अर्थ है जमकर मलाई मारो। झामुमो आदिवासी विरोधी पार्टी है। श्री सिंह कहा कि इन्होंने आदिवासियों का खून चूसा है। ये आदिवासियों के हितैषी नहीं हैं। झारखंड से हमारा आत्मीय रिश्ता है। झामुमो ने अपना घर भरने के लिए आदिवासी भाइयो को धोखा दिया है। इनके मंत्रियों और सांसद के पास करोड़ों रुपए पकड़े जाते है। हालांकि आदिवासियों को सबसे ज्यादा सम्मान भाजपा सरकार ने दिया है। कहा कि आज देश का नाम मोदी के कारण पूरी दुनिया में गूंज रहा है। कहा कि धनतेरस के दिन हमने विदेश में रखा भारत का 102 टन सोना वापस लाया। कहा कि अभी भारत विश्व रैंकिंग में पांचवें स्थान पर है, लेकिन जल्दी ही ये तीसरे स्थान पर होगा। कहा अमेरिका औ? चीन के बाद हम तीसरे पर स्थान होंगे।
श्री सिंह ने कहा कि झामुमो सरकार के राज में लगातार घुसपैठिए बढ़ रहे है। रक्षा मंत्री ने हेमंत सोरेन से सवाल करते हुए कहा कि बताएं आखिर आदिवासियों की आबादी 28 प्रतिशत कैसे रह गई। घुसपैठियों ने आदिवासी की जमीन पर कब्जा कर लिया है। उन्होने प्रदेश की जनता से अपील करते हुए कहा कि झारखंड में भाजपा की सरकार बना दीजिए, कोई आपकी जमीन पर कब्जा नहीं कर पाएगा। इस बार भाजपा जनता राज और सुशासन के साथ नया अध्याय लिखने जा रही है। झामुमो-कांग्रेस-आरजेडी ने झारखंड को ठगने का काम किया है। झारखंड के विकास में तीन स्पीड ब्रेकर झामुमो-कांग्रेस-आरजेडी है। इस बार इस स्पीड ब्रेकर को तोडना है। रक्षा मंत्री ने कहा लगातार दो बार प्रदेश में भाजपा की सरकार बना दीजिए, जिसके बाद झारखंड विकसित राज्यों को टक्कर देने लगेगा। उन्होने वन नेशन-वन इलेक्शन का जिक्र करते हुए कहा कि बार-बार चुनाव होने से जनता का पैसा खर्च होता है। इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसके लिए एक बिल लेकर आ रहे है, जिसको संसद में पास किया जाएगा।
62 हजार आदिवासी गांवों के विकास के लिए भाजपा एक योजना लेकर आई है। आदिवासी गरीब परिवारों के लिए जनमन योजना शुरू की गई है। आजाद भारत में वंदे भारत ट्रेन चलाने का काम भाजपा सरकार ने किया है। उन्होने कहा झारखंड की जनता सत्ता परिवर्तन करेगी, उसके बाद भाजपा सरकार व्यवस्था परिवर्तन कर देगी। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को इस बार पूरे देश में गौरव दिवस के रुप में मनाया जाएगा। 400 से ज्यादा एकलव्य आवासी विद्यालय बनाएं जाएगे। आजाद भारत के इतिहास में पहली बार भाजपा ने एक आदिवासी को राष्ट्रपति बनाया है। जनता ने तय कर लिया है प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने जा रही है।

## चक्रधरपुर में नहाय-खाय के साथ महापर्व छठ शुरू




**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**
**चाईबासा।** छठ महापर्व की शुरूआत 5 नवंबर को हुई। चार दिवसीय अनुष्ठान की शुरूआत नहाय-खाय के साथ हुई। इस अवसर पर व्रतियों ने सुबह स्नान कर भगवान सूर्य की उपासना की। कद्दू और चावल का भोग लगाया और प्रसाद ग्रहण किया।
सगे संबंधियों के बीच कद्दू और चावल के भोग का वितरण किया गया। छठ पर्व को लेकर नगर परिषद शहर के सभी छठ घाटों की साफ सफाई कर रहा है। इसके साथ ही छठ घाटों प्रकाश सज्जा की व्यवस्था की जा रही है। इस अवसर पर चक्रधरपुर के युवा संघ ने छठ व्रतियों के बीच कद्दू का वितरण किया। सुबह के समय शहर के मुख्य चौराहे पवन चौक में स्टॉल लगाकर छठ व्रतियों के बीच कद्दू बांटा। संघ के सदस्य सोनू विश्वास ने बताया कि लगभग 300 पीस कद्दू का वितरण किया गया। उन्होंने चक्रधरपुर प्रशासन से अपील की है कि छठ को ध्यान में रखते हुए फल या पूजन सामग्री उचित मूल्य पर श्रद्धालुओं को सहजता से उपलब्ध कराने की व्यतवस्था् करें।सोनू ने प्रशासन से वैसे व्यवसायियों पर अंकुश लगाने की मांग की है जो फल, फूल, सब्जी और पूजन सामग्री अधिक दाम में बेचेंगे। मौके पर विजय साव, सोनू विश्वास, डबला यादव, विजय जयसवाल, उदय साव, अमर सोनकर, श्रवण ठाकुर, धीरेन, आकाश के साथ कई युवा मौजदू थे।

## भाटिया बस्ती युवा शक्ति दल ने छठ व्रतियों के बीच किया छठ सामग्रियों का वितरण



**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**
**आदित्यपुर।** नगर निगम के वार्ड 11 भाटिया बस्ती में भाटिया बस्ती युवा शक्ति दल ने आज नहाए खाए के सुभ अवसर पर छठ व्रतियों के बीच लौकी,चना दाल, नारियल, गागर नींबू आदि सामग्री वितरण किया गया।
साथ ही युवाओं के द्वारा छठ घाट पर सारी सुविधा दिया जाएगा। युवाओं को मनोबल बढ़ाने के लिए विश्व हिंदू परिषद धर्म प्रसार के प्रदेश अध्यक्ष डॉ जन दास एवं महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष रितिका मुखी उपस्थित रहे। समाज सेवी नीतीश सिंह,धीरज कुमार, अजीत सिंह, प्रशांत राय,राहुल राय,सनी सिंह जी, पंकज कुमार, पंकज प्रसाद आदि लोग उपस्थित रहें।

# यूपी से बिहार ले जा रहे शराब, तीन लोग गिरफ्तार

- 1000 पाउच अवैध अंग्रेजी शराब जब्त



**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**
**बंशीधर नगर (गढ़वा)।** स्कॉर्पियो को मोडिफाइड कर शराब यूपी से बिहार ले जा रहे थे। पुलिस ने 1000 पाउच अवैध अंग्रेजी शराब के साथ तीन युवक को पकड़ा।
पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई की। पुलिस अधीक्षक को सूचना मिली थी कि एक स्कार्पियो वाहन से अवैध विदेशी शराब लेकर विंढमगंज से गढ़वा की तरफ आ रही है। उनके निर्देश पर त्वरित करवाई करते हुए बंशीधर नगर के एसडीपीओ सतेंद्र नारायण सिंह के नेतृत्व में गश्ती दल ने विलासपुर चेक पोस्ट पर जांच करना शुरू किया। जांच के दौरान विंढमगंज की तरफ से एक स्कार्पियो वाहन तेजी से आया।
पुलिस को चेकिंग करते देख स्कार्पियो और उसमें बैठे दो अन्य व्यक्ति भागने का प्रयास करने लगे। हालांकि पुलिस के सशस्त्र बल द्वारा उन्हें पकड़ लिया गया। पकड़े गए लोगों से पूछताछ करने पर पता चला कि उनका एक संगठित गिरोह है, जो गाड़ियों को मोडिफाई करके कंटेनर बना कर उसमें विदेशी शराब रखकर उत्तर प्रदेश के रास्ते बिहार ले जाकर मनमाने दामो पर बेचता है। पकड़े गये स्कार्पियो की जांच करने पर गाड़ी के बीच सीट के नीचे काट कर मोडिफाई कर नट बोल्ट से कसा हुआ है। नट बोल्ट खुलवाने पर कंटेनर खुल गया। इसमें अवैध विदेशी शराब (आफ्टर डार्क ब्लू, रेयर ग्रेन विस्की 180 एमएल का 450 पीस, ऑफिसर चॉइस 180 एमएल का 610 पीस पाउच) पाया गया)।
पुलिस ने उक्त विदेशी अवैध शराब को स्कार्पियो (नम्बर बीआर 02 पीए 5372) सहित जब्त कर लिया है। इस संबंध में नगर उंटारी पुलिस ने कांड (संख्या 225/24) दर्ज कर धारा 224/ 275/ 292// 111/ 3(5) बीएनएस एवं उत्पाद अधिनियम 47(ए) के तहत करवाई शुरू कर दी है।
इस दौरान चालक सहित दो अन्य व्यक्ति थाना सोनपुर (छपरा, बिहार) के निवासी पवन कुमार (24वर्ष), रजनीश कुमार ठाकुर (25वर्ष) और कुणाल कुमार(19) को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।
छापेमारी दल में एसडीपीओ सतेंद्र नारायण सिंह, थाना प्रभारी नगर उंटारी आदित्य कुमार नायक, पुलिस अवर निरीक्षक संदीप कुमार रवि, पुलिस अवर निरीक्षक अनुज कुमार सिंह, आरक्षी नितेश कुमार श्रीवास्तव और निकेतन कुमार शामिल थे।

# ससुराल वालों से तंग आकर दामाद ने की आत्महत्या



**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**
**सरायकेला।** आम तौर पर ससुराल वालों की प्रताड़ना से तंग आकर बहुओं के आत्महत्या करने का मामला प्रकाश में आता है। मगर मंगलवार को ससुराल वालों की प्रताड़ना के तंग आकर दामाद द्वारा आत्महत्या करने का मामला प्रकाश में आया है।
घटना मंगलवार दोपहर करीब 3: 30 बजे की है। जहां करण हेंब्रम नमक बीस वर्षीय युवक ने सरायकेला के माजना घाट पुलिया से कूदकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। घटना के बाद राहगीरों और नदी में नहा रहे लोगों द्वारा युवक को पानी से बाहर निकाला गया और पुलिस को सूचना दी गई। घटना के बाद युवक को सदर अस्पताल सरायकेला के एंबुलेंस के माध्यम से अस्पताल लाया गया जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद एमजीएम रेफर कर दिया। करण हेंब्रम ने मीडिया को दिए बयान में कहा है कि उसके सास-ससुर द्वारा हमेशा उसके साथ मार- पीट किया जाता है और पैसे की मांग की जाती थी। दो माह पहले उसके ससुराल वाले उसकी पत्नी को जबरन अपने साथ लेकर चले गए। उसके बाद से वह अकेला रह रहा था। दो माह पहले भी करण हेंब्रम ने संजय नदी से कूदकर अत्महत्या करने का प्रयास किया था। उस समय राहगीरों ने उसे पुल के नीचे कूदने से बचा लिया था। करण हेंब्रम खरसावां के हेस्सा ग्राम के नावाडीह टोला का रहने वाला है। वह सरायकेला के संजय ग्राम में किराए के मकान में रहकर चना-मुढ़ी और पकौड़ी बेचकर अपना और अपने परिवार का भरण-पोषण करता है।

## झामुमो प्रत्याशी ने किया चुनावी कार्यालय का उद्घाटन

**लातेहार।** शहर के शहीद चौक में महागठबंधन प्रत्याशी बैद्यनाथ राम का चुनावी कार्यालय का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर महागठबंधन प्रत्याशी झामुमो के बैद्यनाथ राम ने कहा कि यह चुनाव झारखंड की समृद्धि व विकास के लिए समर्पित है। हेमंत सरकार ने विगत 5 वर्षों में कई ऐसी योजनाओं को धरातल पर उतारा है। जिसका लाभ सीधा अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है।

## पलामू होम वोटिंग के तहत दो दिनों में घर बैठे 486 मतदाताओं ने डाले वोट



**पलामू।** पलामू जिले के पांचों विधानसभा सीट के लिए तीन नवंबर से ही वोट फ्रॉम होम की सुविधा शुरू कर दी गयी है। इसके तहत 85 वर्ष से अधिक उम्र वाले और दिव्यांग मतदाता घर से ही मतदान कर रहे हैं। जिले के पांच विधानसभा क्षेत्र के कुल 1230 मतदाताओं से उनके घर पर ही मतदान करवाया जाना है। इसी क्रम में 3 व 4 नवंबर को जिले के पांचों विधानसभा में कुल 486 मतदाताओं से उनके घर पर ही मतदान कराया गया। पोलिंग टीम पूरे दल बल के साथ उनके घर पर पहुंची और मतदान करवाया। 3 नवंबर को 238 व 4 को 248 मतदाताओं ने अपने घर बैठे मताधिकार का प्रयोग किया। बीते रविवार और सोमवार को पांकी विधानसभा में 68, डालटनगंज में 90, विश्रामपुर में 100, छत्तरपुर में 32 और हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र में 26 बुजुर्ग मतदाताओं ने वोट डाले। इसी तरह पांकी विधानसभा में 13, डालटनगंज में 66, विश्रामपुर में 31, छत्तरपुर में 16 और हुसैनाबाद में 44 दिव्यांग मतदाताओं ने घर बैठे अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया, जो वोटर चलने-फिरने में असमर्थ हैं और वो वोट डालने के लिये पोलिंग बूथ तक नहीं जा सकते, उनके लिये घर पर ही वोट करने की सुविधा प्रदान की गई है। यह अभियान 3 से 11 नवंबर तक चलाया जायेगा। मंगलवार को इस संबंध में जानकारी दी गयी।

## कांग्रेस प्रत्याशी ने किया दर्जनों गांवों का दौरा



**हजारीबाग।** कांग्रेस नेता सह हजारीबाग से इंडी महागठबंधन प्रत्याशी मुन्ना सिंह ने मंगलवार को जनसंपर्क अभियान चलाकर अपने पक्ष में मतदान करने की अपील ग्रामीणों से की। इस अभियान में प्रत्याशी मुन्ना सिंह के सैकड़ों समर्थकों ने बांझिया, शाहपुर, एदला, बसंतपुर, कटकमसांडी चौक, लखनू, मंदिर चौक हरिजन टोला, नवादा चौक, पाराटांड़ मोड़, बरगड्डा, बहिमर चौक, सारुगारु स्कूल, डांड चौक, सुलमी चौक, लुपुंग मंदिर चौक, असधीर चौक, जलमा चौक, कंचनपुर, हेदलॉग, छड़वा डैम, खुटरा चौक, रोमी चौक, पबरा चौक एवं मायापुर मंदिर का दौरा किया। जनसंपर्क अभियान के तहत सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना में 730000 किशोरियों को लाभान्वित होने की जानकारी दी गई। इसके इलावा 38.41 लाख उपभोक्ताओं का बकाया बिजली बिल माफी और मैया सम्मान योजना का सकारात्मक असर जनता की बीच देखा जा रहा है। कांग्रेस पार्टी के कटकमसांडी प्रखंड अध्यक्ष नरसिंह प्रजापति, बीस सूत्री अध्यक्ष सरयू यादव, जिला महासचिव रंजीत यादव, जिला महासचिव बाबर, वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजू सिंह, जिला महासचिव मनोज मोदी, प्रखंड सचिव रियाजउद्दीन अंसारी, जिला महासचिव रब्बानी एवं अन्य वरिष्ठ नेता गण मौजूद थे।

# डाकमत पत्र से मतदान के लिए चिन्हित किए गए तीन स्थल



**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**
**देवघर।** विधानसभा आम चुनाव 2024 के तहत डाकमत पत्र से होने वाले मतदान को लेकर जिलास्तर पर सभी व्यवस्था सुनिश्चित की गयी है।
साथ ही डाकमत पत्र से मतदान के लिए तीन स्थलों को चिन्हित किया गया है। ये सर्राफ उच्च विद्यालय, समाहरणालय एवं पुलिस लाईन है। यहां मतदान कार्यों में प्रतिनियुक्त अधिकारी व कर्मी के साथ दूसरे जिलों के इलेक्शिन ऑन डयूटी के मतदाता 18 नवंबर तक मतदान डाकमत पत्र के माध्यम से कर सकते हैं। उक्तत जानकारी जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विशाल सागर ने दी। इसके अलावे जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विशाल सागर ने डाकमत पत्र से हो रहे मतदान को लेकर सभी राजनीतिक दलों से अपील करते हुए कहा है कि मतदान के समय राजनीतिक दल अपने प्रतिनिधि या अपने एजेंट की उपस्थिति सुनिश्चित करें। साथ ही, पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान का समय प्रतिदिन पूर्वाह्न 9 बजे से अपराह्न 5 बजे तक सुनिश्चित किया गया है। वहीं पोस्टल बैलेट से मतदान करने के लिए सभी मतदाताओं को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित पहचान-पत्रों में से कोई एक पहचान पत्र लाना अनिवार्य होगा, ताकि मतदाता अपने मतों का उपयोग कर सके।

## नगर आयुक्त ने किया शहरी क्षेत्र के छठ घाटों का निरीक्षण

**हजारीबाग।** छठ महापर्व को लेकर नगर आयुक्त सह प्रशासक के नेतृत्व में नगर निगम के टीम के द्वारा विभिन्न छठ घाटो का निरिक्षण निरंतर रूप से किया जा रहा है। इस क्रम में हजारीबाग झील, छठ तालाब इन्द्रपुरी, बुढवा महादेव तालाब, मीठा तालाब, गांधी स्मारक के समीप, हुरहुरु तालाब, माशिपिरी व अन्य छठ घाटो के साफ सफाई एवं अन्य सुविधाओ का निरिक्षण किया गया एवं सम्बंधित पदाधिकारियों को बेहतर कार्य हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। नगर निगम के द्वारा दशहरा पूजा के बाद से ही छठ व्रतियों के सुविधा हेतु नगर निगम टीम के द्वारा छठ घाटो की निरंतर सफाई का कार्य किया जा रहा है। नगर आयुक्त के अतिरिक्त रमेश सिंह,कार्यपालक अभियंता ,राजीव रंजन, नगर प्रबंधक एवं निरंजन सिंह, प्रधान सहायक मौके पर उपस्थित थे।

# पलामू में 2060 मतदानकर्मियों को मिला प्रशिक्षण



**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**
**पलामू।** आगामी विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर मंगलवार को डालटनगंज के गणेश लाल अग्रवाल कॉलेज में छत्तरपुर व विश्रामपुर विधानसभा के लिये कुल 2060 मतदानकर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया।
इसमें पीठासीन पदाधिकारी समेत पी 1, पी 2, पी 3 और पी 4 के मतदानकर्मी शामिल थे। सभी कर्मियों को 110 मास्टर ट्रेनरों द्वारा मतदान कराने का प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण पाटीर्वार दिया गया, ताकि 13 नवंबर के दिन किसी प्रकार का कोई समस्या न रहे। छत्तरपुर व विश्रामपुर में मतदान कराने जाने वाले कर्मियों को पहले एक-दूसरे से परिचय प्राप्त करवाया गया, जिसके बाद सभी पार्टी आपस में मोबाइल नंबर का आदान-प्रदान किये जिसके पश्चात सभी को पार्टी वार ग्रुप बनाकर ट्रेनिंग दी गयी। मास्टर ट्रेनरों ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को मॉक पोल से लेकर दस्तावेजों की पैकिंग की विस्तृत जानकारी दी गयी। मतदान कार्य से जुड़े सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों को ईवीएम, वीवीपैट के कनेक्शन, संचालन एवं समस्त मतदान प्रक्रिया का गहन प्रशिक्षण दिया गया।
प्रशिक्षण के दौरान मॉक पोल, टेंडर वोट, प्रॉक्सी वोट, चैलेंज वोट मतदान प्रक्रिया आरंभ करने, कंट्रोल यूनिट व वीवीपैट सील करने तथा मतदान प्रक्रिया बंद होने पर दस्तावेजों की पैकिंग सहित सभी पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी गयी। प्रशिक्षणार्थियों को छोटे समूह बनाकर कंट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट और वीवीपैट की जानकारी दी गयी। सभी को टीम भावना के साथ काम करने की बात कही गयी ताकि किसी को कोई दिक्कत ना हो। पोल डे मैनेजमेंट सिस्टम के विषय पर भी विस्तृत जानकारी दी गयी। ईवीएम से मतदान कराने की विधिवत प्रक्रिया, मशीन की सीलिंग करने, वोटिंग करने एवं वोटिंग के पश्चात मशीन के सीलिंग के संबंध में सभी को जानकारी दी गयी। इसके अलावे मतदान के दिन इवीएम, विविपैट के खराब होने पर किये जाने वाले आवश्यक कार्रवाई, विभिन्न प्रपत्रों को भरने आदि को बताया गया। इसके पूर्व सोमवार को पांकी व डालटनगंज के पोलिंग पार्टियों को प्रशिक्षण दिया गया है।

## जंगली भालुओं के हमले से युवक घायल

**लोहरदगा।** जिले के अति सुदूरवर्ती एवं उग्रवाद प्रभावित पेशरार थाना क्षेत्र के पहाड़ी इलाकों में इन दिनों जंगली भालुओं का खौफ बना हुआ है। यहां जंगली भालु लगातार ग्रामीणों पर हमला कर रहे हैं। एक बार फिर जंगली भालुओं के हमले से एक युवक घायल हो गया है। घायल युवक का इलाज सदर अस्पताल लोहरदगा में चल रहा है, जहां उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। घायल युवक की पहचान चारी गांव निवासी राजेंद्र असुर के रूप में हुई है। शौच करने गये थे राजेंद्र, तभी भालुओं ने किया हमला जानकारी के अनुसार, राजेंद्र असुर शौच करने के लिए घर के बाहर झाड़ियों के पास गये थे।

संक्षिप्त

## हरला पुलिस ने विक्षिप्त का शव किया बरामद

**बोकारो।** मंगलवार को हरला थाना क्षेत्र के वास्तेजी और रानीपोखर के बीच एक 40 वर्षीय विक्षिप्त व्यक्ति का शव पुलिस ने बरामद किया है। हालांकि उसकी पहचान नहीं हो सकी है। शरीर पर कहीं भी चोट के निशान नहीं है। थाना प्रभारी ने बताया कि ग्रामीणों से सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लिया गया। आसपास के ग्रामीणों से पूछताछ पर पता चला कि उक्त व्यक्ति उसी इलाके के कई गांवों में घूमता था और विक्षिप्त होने के कारण लोगों से मांगकर खाना खाता था। हालांकि उसका नाम-पता लोग नहीं बता पा रहे हैं। वह खुले में ही कहीं भी सो जाता था। ऐसा लगता है कि बीती रात खुले में सोया था, जिस कारण ठंड से उसकी मौत हुई है। फिलहाल शव को सुरक्षित मोर्चरी में रखवा दिया गया है और उसकी शिनाख्त करने का प्रयास किया जा रहा है। उसके परिजनों का पता लगाया जा रहा है। 72 घंटे के बाद शव का अंतिम संस्कार कर दिया जाएगा।

## महिला समिति ने जगन्नाथ मंदिर परिसर में सजावटी जलाशय का किया उद्घाटन

**बोकारो।** शहर सौंदर्यीकरण हेतु श्रीमती अनिता तिवारी, अध्यक्षा महिला समिति, बोकारो ने मंगलवार को श्री जगन्नाथ मंदिर परिसर में सजावटी जलाशय का उद्घाटन किया। मुख्य मंदिर के दोनों तरफ एक-एक फव्वारा मंदिर की शोभा बढ़ा रहा हैं तथा दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र बने हैं। आज छठ पूजा के नहाए-खाए से समिति की कार्यकारिणी दल की उपस्थिति में अध्यक्षा द्वारा इसका शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष मोनिका रंगानी, निशा श्रीवास्तव, प्रीति शरण सचिव ऋचा प्रियदर्शिनी, सांस्कृतिक सचिव श्वेता कुमार, अनीशा झा, प्रीति राजेश, जया, आशा, समिता ने दीप जलाया तथा पूजा अर्चना की।

### प्रधानमंत्री मोदी 10 को बोकारो के चंदनकियारी में चुनावी सभा को करेंगे संबोधित

# झारखंड की अस्मिता बचाने की लड़ाई है यह चुनाव : बाउरी

प्रात:नागपुरी प्रतिनिधि

**बोकारो।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुद झारखंड में चुनावी जंग का मोर्चा संभाल लिया है। गढ़वा के बाद आगामी 10 नवम्बर को मोदी बोकारो जिले के चंदनकियारी में आ रहे हैं।

चंदनकियारी के चंडीपुर मैदान में पूर्वाह्न 11 बजे से पीएम मोदी भाजपा उम्मीदवार अमर बाउरी के अलावा अन्य भाजपा उम्मीदवारों के समर्थन में एक चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। इसे लेकर जोर-शोर से तैयारियां चल रही हैं। पंडाल-निर्माण शुरू हो चुका है। मंगलवार को चंदनकियारी स्थित अपने कार्यालय में संवाददाताओं से एक बातचीत में अमर बाउरी ने यह जानकारी दी। झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं चंदनकियारी के विधायक श्री बाउरी ने कहा कि पीएम मोदी के कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाया जाएगा। पहली बार पीएम का इस क्षेत्र में आगमन होने जा रहा है, जिसे लेकर पार्टी का हर कार्यकर्ता काफी उत्साहित है। आगे प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यह विधानसभा चुनाव झारखंड की अस्मिता बचाने और माटी-रोटी-बेटी की रक्षा की लड़ाई है। झारखंड के खाते में हर दिन पांच हत्या और पांच दुष्कर्म की घटनाएं हो रही हैं। आदिवासी हितों की बात कर सत्ता में आने वाली हेमंत सोरेन की सरकार आदिवासी विरोधी बनी है। मुख्यमंत्री को न आदिवासियों के अस्तित्व की चिन्ता है और न ही महिला-सम्मान की। जो व्यक्ति अपने घर की अस्मिता का ख्याल नहीं कर रहे, वे झारखंड की अस्मिता का क्या ख्याल रखेंगे। तुष्टिकरण और वोट बैंक के लोभ में ये इतने अंधे हो गए हैं कि उन्हें झारखंड की अस्मिता खतरे में नहीं दिख रही। तभी तो उनकी सरकार के मंत्री डॉ. इरफान अंसारी उनकी भाभी और भतीजी के बारे में अमर्यादित बयान दे रहे हैं और मुख्यमंत्री चुप्पी साधे बैठे हैं। बांग्लादेशी घुसपैठियों से मुख्यमंत्री को इतना अधिक प्रेम है कि उनमें अपने ही परिवार की महिला और बेटियों के बारे मे ऐसी अमर्यादित टिप्पणी करने वाले मंत्री को पद से हटाने की हिम्मत नहीं है।



### बांग्लादेशी घुसपैठिये इरफान की ताकत

बांग्लादेश घुसपैठ के मसले पर एक सवाल के जवाब में श्री बाउरी ने कहा कि यह झारखंड के साथ-साथ देश की संप्रभुता के लिए भी गंभीर खतरा है। मुख्यमंत्री कह रहे हैं कि एनआरसी और यूसीसी लागू नहीं होने देंगे। जबकि, हिन्दुओं को अपने पर्व त्यौहारों में संघर्ष करना पड़ रहा है। अपने ही देश में हमें अपनी धर्म-संस्कृति को बचाने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा- बांग्लादेशी घुसपैठियों के सबसे बड़े समर्थक हेमंत सोरेन हैं और पक्षधर इरफान अंसारी हैं। खुल करके उनका पक्ष लेना इन्होंने शुरू किया है। फिलहाल जब तक कानून बांग्लादेशी घुसपैठिया साबित नहीं कर देता, तब तक इरफान अंसारी भारत के ही नागरिक हैं।

### भाजपा ने झारखंड बनाया, वही संवारेगी

**झारखंड को हमने (भाजपा) ने बनाया, संवारेंगे भी हम ही। झारखंड निर्माण के 25 साल पूरे हो रहे हैं। इसे देखते हुए हमने 25 संकल्प लिए हैं। भाजपा के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बनेगी। पूर्ण बहुमत की सरकार बनाएंगे। युवाओं का भविष्य संवारेंगे। 15 नवम्बर 2025 तक डेढ़ लाख सरकारी नौकरियां भरेंगे। बांग्लादेशी घुसपैठ पर पूर्णतः रोक लगेगी और उन्हें चिन्हित कर बाहर भगाएंगे। सीजीएल की परीक्षा में हुई गड़बड़ी की सीबीआई जांच करवाकर दोषी लोगों को जेल भेजेंगे।**

# डॉ. लंबोदर ने पदयात्रा कर किया जनसंपर्क, मांगे वोट



प्रात:नागपुरी प्रतिनिधि

**गोमिया (बोकारो)।** गोमिया विधायक सह राजग समर्थित आजसू पार्टी के उम्मीदवार डॉ लंबोदर महतो ने मंगलवार को क्षेत्र के धवैया, कंडेर, महुआटांड़, बड़की पुन्नू व छोटकी पुन्नू, गंगापुर और आसपास के गांवों में में पदयात्रा कर जनसंपर्क किया। इस क्रम में उन्होंने एक-एक घर व लोगों से मिलकर गोमिया की उन्नति व प्रगति के लिए पुनः आशीर्वाद मांगा।

कहा कि हमने गोमिया के लोगों के हितों का बराबर ध्यान रखा है और आगे भी रखेंगे। गोमिया के लोग तरक्की करें क्षेत्र उन्नति के मामले में आगे रहे, इसी इसी सोच के साथ काम करता हूं। गोमिया की जनता जल, जंगल, जमीन व माटी बेटी व रोटी की रक्षा करने वाली आजसू पार्टी व एनडीए के साथ खड़ी है। लोगों का रुझान पूरी तरह से एनडीए के पक्ष में बना हुआ है। हमें यह यकीन है कि मेरे किए हुए कार्यों, सामाजिक सरोकार को लोग भूलेंगे नहीं और अपना आशीर्वाद हमें पुनः देंगे। इस दौरे में उनके साथ मुख्य रूप से अरविंद करमाली, आजसू पार्टी प्रखंड अध्यक्ष महेश महतो, आजसू पार्टी केंद्रीय सदस्य विक्रम साव, ईश्वर महतो, अजय महतो, हेमंत गुप्ता, शेखर महतो आदि शामिल रहे।

# बोकारो बौद्धिक नगरी, भाजपा को जिताएगी : ढुल्लू

### हताशा में विपक्ष पर भ्रम फैलाने का लगाया आरोप

प्रात:नागपुरी प्रतिनिधि

**बोकारो।** धनबाद लोकसभा क्षेत्र के सांसद ढुलू महतो ने कहा कि बोकारो विधानसभा क्षेत्र से एनडीए समर्थित भाजपा प्रत्याशी बिरंची नारायण की ऐतिहासिक जीत तय है। बोकारो सहित पूरे राज्य की जनता प्रदेश में भाजपा सरकार बनाने की मन बना चुकी है। जनता के मनोभाव से घबराई विपक्षी दल भ्रम फैला रहे हैं। बोकारो बौद्धिक नगरी है। यहां के मतदाता जागरूक हैं और उन्होंने बोकारो के विकास के लिए और राज्य में भाजपा सरकार बनाने के लिए भाजपा के पक्ष में मतदान करने का मन बना लिया है।

सांसद श्री महतो मंगलवार को यहां विधायक आवास में एक प्रेसवार्ता को संबोधित कर रहे थे। श्री महतो ने कहा- हम दोहरे चरित्र के नहीं है। जो हम कहते हैं, वही करते हैं। बोकारो विधानसभा से बिरंची नारायण मेरे मिले वोट से ज्यादा वोट प्राप्त कर बोकारो से ऐतिहासिक जीत दर्ज करेंगे। कुछ लोग भ्रम फैलाने का काम कर रहे वे अपनी मंशा में सफल नहीं होंगे। बोकारो में भाजपा के कार्यकर्ता एकजुट हैं। भाजपा ने अपने घोषणा पत्र के माध्यम से अपनी सरकार की प्राथमिकता तय कर लिया है। मौके पर विधायक सह भाजपा प्रत्याशी बिरंची नारायण, कमलेश राय, शशिभूषण ओझा मुकुल, मिहिर सिंह चौधरी, मुकेश राय, मंटू राय, धीरज झा, संजय त्यागी, बैधनाथ प्रसाद, इन्द्र कुमार झा, धनंजय चौबे, अमर स्वर्णकार, अनिल सिंह, ललन कुमार, त्रिलोकी सिंह आदि मौजूद रहे।



### बोकारो में पहले दिन मतपत्र से 747 वोटरों ने किया मतदान



**बोकारो।** विधानसभा आम निर्वाचन के तहत जिला अंतर्गत सभी विधानसभा क्षेत्रों में आगामी 20 नवंबर को मतदान होना है। जिले के मतदान कार्य मे लगे मतदानकर्मियों एवं पुलिस के जवानों, झारखंड शस्त्र पुलिस बल, सीआईएसएफ आदि सुरक्षा बलों ने मंगलवार को पोस्टल बैलेट के माध्यम से अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। इसके लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-डीसी विजया जाधव के निर्देश पर 3 सुविधा केन्द्र पुलिस लाइन, मध्य विद्यालय बीएमपी व संयुक्त श्रम भवन बोकारो में स्थापित किया गया है। यहां मतदान कार्य मे लगे मतदानकर्मियों, पदाधिकारियों, सेक्टर पदाधिकारियों एवं पुलिस के जवानों ने सुबह 9.30 बजे से संध्या 5 बजे तक अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। सभी स्थापित सुविधा केंद्रों में मतदाताओं के लिए मूलभूत सुविधाओं शेड, पानी, पंखा, रोशनी आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की गई थी। 3 केंद्रों पर कुल 747 मतदाताओं ने पोस्टल बैलेट के माध्यम से अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर लोकतंत्र के इस महापर्व में शामिल हुए।

# अधिकारियों ने गुब्बारा उड़ाकर की मतदान करने की अपील

प्रात:नागपुरी प्रतिनिधि

**बोकारो।** आगामी 20 नवंबर 2024 को बोकारो जिला अंतर्गत सभी विधानसभा क्षेत्रों (34 गोमिया, 35 बेरमो, 36 बोकारो एवं 37 चंदनकियारी) में मतदान होना है।

जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर सिस्टेमेटिक वोटर्स एजुकेशन एंड इलेक्टोरल पार्टिसिपेशन (स्वीप) कोषांग द्वारा लगातार विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को समाहरणालय परिसर से जिला निर्वाचन पदाधिकारी (डीईओ) सह- उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव, अपर समाहर्ता मुमताज अंसारी, स्वीप को नोडल पदाधिकारी डा. सुमन गुप्ता/शक्ति कुमार, मीडिया कोषांग के नोडल पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह आदि ने सामूहिक रूप से हॉट एयर गुब्बारा आसमान में उड़ाया। लगभग 70 मीटर ऊंचाई से यह गुब्बारा आम से खास को मतदान के लिए प्रेरित करेगा। हॉट एयर गुब्बारा में मतदाता जागरूकता के स्लोगन लिखे गए हैं और मतदान की तरीख (20 नवंबर 2024) का उल्लेख किया गया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह-उपायुक्त ने इस हॉट एयर गुब्बारा को उड़ाकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। इस दौरान मौजूद लोगों को मतदान केंद्र पर जाकर मतदान करने और अपने घर परिवार के सदस्यों/आस-पड़ोस के लोगों को मतदान केंद्र पर जाकर मतदान करने के लिए जागरूक करने की बात कहीं। उधर, अनुमंडल कार्यालय चास परिसर में भी निवार्ची पदाधिकारी सह-अनुमंडल पदाधिकारी सुश्री प्रांजल ढ़ांडा, निवार्ची पदाधिकारी सह-डीसीएलआर चास प्रभाष दत्ता व अन्य पदाधिकारियों द्वारा मतदाता जागरूकता से संबंधित हॉट एयर गुब्बारा आसमान में उड़ाया गया।



# मतदाता जागरुकता को ले बच्चों ने निकाली प्रभातफेरी

प्रात:नागपुरी प्रतिनिधि

**बोकारो थर्मल।** बोकारो थर्मल स्थित संत पॉल मॉडर्न स्कूल के छात्र-छात्राओं ने मंगलवार को मतदान को लेकर वोटरों को जागरूक करने को लेकर प्रभातफेरी निकाली। प्रभातफेरी स्कूल परिसर से निकल जीएम कॉलोनी, थाना चौक, हनुमान मंदिर, झारखंड चौक, गुरुद्वारा मार्केट सहित अन्य मोहल्ले से होकर स्कूल पहुंच समाप्त हो गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने स्लोगन के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। मौके पर स्कूल के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकायें मौजूद रहीं।




# डीवीसी की जमीन पर अतिक्रमण मामले की इंस्पेक्टर ने की जांच

प्रात:नागपुरी प्रतिनिधि

**बोकारो थर्मल।** बोकारो थर्मल की सिक्स यूनिट स्थित शंकर उत्क्रमित मध्य विद्यालय मेन गेट के सामने डीवीसी की जमीन पर अतिक्रमण कर निर्माण करने संबंधी मामले की जांच करने मंगलवार को स्थानीय थाना के इंस्पेक्टर शैलैंद्र कुमार सिंह पहुंचे।

इंस्पेक्टर के साथ थाना के अनि अजीत कुमार एवं उप प्रमुख विनोद कुमार साहू, स्कूल की एचएम सीमा कुमारी, शिक्षक संजय कुमार एवं निर्माण करने वाला व्यक्ति सूरज साव भी थे। जांचोपरांत इंस्पेक्टर ने पाया कि उक्त जमीन डीवीसी की है, जिसे किसी दूसरे व्यक्ति ने सूरज को बेच दिया है और सूरज उक्त जमीन पर निर्माण करना चाहता है। इंस्पेक्टर ने कहा कि डीवीसी की जमीन खरीदी और बेची नहीं जा सकती है। उक्त जमीन स्कूल मेन गेट के सामने है, इसलिए उन्होंने सूरज को उक्त जमीन पर किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य करने से मना कर दिया। स्कूल की एचएम ने मामले को लेकर पूर्व में लिखित शिकायत डीवीसी के एचओपी, डीजीएम,बेरमो एसडीएम, बेरमो सीओ सहित थाना के इंस्पेक्टर को की थी। एचएम ने लिखा था कि डीवीसी के सेनेटरी विभाग में कार्य करने वाले शिव शंकर राम द्वारा यहां अवैध रूप से एस्बेस्टस घर बनाया गया तथा बाद में उसे दूसरे को बेच दिया। वह व्यक्ति अब इसे तोड़ कर पक्का मकान बनाने की तैयारी कर रहा है।



### डीवीसी चंद्रपुरा में सतर्कता जागरुकता सप्ताह का समापन

# सत्यनिष्ठा, सतर्कता और जागरूकता में ही जीवन की सार्थकता : एचओपी

प्रात:नागपुरी प्रतिनिधि

**बोकारो।** दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) चंद्रपुरा ताप विद्युत केंद्र के प्रबंधन और सतर्कता विभाग द्वारा मनाया जा रहा सतर्कता जागरूकता सप्ताह मंगलवार को संपन्न हो गया। सीटीपीएस के तेजस भवन के सम्मेलन कक्ष में आयोजित एक समारोह में वरिष्ठ महाप्रबंधक और परियोजना प्रमुख (एचओपी) विजय नंद शर्मा ने कहा कि जीवन को सार्थक बनाने के लिए सत्यनिष्ठा, सतर्कता और जागरूकता को अपनाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सत्यनिष्ठा से किए गए कार्यों को सफल होने से कोई रोक नहीं सकता। शर्मा ने यह भी कहा कि संस्थान की उन्नति के लिए सत्यनिष्ठा, सतर्कता और जागरूकता का पालन करना अनिवार्य है। इस अवसर पर वरिष्ठ महाप्रबंधक राम प्रवेश साह ने कहा कि मनुष्य को नैतिक मूल्यों और जवाबदेही का पालन करना भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि संस्थान और समाज के विकास के लिए हमें इन संवेदनशील मुद्दों पर हमेशा सतर्क रहने की आवश्यकता है। उन्होंने यह भी कहा कि बच्चों को सत्यनिष्ठा और सतर्कता के महत्व से अवगत कराना हम सभी का दायित्व है, क्योंकि बच्चे हमारे देश का भविष्य हैं।

वरिष्ठ महाप्रबंधक अविजीत घोष ने कहा कि सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि का महत्व हमारे जीवन में अमृत के समान है। इस संस्कृति का समावेश होते ही मनुष्य, समाज और देश का विकास बिना किसी विलंब के होगा। समारोह का संचालन वरिष्ठ प्रबंधक अभिषेक घोष ने किया। समारोह में के.एम. प्रियदर्शी, दिलीप कुमार, आर.आर. ओझा, राजकुमार चौधरी आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए। जबकि, मौके पर संजीव कुमार, बसंत कुमार महापात्रा, विनोद कुमार, मुकेश कुमार, सुबोध कुमार पासवान, कार्तिक कुमार महतो, अभिनंदन कुमार, रवि रंजन सिंह, रामजी रजक, राम सुधिष्ट स्नेही, चंदन कुमार, पवन कुमार, रंजीत कुमार चौबे, अक्षय कुमार, गुलाम मोईनुद्दीन, राजू गोराई, तनुश्री गोराई, प्रतिमा कुमारी, रिया गोराई, तान्या कुमारी, करीना कुमारी, नेहा कुमारी आदि को उपहार देकर सम्मानित किया गया। इसके पूर्व, पोपलो ग्राम पंचायत में सतर्कता जागरुकता को लेकर एक ग्राम सभा आयोजित की गई।



# दो दिन पहले घर से निकले युवक का शव तालाब से बरामद

**बोकारो।** जिले के बरमसिया ओपी क्षेत्र अंतर्गत कलियादाग गांव में तालाब में डूबने से एक व्यक्ति की मौत हो गई है। व्यक्ति की पहचान 45 वर्षीय लालू महतो के रूप में हुई।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। जानकारी के अनुसार कलियादाग निवासी लालू महतो पिछले दो दिनों से घर से गायब था। परिजनों ने बताया कि वह शनिवार की दोपहर को घर से निकला था और लौटा नहीं था। परिजनों ने अपने स्तर से खोजबीन की, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। मंगलवार की सुबह तालाब किनारे स्थित मैदान में क्रिकेट खेल रहे एक बच्चे की नजर तालाब में उपलते शव पर पड़ी तो बच्चों ने इसकी सूचना ग्रामीणों को दी। खबर पूरे गांव में फैल गई। ग्रामीणों की भीड़ तालाब किनारे शव देखने के लिए लग गई। परंतु शव को किसी ने नहीं उठाया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी तो ओपी प्रभारी कौशलेंद्र कुमार घटनास्थल पर पहुंचे और स्थानीय लोगों के सहयोग से शव को तालाब से बाहर निकाला गया। शव बाहर आने पर उसकी पहचान कलियादाग के ही लालू महतो के रूप में हुई। शव देखते ही गांव मातम में छा गया। साथ ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों ने बताया कि सोमवार को ही मृतक के भाई सत्यवान महतो ने बरमसिया ओपी में उसकी गुमशुदगी की शिकायत की थी।

# भारतीयों के लिए असुरक्षित होता कनाडा



राकेश अचल

**दोनों देशों के बीच रिश्तों में कड़वाहट के बीच कनाडा के ब्रैम्पटन में हिन्दू मंदिर पर हमले को लेकर हम मोदी जी कि भूमिका से असहमत होते हुए भी उनके साथ खड़े हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बेहद सख्त लहजे में उन्होंने कनाडा की जस्टिन ट्रूडो सरकार से कहा कि इस तरह के हमले बर्दाश्त नहीं है। हमारे हमारे राजनयिकों को डराने-धमकाने की कायरतापूर्ण कोशिशें भी उतनी ही भयावह है। भगवान से प्रार्थना है कि वो दोनों देशों की सरकारों को सद्बुद्धि दे ताकि कनाडा भारत के लिए दूसरा पाकिस्तना न साबित हो।**

भारत में चुनावी राजनीति में लोग एक -दूसरे के छक्के छुड़ाने में लगे हैं उधर सात समंदर पार कनाडा भारतीयों के लिए दूसरा पाकिस्तान बनता नजर आ रहा है। भारत ने कनाडा के ब्रैम्पटन में एक हिंदू पूजा स्थल पर खालिस्तान समर्थकों की तरफ से हमला करने के घटनाक्रम ने भारत और कनाडा के आपसी रिश्तों को भयंकर झटका दिया है। कनाडा में 18 लाख भारतीय मूल के लोग और 1 लाख एनआरआई मौजूद हैं। ये दुनिया में सबसे बड़े भारतीय प्रवासी समूह में से एक है। कनाडा की पूरी आबादी में ये हिस्सेदारी करीब 3 प्रतिशत है।

भारत और कनाडा के रिश्तों में तनातनी की जड़ में खालिस्तानी तत्व हैं। दोनों देशों के प्रधानमंत्री हैं। भारत और कनाडा के आपसी संबंधों का मौजूदा दौर कई सवालों और चिंताओं को जन्म दे रहा है. हरदीप सिंह निज्जर की हत्या सुर्खियों में है, लेकिन दोनों देशों के ताल्लुक पेचीदगियों से भरे है। अच्छी बात ये है की इस समय भारतियों पर कनाडा में हुए ताजा हमले के मुद्दे पर हम सब एक हैं सोशल मीडिया पर जो वीडियो सामने आये हैं उसमें साफ तौर पर दिखता है कि हिंदू मंदिर के सामने पहले खालिस्तान समर्थकों की टोली गाड़ियों से आती है और खालिस्तानी झंडों के साथ वहां एकत्रित लोगों के साथ मारपीट करती है। वहां की पुलिस की बीच-बचाव करती दिखती है। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रुडो ने भी इस हमले मैंने से ही इंकार कर दिया है ,जबकि स्थानीय पुलिस ने इस मामले में दो-तीन लोगों की गिरफ्तारी की बात कही गई है।

पूजाघरों में इस तरह की घटनाएं सिहरन पैदा करतीं हैं । कनाडा में अगले वर्ष आम चुनाव है और कई लोगों भारत के साथ प्रधानमंत्री ट्रुडो की नीतियों को उनकी राजनीतिक महत्वांकाक्षा से जोड़ कर देखते हैं। टूडो की नजर भारत से अलग पृथक देश खालिस्तान बनाने का सपना पालने वाले खालिस्तानी संगठनों से जुड़े वोटरों पर है। ऐसे में भारतीय समुदाय पर या धार्मिक स्थलों पर उनका हमला बढ़ने की आशंका है। भारत और कनाडा के बीच फिलहाल जो कड़वाहट घुली है, उसे दोनों देशों के रिश्तों का सबसे निचला स्तर बताया जा रहा है और ये दौर दोनों देशों के मौजूदा नेतृत्व कि क्षमताओं पर भी प्रश्नचिन्ह खड़े करता है। ये समझने कि जरूरत है कि अचानक ऐसा क्या हुआ, जो भारत और कनाडा जैसे दो मित्रदेशों के रिश्ते इतने बुरे दौर में पहुंच गए ? क्या कनाडा में खालिस्तान समर्थक हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में वाकई भारत सरकार का हाथ है और तीसरा, क्या ट्रूडो का बयान पूरी तरह घरेलू



वोटबैंक की राजनीति से प्रेरित है।

भारत-कनाडा रिश्तों का इतिहास खट्टा-मीठा रहा है। ये बनते-बिगड़ते रहे है। अत्तीत में झांककर देखें तो कनाडा-भारत संबंध,कनाडा और भारत गणराज्य के बीच द्विपक्षीय संबंध हैं। माना जाता है कि लोकतंत्र के लिए आपसी प्रतिबद्धता, बहुलवाद और लोगों के बीच परस्पर संबंधों पर आधारित हैं।कांग्रेस के शासनकाल में 2009 तक भारत और कनाडा के बीच द्विपक्षीय व्यापार लगभग 4.14 बिलियन डालर का था। वर्षों पहले एयर इंडिया फ्लाइट 182 में हुए विस्फोट के बाद दोनों देशों के रिश्तों में जो कड़वाहट आई थी उसका असर दो दशकों रहा। आपको याद होगा कि 23 जून 1985... वो तारीख जब खालिस्तानियों ने एयर इंडिया की एक विमान को निशाना बनाया। इस विमान हादसे में 329 की हुई थी मौत, मरने वालों में 268 कनाडा के नागरिक थे। यह विमानन इतिहास में सबसे घातक आतंकवादी हमला था। खालिस्तानी आतंकियों ने ऑपरेशन ब्लू स्टार का बदला लेने के लिए विमान पर हमला किया था। हमले के 39 साल पूरे होने के बाद भी कनाडा पुलिस हादसे की जांच नहीं कर पाई थी। इस हमले से पहले भी भारत द्वारा 1974 में हुए परमाणु परीक्षण ने दोनों राष्ट्रों के बीच संबंधों में तल्खी पैदा हुई थी। कनाडा ने तब भारत पर कोलंबो योजना की शर्तों का उल्लंघन का आरोप लगया था ,हालाँकि 1990 के दशक के अंत में जाँ श्रेतियाँ और रोमियो लब्लैंक दोनों ने भारत की, पोखरण-2 परीक्षणों के बाद, संबंधों को एक बार फिर से अस्थायी रूप से रोक दिया गया था।मुझे याद है कि कनाडा के प्रधानमंत्री स्टीफन हार्पर ने 2012 में भारत का दौरा किया था। कनाडा और भारत बड़े पैमाने पर व्यापार करते हैं। भारत मुख्य रूप से कनाडा से दाल आयात करता है। उच्च शिक्षा के लिए भारतीय छात्रों के लिए कनाडा एक पसंदीदा स्थान है।इस बीच कनाडा में सिख आतंकवादियों द्वारा भारत विरोधी गतिविधियों में हुए इजाफे के दौरान कनाडा सरकार द्वारा अपेक्षित रोकथाम करने कथित कमी ने दोनों देशों के बीच तनाव पैदा कर दिया है

हाल के दशक में कनाडा ने नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के दौरान भारत में हो रहे मानवाधिकार उल्लंघन की निंदा कर तनाव के नए बीज बोये । भारत ने इसके जवाब में कनाडा को झिड़की दी और साफ शब्दों में कहा कि कनाडा को अपने काम से काम रखना चाहिए और भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए। पिछले साल 2023 में, जी-20 बैठक के बाद, कनाडा की ट्रूडो सरकार ने भारत पर एक कनाडाई सिख कार्यकर्ता, हरदीप सिंह निज्जर, जो खालिस्तान आंदोलन का हिस्सा था, की कनाडा में हत्या करने का आरोप लगाया। तब से अब तक रिश्तों में कड़वाहट इतनी बढ़ी कि दोनों देशों ने एक-दूसरे के राजनयिकों को देश निकला तक दे दिया। अब स्थिति ये है कि कनाडा ने तमाम हदें लांघते हुए भारत के गृहमंत्री तक पर गंभीर आरोप लगा दिए है। मुमकिन है कि इन आरोपों को लेकर 25 नबंवर से शुरू हो रहे संसद के शीतकालीन सत्र में गहमागहमी रहे।

कनाडा और भारत के रिश्तों को समझने के लिए हमें बहुत पीछे जाना पडेगा, इतने पीछे जहाँ कि भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू खड़े नजर आने लगें। नेहरू को सदैव गालियां देने वालों को शायद ये पता नहीं होगा कि भारत और कनाडा के रिश्तों की नीव में नेहरू ही हैं मोदी नहीं। इतिहास बताता है कि आजादी के बाद से लेकर 1960 के दशक में कनाडा-भारत संबंधों को भारतीय प्रधान मंत्री जवाहरलाल नेहरू और दो वर्षों के दौरान सेवा करने वाले दो कनाडाई प्रधानमंत्रियों लुई सेंट लॉरेंट और लेस्टर बी पियर्सन के व्यक्तिगत संबंधों के कारण बढ़ावा मिला था। ये रिश्ते आज के पुतिन मोदी संबंधों जैसे कहे जा सकते है। इनकी तुलना नेतन्याहू और मोदी के निजी संबंधों से भी की जा सकती है।

संयुक्त राष्ट्र और राष्ट्रमंडल में कोरियाई युद्ध और स्वेज संकट जैसे विविध मुद्दों पर, भारत और कनाडा के बीच रुचि और प्रतिबद्धता का एक अनूठा उदाहरण है । । नेहरू के ही कार्यकाल में भारत के लिए कनाडा का सहायता कार्यक्रम 1951 में शुरू हुआ और कोलंबो योजना के तहत काफी बढ़ा। कनाडा ने भारत को खाद्य सहायता, परियोजना वित्तपोषण और तकनीकी सहायता प्रदान की। पिछले पांच दशकों में भारत, कनाडाई द्विपक्षीय सहायता का सबसे बड़ा प्राप्तकर्ता रहा है, जिसकी राशि 3.8 बिलियन से अधिक कनाडाई डॉलर है। नेहरू के कार्यकाल में ही 1960 के दशक में, कनाडा ने कोलंबो योजना के माध्यम से कुंडाह हाइड्रो-इलेक्ट्रिक पावर हाउसपरियोजना का समर्थन किया । लेकिन आज दोनों देशों के रिश्तों में इतनी कड़वाहट बढ़ गयी है कि इन्हें दूर करने में दशकों लग जायेंगे कम से कम मोदी और टूडो के रहते तो ये रिश्ते अब सुधरने वाले नहीं है। लौटकर मंदिर में श्रृद्धालुओं पर हुए ताजा हममले पर आते है। इन हमलों के खिलाफ पूरा भारत एक है । संसद में भी ये एकता दिखाई देना चाहिए।

दोनों देशों के बीच रिश्तों में कड़वाहट के बीच कनाडा के ब्रैम्पटन में हिन्दू मंदिर पर हमले को लेकर हम मोदी जी कि भूमिका से असहमत होते हुए भी उनके साथ खड़े हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बेहद सख्त लहजे में उन्होंने कनाडा की जस्टिन ट्रूडो सरकार से कहा कि इस तरह के हमले बर्दाश्त नहीं है। हमारे हमारे राजनयिकों को डराने-धमकाने की कायरतापूर्ण कोशिशें भी उतनी ही भयावह है। भगवान से प्रार्थना है कि वो दोनों देशों की सरकारों को सद्बुद्धि दे ताकि कनाडा भारत के लिए दूसरा पाकिस्तना न साबित हो।

## संपादकीय

### तलाशनी होगी वजह

टॉम लेथम की अगुआई वाली न्यूजीलैंड़ ने भारत का तीन टेस्ट की सीरीज में सफाया करके यह दिखा दिया है कि भारत अब घर का भी शेर नहीं रहा है। भारत ने 2000 के बाद से घर में अजेय रहने वाली छवि बनाई थी, जिसे पहला झटका इंग्लैंड़ ने 2012-12 में दिया था। अब यह झटका न्यूजीलैंड़ ने दिया है। भारत के पास 1960 और 70 के दशक में प्रसन्ना और बेदी जैसे स्पिनर होने पर भी भारत घर में ऑस्ट्रेलिया, वेस्टइंड़ीज और इंग्लैंड़ से सीरीज हारते रहते थे, पर 2000 के दौरान भारत ने घर में अजेय रहने वाली छवि बनाई थी। पर भारतीय टीम के हाल के घर के प्रदर्शनों को देखें तो यह साफ हो जाता है कि हमारे बल्लेबाज अब टर्निंग विकेट पर टिकने वाली क्षमता को खोते जा रहे हैं। इसकी एक प्रमुख वजह तो साल में ज्यादातर समय टी-20 क्रिकेट खेलना है। इससे खिलाड़ी विकेट पर टिकने वाली कला को भूलते जा रहे हैं। इस सीरीज में पहले सेंटनर और फिर एजाज पटेल ने भारतीय बल्लेबाजों की बारात निकालकर इस बात को साबित कर दिया है। सवाल यह है कि हमारे बैटर इस कला में पिछड़े.क्यों हैं। इस बात पर ध्यान देने से पता चलता है कि भारतीय टीम के प्रमुख बल्लेबाज लंबे समय से घरेलू क्रिकेट से दूर बने हुए हैं, इसलिए उन्हें अपनी बल्लेबाजी में आने वाली खामियों को सुधार करने का मौका ही नहीं मिलता है। अब हम कोहली को ही लें तो वह 2021 के बाद से स्पिन गेंदबाजी के सामने मुश्किल में नजर आ रहे हैं। बहुत संभव है कि विराट और रोहित पर उम्र का असर दिखने लगा हो। पर इस संबंध में सही तस्वीर इस माह के आखिर में शुरू होने वाले ऑस्ट्रेलिया दौरे पर प्रदर्शन से ही सामने आएगी। बहुत संभव है कि भारतीय टीम के सीनियर बल्लेबाजों के बल्ले चमक बिखेरने में कामयाब हो जाएं। फिर भी इन सीनियर बल्लेबाजों के विकल्प तलाशने का समय आ गया है। भारत की इस करारी हार से विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल खेलने की संभावनाएं तो कमजोर हुई हैं ही, साथ ही नये मुख्य कोच गौतम गंभीर पर भी सवालिया निशान लगने लगे हैं। भारत यदि ऑस्ट्रेलिया से 0-5 से सीरीज हार जााता है तो फिर आलोचकों का मुंह बंद करना मुश्किल हो जाएगा। इस हार से विश्व टेस्ट चैपियनशिप में भारत के फाइनल में पहुंचने की संभावनाएं बेहद कमजोर हो गई हैं। भारत के लिए अब फाइनल खेलने के लिए ऑस्ट्रेलिया को उसके घर में हराने की चुनौती है, जो असंभव नहीं तो मुश्किल जरूर है।

## चिंतन-मनन

### प्रार्थना की शक्ति का महत्व

मनुष्य का जीवन उसकी शारीरिक एवं प्राणिक सत्ता में नहीं, अपितु उसकी मानसिक एवं आध्यात्मिक सत्ता में भी आकांक्षाओं तथा आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए और कामनाओं का है। जब उसे ज्ञान होता है कि एक महत्तर शक्ति संसार को संचालित कर रही है, तब वह अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए, अपनी विषम यात्रा में सहायता के लिए, अपने संघर्ष में रक्षा के लिए आय प्राप्त करने के लिए प्रार्थना द्वारा उसकी शरण लेता है।

प्रार्थना द्वारा भगवान की ओर साधारण धार्मिक पहुंच, अपने को ईश्वर की ओर मोड़ देने के लिए यह हमारी प्रार्थनारूपी विधि हमारी धार्मिक सत्ता का मौलिक प्रयत्न है, और एक सार्वभौम सत्य पर स्थित है- भले ही इसमें कितनी भी अपूर्णताएं हों और सचमुच अपूर्णताएं हैं भी।

प्रार्थना के प्रभाव को प्राय? संदेह की दृष्टि से देखा जाता है और स्वयं प्रार्थना निरर्थक तथा निष्फल समझी जाती है। वैश्व संकल्प सदैव अपने लक्ष्य को ही कार्यान्वित करता है। वह सर्वज्ञ होने के कारण अपने वृहत्तर ज्ञान से कर्तव्य पहले ही जान लेता है, परंतु यह व्यवस्था यांत्रिक नियम से नहीं, बल्कि कुछ शक्तियों एवं बलों के द्वारा कार्यान्वित होती है।

यह मानव संकल्प, अभीप्सा और श्रद्धा का एक विशेष रूप मात्र है। प्रारंभ में प्रार्थना निम्न स्तर भी हमारे सबंध को तैयार करने में सहायता पहुंचाती है। मुख्य वस्तु इस प्रकार का साक्षात संबंध, मनुष्य का ईश्वर से संपर्क, सचेतक आदान-प्रदान न कि पार्थिव वस्तु की प्राप्ति।

अपनी मानसिक रचना के निर्माण के बाद यदि व्यक्ति अपने को ईश कृपा पर समर्पित कर देता है, और इसमें भरोसा रखता है, तो उसको अवश्य ही सफलता मिलेगी। यदि कोई ईश्वर की कृपा का मात्र आह्वान करता है, तो अपने को उसके हाथों में सौंप देता है, तो वह विशेष अपेक्षा नहीं करता। प्रार्थना को सूत्रबद्ध करके किसी वस्तु के लिए निवेदन करना होगा। व्यक्ति को यह सवाल नहीं करना चाहिए। यदि सचाई के साथ सच्ची आंतरिक भावना के साथ याचना की जाए तो संभव है- वह स्वीकृत हो जाए।

# राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा है पंजाब में नशे का जाल



ललित गर्ग

पंजाब में आतंकवाद ही नहीं, तरह-तरह के नशे एवं ड्रग्स के धंधे ने व्यापक स्तर पर अपनी पहुंच बनाई है, जिसके दुष्परिणाम समूचे देश को भोगने को विवश होना पड़ रहा है। पंजाब नशे की अंधी गलियों में धंसता जा रहा है, सीमा पार से शुरू किए गए इस छद्म युद्ध की कीमत पंजाब चुका रहा है, जिसने लंबे समय से पंजाब को जकड़ रखा है। पिछले दस महीनों में पंजाब पुलिस ने 153 बड़े ऑपरेटरों सहित 10,524 तस्करों को गिरफ्तार किया है। पंजाब ने स्थानीय तस्करों के साथ-साथ बड़े ड्रग नेटवर्क को लक्षित करने में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की। हाल ही में 790 किलोग्राम हेरोइन, 860 किलोग्राम अफीम और अन्य नशीले पदार्थों के साथ-साथ 13 करोड़ रुपये से अधिक ड्रग मनी जब्त की गई है। इन आपराधिक अभियानों की वित्तीय बुनियाद पर प्रहार करते हुए नशे के कारोबार से जुड़े लोगों की 208 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त की गई। हालांकि, अभी पर्दे के पीछे से काम करने वाले प्रमुख तस्करों को बेनकाब करने और कानूनन दंडित करने की सख्त जरूरत है। ड्रग की तस्करी और व्यापक रूप से नशे की लत पंजाब की सबसे उल्लेखनीय घातक सामाजिक-राजनीतिक चुनौती बन चुकी है जो कई प्रकार से पूरे देश की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बनती जा रही है।

पाकिस्तान पोषित इस नशीले कारोबार की भयावहता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि इस साल सीमा सुरक्षा बल ने पंजाब की पाकिस्तान से लगती सीमा से 183 ड्रोन जब्त किए। जो वर्ष 2023 में बरामद 107 ड्रोन से कहीं अधिक हैं। पाक प्रायोजित यह तस्करी परिष्कृत एवं सुनियोजित तरीके से की जा रही है, जिसके खिलाफ सख्त कार्रवाई जरूरी है। खासकर, ऐसे संवेदनशील सीमावर्ती राज्य में इस समस्या की भयावहता को देखते हुए यह आवश्यक हो जाता है कि इसके खिलाफ एक ऐसी संपूर्ण लड़ाई छेड़ी जाए जिसमें कामयाब होने में अगर कई वर्ष भी लग जाएं तो उसे जारी रखा जाए। नशे की समस्या पिछले कई वर्षों के दौरान और बद से बदतर होती गई है और पिछले पंजाब में हुए विधानसभा चुनावों में यह एक बड़ा मुद्दा था। क्योंकि शहरों एवं ग्रामीण क्षेत्रों से हर रोज युवाओं की मौत की खबरें हो या विधवाओं का क्रंदन समूचा देश हिला है। कितनी मांओं की गोद उजड़ गई और कितने वृद्ध पिताओं की सहारे की लाठी टूट गई। नशीले पदार्थों का धंधा सीमाओं से होते हुए देश की रग-रग में पसरता गया है।

पंजाब में बिछा ड्रग्स का जाल जनजीवन के लिये बड़ी चुनौती है। पंजाब पाकिस्तान, अफगानिस्तान एवं ईरान के तथाकथित गोल्डेन क्रेसेंट से तस्करी कर लाई गई नशीली दवाओं का एक पारगमन बिंदु (ट्रांजिट प्वाईंट) तथा बाजार दोनों ही है। जहां अफगानिस्तान में उत्पादित हेरोईन की भारत-पाकिस्तान की 553 किमी लंबी और अवैध घुसपैठ की संभावनाओं से युक्त सीमा से तस्करी की जाती है, अफीम, अफीम की भूसी, चरस एवं हशीश जैसी अन्य नशीली दवाएं आसपास के देशों से आती हैं। भारत एवं पाकिस्तान सीमा पर अच्छी सड़कों का अभाव भी सीमा पर लगी बाड़ के नीचे सुरंगों की खुदाई के जरिये भारी मात्रा में मादक दवाओं की खेप के हस्तांतरण के काम को आसान बना देती हैं। पंजाब पुलिस की नशे से जुड़े आतंकवदी तंत्र की जांच करने की सीमित क्षमता है, खासकर, इस समस्या का मुकाबला करने के लिए आधुनिक प्रौद्योगिकीय एवं वैज्ञानिक उपकरणों की उसके पास कमी है। पंजाब में राजनीति और ड्रग्स का चोली दामन का संबंध है, बड़ी राजनीतिज्ञ पार्टियों की नशा माफिया एवं नशीले पदार्थों के तस्करों के साथ काफी मिलीभगत है और यही वजह है कि पंजाब 'नशीले पदार्थों की राजनीति' के युग से गुजर रहा है। इसलिये भी यह समस्या उग्र से उग्रतर होती जा रही है।

पंजाब में नशे की समस्या पर सुप्रीम कोर्ट भी चिन्ता व्यक्त करता रहा है, अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए उसने पंजाब सरकार को फटकार भी समय-समय पर लगाई है। पूर्व में सुप्रीम कोर्ट ने कहा, 'पंजाब में नशे की समस्या बढ़ती जा रही है। नकली शराब और नशीले पदार्थों को रोका जाना चाहिए। ऐसे तो युवा खत्म हो जाएंगे। गरीब लोग मर रहे हैं। पंजाब में हर गली में एक भट्टी होती है। अगर कोई चाहे तो देश को खत्म कर देगा। अगर बॉर्डर क्षेत्र सुरक्षित नहीं है तो कैसे चलेगा? नशा माफिया के आगे बेबस क्यों पंजाब सरकार?' सुप्रीम कोर्ट की चिन्ता पंजाब में नशे की गंभीर चुनौती को देखते हुए वाजिब है। जिसके खिलाफ व्यापक पैमाने पर योजनाबद्ध अभियान वक्त की जरूरत है। सरकारें लंबे समय से इसके विरुद्ध कार्रवाई की बात तो करती रही हैं, लेकिन जमीनी हकीकत में कम ही बदलाव नजर आया है। फिलहाल पंजाब में नशीले पदार्थों के खिलाफ जारी कार्रवाई आप सरकार की नई प्रतिबद्धता को दशार्ती है और सतही तौर पर नशे की खिलाफ सफलता के आंकड़े एक सराहनीय कार्रवाई को दशार्ते हैं, लेकिन इसके बावजूद समस्या की विकटता को देखते हुए ये आंकड़े पर्याप्त नहीं हैं। वक्त की जरूरत है कि लगातार भयावह होती स्थिति में पुलिस को इस खेल की बड़ी मछलियों को बेनकाब करके नशे के प्रवाह पर रोक लगानी चाहिए। इसके बाद बड़े नशा तस्करों के खिलाफ व्यापक स्तर का अभियान चलाना चाहिए। जिससे समाज में यह संदेश जाए कि कोई कितना भी ताकतवर व्यक्ति क्यों न हो, कानून से ऊपर नहीं है। साथ ही यह भी कि समाज विरोधी कार्यों में लिप्त होने के गंभीर परिणाम हो सकते हैं। ऐसे तत्वों को राजनीतिक संरक्षण देने वाली ताकतों को भी बेनकाब करने की जरूरत है।

पंजाब सरकार की सख्त कार्रवाई का यह संदेश नशा माफिया को जाना जरूरी है कि इस काले कारोबार से जुड़े लोगों की दंडमुक्ति संभव नहीं है। इसके अलावा सीमा पार से चलाए जा रहे नशे के कारोबार के लिये पडोसी देश को भी कड़ा संदेश जाना चाहिए। नशे की तस्करी में तमाम आधुनिक साधनों का उपयोग किया जा रहा है। हालांकि, बीएसएफ ने पहल करते हुए एंटी-ड्रोन सिस्टम लगाए हैं। जिसके सार्थक परिणाम भी मिल रहे हैं। पंजाब में नशे की गंभीर चुनौती को देखते हुए सीमा सुरक्षा को फुलप्रूफ करने की दिशा में कदम उठाए जाने चाहिये। जिसमें उच्च तकनीक व विभिन्न एजेंसियों में बेहतर तालमेल की जरूरत है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी पूर्व में 'ड्रग्स-फ्री इंडिया' अभियान चलाने की बात कहकर इस राष्ट्र की सबसे घातक बुराई की ओर जागृति का शंखनाद किया है। उन्होंने चिन्ता व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे देश के युवा गुटका, चरस, गांजा, अफीम, स्मैक, शराब और भांग आदि के नशे में पड़ कर बर्बाद हो रहे हैं। इस कारण से वे आर्थिक, सामाजिक, मानसिक और आध्यात्मिक रूप से विकलांगता की ओर अग्रसर हो रहे हैं। विशेषतः पंजाब के युवा नशे की अंधी गलियों में धंसते जा रहे हैं, वे अपनी अमूल्य देह में बीमार फेफड़े और जिगर सहित अनेक जानलेवा बीमारियां लिए एक जिन्दा लाश बने जी रहे हैं पौरुषहीन भीड़ का अंग बन कर। नशे के ग्लैमर की चकाचौंध ने चिन्ताजनक स्थितियां खड़ी कर दी है। पाकिस्तान नशे के आतंक से अपने मनसूंबों को पूरा कर रहा है। चिकित्सकीय आधार पर देखें तो अफीम, हेरोइन, चरस, कोकीन, तथा स्मैक जैसे मादक पदार्थों से व्यक्ति वास्तव में अपना मानसिक संतुलन खो बैठता है एवं पागल तथा सुप्तावस्था में हो जाता है। ये ऐसे उत्तेजना लाने वाले पदार्थ हैं, जिनकी लत के प्रभाव में व्यक्ति अपराध तक कर बैठता है। मामला सिर्फ स्वास्थ्य से नहीं अपितु अपराध से भी जुड़ा हुआ है। कहा भी गया है कि जीवन अनमोल है। नशे के सेवन से यह अनमोल जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है या अपराध की अंधी गलियों में धंसता चला जाता है, पाकिस्तान युवाओं को निस्तेज करके एक नये तरीके के आतंकवाद को अंजाम दे रहा है। प्रेषकः

(लेखक, पत्रकार, स्तंभकार)

# क्रिकेट : भुलाए नहीं भूलेगी यह हार



मनोज चतुर्वेदी

मुंबई के वानखेड़े. स्टेड़ियम पर तीसरा टेस्ट हारते ही भारत की उम्मीदों को ऐसा झटका लगा है, जिसका दर्द सालों साल महसूस होता रहेगा। भारत की इस हार से न्यूजीलैंड़ पहली बार अपने घर से बाहर तीन टेस्ट की सीरीज में क्लीन स्वीप करने में सफल हुई है। भारत का भी घर में सीरीज में सफाया पहली बार हुआ है। भारत इससे पहले 2012-12 में एलिस्टेयर कुक की अगुआई वाली इंग्लैंड़ टीम से घर में सीरीज हारी थी। इसके बाद से भारत ने लगातार 18 सीरीज जीतकर घर में अजेय योद्धा वाली छवि बना ली थी। पर टॉम लेथम की अगुआई वाली न्यूजीलैंड़ टीम ने भारत से सीरीज ही नहीं जीती बल्कि उन्हें एकदम से बौना बनाकर रख दिया। लेथम की टीम ने सीरीज जीतने का गौरव तो एक हफ्ते पहले ही पा लिया था। अब तो उसने सीरीज में क्लीन स्वीप करके केक पर आइसिंग लगाने का काम भर किया है। भारत की इस सीरीज में हुई थुक्का-फजीहत के कई कारण हैं। इन कारणों में प्रमुख रूप से गलत फैसले, विराट और रोहित जैसे दिग्गजों का फॉर्म में नहीं होना प्रमुख हैं। भारत के टी-20 विश्व कप जीतने और इस सीरीज के बीच करीब एक माह का समय था। इसलिए मुख्य चयनकर्ता चाहते थे कि प्रमुख खिलाड़ी मैच अभ्यास करने के लिए दलीप ट्रॉफी के कुछ मैच सीनियर खिलाड़ी खेलें। पर इस प्रस्ताव को टीम के सीनियर खिलाड़ियों ने सिरे से खारिज कर दिया। उनका मानना था कि घरेलू क्रिकेट में खेलने से उन्हें किसी तरह की प्रेरणा नहीं मिलती है। वे यदि दलीप ट्रॉफी में खेले होते तो बेहतर तैयारी के साथ इस सीरीज में उतर सकते थे। भारतीय टीम से जुड़े.सीनियर खिलाड़ियों ने शुरूआत में घरेलू मैचों में खेलने की बात मान ली थी। पर बाद में खेलने से इनकार कर दिया आर वह इस तरह लाल गेंद के किसी खास अभ्यास के बिना बांग्लादेश और न्यूजीलैंड़ के खिलाफ पांच टेस्ट में खेलने पर सहमति जता दी। हम अच्छे से जानते हैं कि भारत ने इंग्लैंड़ के खिलाफ घर में सीरीज हारने के बाद अगले 12 सालों में भारत द्वारा जीतीं ज्यादातर सीरीजों के जीतने में कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली के प्रदर्शनों की भूमिका अहम रही है। पर इस सीरीज के दौरान दोनों खिलाड़ी जरा भी रंगत में नहीं दिखे। विराट ने अपनी आखिरी 10 टेस्ट पारियों में सिर्फ 192 रन बनाए हैं। वहीं कप्तान रोहित शर्मा इतनी पारियों में 133 रन ही बना सके हैं। रोहित शर्मा यहां पेस गेंदबाजी का भरोसे से सामना नहीं कर पा रहे हैं तो विराट कोहली स्पिन गेंदबाजी, खासतौर से लेफ्ट ऑर्म स्पिनरों का सामना करने में असहज हो गए हैं। अब सवाल यह है कि क्या इन दोनों के विकल्प तलाशने का समय आ गया है। अब यह जोड़ी अगले ऑस्ट्रेलिया दौरे के पांच टेस्ट मैचों में भी प्रदर्शन सुधार नहीं पाती है, तो फिर इन दोनों को बाहर करने की मांग जोर पकड़.सकती है। रोहित शर्मा बल्ले से तो फ्लॉप रहे और उन्होंने कप्तान के तौर पर भी कई खराब फैसले लेकर सीरीज में भारत की स्थिति दयनीय बनाने में अहम भूमिका निभाई। बेंगलुरू में खेले गए पहले टेस्ट में आसमान में छाए बादलों के बीच टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने के फैसले की वजह से टीम को 46 रनों के शर्मनाक स्कोर पर आउट होना पड़ा। इस टेस्ट में भारत ने दूसरी पारी में पंत और सरफराज की 177 रनों की साझेदारी से स्थिति संभाल दी थी। पर बाद के बल्लेबाजों के ताश के पत्तों की तरह ढस्हने से भारत को हार झेलनी पड़ी। इस हार के बाद पुणेऔर मुंबई में पहले दिन से टर्न लेने वाली विकेट बनवाने के गलत फैसले ने सीरीज में सफाया कराने में अहम भूमिका निभाई। भारतीय टीम मैनेजमेंट इस बात को अच्छी तरह से जानता था कि हमारे प्रमुख बल्लेबाजों को टनिृग विकेट पर खेलने में दिक्कत होती है। पर फिर भी आखिरी दो टेस्ट में इस तरह की विकेट बनवाने के पीछे का उद्देश्य समझ से परे है। सही मायनों में घर में स्पिन विकेट पर भारतीय बल्लेबाजों की कमजोरी 2023 से ही उजागर हो गई थी।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज में भारत टनिृग विकेट पर नई दिल्ली में तो किसी तरह जीत गया था। पर इंदौर में उसकी पोल खुल गई थी। ऑस्ट्रेलिया इस सीरीज में 1-2 से हारा सिर्फ अपनी खराब बल्लेबाजी की वजह से अन्यथा उसके गेंदबाजों ने भारतीय बल्लेबाजों के नकेल ड़ाले रखी थी। इस सीरीज में भी स्पिन के मददगार विकेट पर खेलते समय भारतीय बल्लेबाज तकनीकी रूप से कमजोर नजर आए। भारतीय टीम के मुंबई टेस्ट में 147 रनों का लक्ष्य नहीं प्राप्त कर पाने में न्यूजीलैंड़ के गेंदबाज लेफ्ट ऑर्म स्पिनर एजाज पटेल की भूमिका अहम रही। दिलचस्प बात यह है कि इस टेस्ट में 11 विकेट लेने वाले इस गेंदबाज का जन्म मुंबई में ही हुआ है। यह उनकी गेंदबाजी का ही कमाल था कि भारत ने एक समय 29 रन पर पांच विकेट खो दिए थे। वह तो भला हो ऋषभ पंत का जो उन्होंने अपनी बेहतरीन बल्लेबाजी से भारत को एक समय जीत का दावेदार बना दिया था। पर वह विवादास्पद कैच की वजह से आाउट हो गए और भारत की उम्मीदें भी टूट गई।



# हेरिटेज कंजर्वेशन में बढ़ी प्रोफेशनल्स की डिमांड

**भारत की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विविधता बेमिसाल मानी जाती है। राजस्थान, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, गुजरात, बिहार से लेकर दक्षिण के कई राज्यों की ऐतिहासिक इमारतें और धरोहरें हमेशा से घरेलू व विदेशी पर्यटकों को अपनी ओर खींचती रही हैं। ताजमहल की एक झलक पाने का सपना सभी पर्यटन-प्रेमी संजोए रहते हैं। यही हमारे हेरिटेज और कल्चरल टूरिज्म की रीढ़ भी है। ऐसे में इन धरोहरों को सहेजना, उनका संरक्षण करना जरूरी हो जाता है। यही जिम्मेदारी संभालते हैं कंजर्वेशन मैनेजमेंट स्पेशलिस्ट, जो स्मारकों, किलों, महलों, मंदिरों के अलावा बेशकीमती पांडुलिपियों, मूर्तियों, सिक्कों या वॉल पेंटिंग्स जैसे म्यूजियम ऑब्जेक्ट्स को सहेजकर रखते हैं। अगर आपको भी ऐतिहासिक विरासतों के संरक्षण में दिलचस्पी है, तो म्यूजियोलॉजी या हेरिटेज मैनेजमेंट का कोर्स करने के बाद इस उभरते हुए क्षेत्र में करियर संवार सकते हैं।**



## जॉब स्कॉप

यूनेस्को की ओर से देश की 32 धरोहरों को वर्ल्ड हेरिटेज साइट्स का दर्जा मिला हुआ है। ये सभी देश के कल्चरल टूरिज्म के बड़े गंतव्य हैं लेकिन बेतरतीब शहरीकरण व व्यवसायीकरण से इन धरोहरों के अस्तित्व पर खतरा मंडराने लगा है। इनके रखरखाव की जरूरत महसूस की जाने लगी है, जो सिर्फ प्रशिक्षित और हुनरमंद हेरिटेज कंजर्वेटर ही कर सकते हैं। यही कारण है कि हाल के वर्षों में हेरिटेज कंजर्वेटर, आर्ट रिस्टोरर और म्यूजियोलॉजिस्ट जैसे पेशे का महत्व काफी बढ़ गया है। संग्रहालयों का भी सामाजिक और शैक्षणिक महत्व दिनो-दिन बढ़ता जा रहा है। देश में आर्ट म्यूजियम, आर्कियोलॉजिकल म्यूजियम, वैक्स म्यूजियम, विज्ञान/ तकनीक/ मैरिटाइम म्यूजियम तथा मिलेट्री व वॉर म्यूजियम के रूप में कई तरह के म्यूजियम्स संचालित हो रहे हैं, जिनमें हेरिटेज एक्सपर्ट्स की अच्छी डिमांड है।

## करियर के अवसर

भारत में हेरिटेज मैनेजमेंट सेक्टर भले ही अभी नया है लेकिन इसमें जॉब के अवसर कम नहीं हैं। म्यूजियोलॉजी और हेरिटेज मैनेजमेंट प्रोफेशनल्स के लिए टीचिंग और रिसर्च वर्क के अलावा नेशनल/ स्टेट म्यूजियम्स, आर्कियोलॉजिकल म्यूजियम्स, आर्ट गैलरीज, कंजर्वेशन लैब्स, लाइब्रेरी, आर्काइव्स, आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया, स्टेट डिपार्टमेंट ऑफ आर्कियोलॉजी, पर्यटन विभाग तथा एनजीओ में जॉब के ढेर सारे मौके हैं। ऐसे जानकारों की सेवाएं विदेश मंत्रालय की हिस्टोरियन डिविजन, शिक्षा मंत्रालय, भारतीय राष्ट्रीय अभिलेखागार, इंडियन काउंसिल ऑफ हिस्टोरिकल रिसर्च आदि में भी ली जाती हैं। यूनेस्को और यूनिसेफ जैसे अंतरराष्ट्रीय संगठनों में भी जॉब की अच्छी संभावनाएं हैं। म्यूजियोलॉजी या हेरिटेज मैनेजमेंट के विद्यार्थी वर्तमान में बड़ी संख्या में इंदिरा गांधी नेशनल सेंटर फॉर आर्ट एंड कल्चर, इंडियन नेशनल ट्रस्ट फॉर आर्ट, कल्चर एंड हेरिटेज तथा म्यूजियम्स में कंजर्वेटर, हेरिटेज मैनेजर, क्यूरेटर, प्रोजेक्ट को-ऑर्डिनेटर, रिसर्च एसोसिएट या आर्ट कंसल्टेंट जैसे पदों पर सेवाएं दे रहे हैं।



## वर्क प्रोफाइल

म्यूजियोलॉजी यानी म्यूजियम से जुड़ा विज्ञान। इस कोर्स के अंतर्गत मुख्य रूप से म्यूजियम के प्रशासन तथा मैनेजमेंट से जुड़े पहलुओं का अध्ययन किया जाता है। पाठ्यक्रम के रूप में संग्रहालय विस्थापन, वैज्ञानिक/ कलात्मक/ ऐतिहासिक दृष्टि से महत्वपूर्ण वस्तुओं की देखभाल/ संरक्षण, कलाओं का प्रस्तुतिकरण, म्यूजियम कलेक्शन, डिजाइनिंग तथा डॉक्यूमेंटेशन आदि विषयों की जानकारी दी जाती है, जबकि हेरिटेज कंजर्वेशन एंड मैनेजमेंट कोर्स एक इंटर-डिसिप्लिनरी स्पेशलाइज्ड कोर्स है। इसके अध्ययन का दायरा दो हिस्सों में बंटा है – हेरिटेज कंजर्वेशन तथा हेरिटेज मैनेजमेंट। हेरिटेज कंजर्वेशन एक टेक्निकल फील्ड है। इसके अंतर्गत विभिन्न स्थलों की खुदाई में मिले म्यूजियम ऑब्जेक्ट्स यानी दुर्लभ पांडुलिपियों, मूर्तियों, पुराने सिक्कों या प्राचीन कलाकृतियों को नष्ट होने से बचाने की जानकारी दी जाती है। वहीं, हेरिटेज मैनेजमेंट पूरी तरह से एडमिनिस्ट्रेटिव व आर्किटेक्चरल फील्ड है, जिसमें स्मारकों के प्रबंधन, रखरखाव व साजसज्जा की जानकारी दी जाती है।

## पर्सनल स्किल

हेरिटेज कंजर्वेशन बिल्कुल अलग तरह का कोर्स है। इसलिए इस क्षेत्र में वे ही युवा आएं, जिन्हें इतिहास, कला या सांस्कृतिक चीजों में रुचि हो क्योंकि बगैर रुचि और समर्पण के इस क्षेत्र में तरक्की कर पाना मुश्किल है। यदि प्रबंधन क्षेत्र से जुड़ना चाहते हैं, तो आर्किटेक्चरल स्किल, टेक्निकल स्किल के अलावा आपमें प्रशासनिक क्षमता, अच्छी ऑबजर्वेशन स्किल और विश्लेषण की दक्षता भी होनी चाहिए।



**जब एक कॉलेज स्टूडेंट किसी ऑर्गेनाइजेशन या कंपनी में इंटर्नशिप शुरू करता है, तो पहली बार उसे बिजनेस वर्ल्ड या प्रैक्टिकल वर्क के बारे में जानने का मौका मिलता है। ऑफिस का प्रोफेशनल माहौल कई बार स्टूडेंट्स के लिए चैलेंजिंग हो जाता है, लेकिन कुछ खास तैयारी और अच्छे इंटर्नशिप एटिकेट्स से आप कंपनी और उसके एंप्लॉइज के साथ एक मजबूत प्रोफेशनल रिलेशनशिप बना सकते हैं। मुमकिन है कि आगे चलकर इसका फायदा भी आपको जॉब के रूप में मिले।**

# इंटर्नशिप से इस तरह मिलेगा एक्सपोजर

इंटर्नशिप के दौरान एक इंटर्न के लिए अच्छी सोशल स्किल्स काफी काम आती हैं। ऑफिस के कलीग्स के साथ दोस्ताना व्यवहार करें। दूसरे लोगों को ऑब्जर्व करें कि वे ऑफिस में एक-दूसरे से कैसे बात करते हैं और मिलते हैं। ऑफिस में काम के दौरान अपना सेलफोन बंद ही रखें या पर्सनल कॉल्स बहुत जरूरी होने पर ही करें। अगर काम के सिलसिले में फोन पर बात करनी हो, तो प्रोफेशनल टोन रखें। ई-मेल कर रहे हों, तो ग्रामर और स्पेलिंग का पूरा ध्यान रखें। कभी किसी को पर्सनल ई-मेल न भेजें। इसके अलावा, दूसरे लोगों के साथ एक प्रोफेशनल डिस्टेंस मेनटेन करना अच्छा रहेगा। इससे एक मैसेज जाएगा कि आप सीखने आए हैं, पर्सनल रिलेशन बनाने नहीं।

## फॉलो करें चेन कमांड

एक इंटर्न के लिए यह जानना बेहद जरूरी है कि ऑर्गेनाइजेशन का फॉर्मल और इनफॉर्मल रिपोर्टिंग स्ट्रक्चर क्या है, साथ ही इंटर्नशिप पीरियड के दौरान उन्हें किसे रिपोर्ट करना होगा, यह जानना बेहद जरूरी है। इसके लिए पहले दिन ही वहां के एचआर मैनेजर से मिलकर इंटर्नशिप की डिटेल्स पता कर लें कि आपको किसके अंडर में इंटर्नशिप करनी होगी, ताकि किसी एक सीनियर के गाइडेंस में काम करने और सीखने का मौका मिल सके। आपको ऑफिस के चेन ऑफ कमांड का भी ध्यान रखना होगा। बिना काम के हर किसी के पास जाने से बचना होगा।

## रोल ऑफ अटेंडेंस

इंटर्नशिप करने वाले फ्रेशर्स को कोशिश करनी चाहिए कि वह एबसेंट न हो। इस दौरान टाइमिंग एटिकेट्स का ध्यान जरूरी रखें। इससे आप सीनियर्स और मैनेजमेंट को इंप्रेस कर पाएंगे। उन्हें लगेगा कि आप काम को लेकर गंभीर हैं। इसके बावजूद किसी कारण अगर छुट्टी लेनी पड जाए, तो अपनी कमांडिंग अथॉरिटी को इंफॉर्म जरूर कर दें। इंफॉर्म किए बिना कभी छुट्टी न लें। प्रोफेशनल एटिकेट्स को फॉलो करें।

## रेस्पेक्ट करें

इंटर्नशिप के दौरान स्टूडेंट्स को अच्छा परफॉर्म करना होता है। इससे आगे के लिए अपॉर्च्युनिटीज बनती हैं, लेकिन ये तभी हो सकता है, जब एक इंटर्न सिर्फ अपने काम से मतलब रखे। अगर आप ऑफिस में प्रोजेक्ट या वर्क रिलेटेड इश्यूज पर ही बात करेंगे और गॉसिप से बचेंगे, तो आपकी अच्छी इमेज बनेगी। इसी तरह ऑफिस में काम करने वाले हर शख्स की रेस्पेक्ट करना जरूरी है, क्योंकि वे वहां के वर्क कल्चर और माहौल को आपसे बेहतर जानते हैं।

फर्स्ट इंप्रेशन इज लास्ट इंप्रेशन
एक स्टूडेंट जब इंटर्नशिप के लिए किसी कंपनी में जाता है, तो उसका मकसद सीखना होता है। इसलिए कोशिश यही होनी चाहिए कि जो असाइनमेंट मिले, उसे एक्सेप्ट करें। इसके साथ ही आपको अपना इंट्रोडक्शन देना आना चाहिए। फ्रेंडली बिहेवियर और चेहरे पर स्माइल रहेगी, तो किसी भी कंपनी में फर्स्ट इंप्रेशन जमाना आसान होगा। इससे प्वॉइंट्स मिलेंगे सो अलग। इसी तरह आपका ड्रेसिंग सेंस भी प्रोफेशनल होना चाहिए।

## एटिकेट्स का रखें ख्याल

जॉब के लिए कॉम्पिटिशन टफ हो रहा है, ऐसे में स्टूडेंट्स को मिलने वाली इंटर्नशिप का रोल और भी अहम हो गया है। इंटर्नशिप में अच्छी परफॉर्मेंस से जॉब के दरवाजे खुलते हैं। इसलिए स्टूडेंट्स को यह ध्यान रखना चाहिए कि उसके परफार्मेस का नतीजा तो इंटर्नशिप खत्म होने पर आएगा, लेकिन एप्टीट्यूड और नॉन-वर्बल कम्युनिकेशन का रिजल्ट, तो शुरू के दो-तीन दिनों में ही मिल जाएगा। आप अगर सही ड्रेस सेंस के साथ कंपनी में एंट्री करेंगे, प्रॉपर एटिकेट्स के साथ लोगों से मिलेंगे, उनके क्वेश्चंस का आंसर देंगे, तो वहां के लोग भी आपको पॉजिटिव ही लेंगे।






# अगर आपमें हैं लैंग्वेज स्किल्स तो मिल सकती है दिलचस्प जॉब

**अगर आपमें भाषाई कौशल है तो आपके लिए करियर में आगे बढ़ने के अच्छे मौके मिलेंगे। सबसे बड़ी बात यह है कि आप अपने इस कौशल को करियर के रूप में चुन सकते हैं। आप इंटरप्रेटर या ट्रांसलेटर के रूप में करियर बना सकते हैं।**

इंटरप्रेटर जहां किसी वक्तव्य को एक भाषा से दूसरी भाषा में इंटरप्रेट करता है। वहीं ट्रांसलेटर का काम डॉक्यूमेंट्स को एक भाषा से दूसरी भाषा में बदलना है। ट्रांसलेटर या इंटरप्रेटर के बनने के लिए ट्रांसलेशन में डिप्लोमा होना जरूरी है। एक ट्रांसलेटर या इंटरप्रेटर को कम से कम दो भाषाओं पर कमांड होना चाहिए जो कि सोर्स और टारगेट लैंग्वेज दोनों में हो। सोर्स लैंग्वेज से मतलब है जिसका आपको ट्रांसलेशन या इंटरप्रेटेशन करना है। वहीं टारगेट लैंग्वेज से मतलब वह लैंग्वेज जिसमें आप ट्रांसलेट करते हैं। विदेशी बाजार में संपर्क स्थापित करने के लिए कंपनियों को लैंग्वेज एक्सपर्ट्स की जरूरत होती है। इसलिए फॉरेन लैंग्वेज ट्रांसलेटर्स की मांग इन दिनों बहुत ज्यादा है। इंटरप्रेटर या ट्रांसलेटर के लिए अवसरों की जरा भी कमी नहीं हैं। इच्छुक युवा इस क्षेत्र में पार्ट टाइम या फुल टाइम करियर बना सकते हैं। चाइनीज, अरेबिक, रशियन, जापानी, फ्रेंच आदि भाषाओं पर कमांड रखने वालों की अच्छी खासी डिमांड है।



## संक्षिप्त खबरें

### ट्रेन के इंजन पर चढ़ा वृद्ध करंट लगने से झुलसा

**लखीसराय।** किऊल-गया रेलखंड के लखीसराय-सिरारी के बीच कुरैता स्टेशन पर अप जमालपुर गया पैसेंजर कुरौता पतनेर स्टेशन पर मंगलवार की सुबह ट्रेन के इंजन के पास वृद्ध आया और ड्राइवर के केबिन में चढ़ने लगा।चालक मुकेश कुमार ने उसे भगाया। इसके बाद वह इंजन की छत पर चढ़ गया और इंजन के पेंटो को पकड़ लिया, जिससे वह करेंट से जख्मी हो गया।

### सीएसपी संचालक से पांच लाख रुपये लूटे

**उजियारपुर (समस्तीपुर)।** थाना क्षेत्र के गावपुर योगी चौक से पतैली हाट जानेवाले रास्ते से गुजर रहे सीएसपी संचालक से बदमाशों ने पांच लाख रुपये लूट लिये। घटना सोमवार की देर रात की है। विभूतिपुर थाना क्षेत्र के रहनेवाले सीएसपी संचालक ने पुलिस से शिकायत की है। प्रशांत चौरसिया पतैली हाट पर सीएसपी चलाते थे।

### सात वर्षीया बच्ची से साथ दुष्कर्म, आरोपित धराया

**कटिहार।** पोठिया थाना क्षेत्र में सात वर्षीया बच्ची के साथ दो किशोरों ने गैंगरेप किया। पुलिस ने दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। सोमवार की संध्या चार बजे डूमर पूरब टोला नहर के समीप बच्ची बकरी चराने गयी थी। इस दौरान बच्ची को अकेला पाकर दो किशोरों ने जबरन बच्ची को पकड़ने की कोशिश की। दोनों ने दौड़कर पीछा किया और इसके बाद नहर में ले जाकर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया।

# छठ घाट बनाने के दौरान पांच किशोर डूबे, तीन की गयी जान

संवाददाता, पीरपैंती (भागलपुर)



एकचारी थानाक्षेत्र बड़ी मोहनपुर घाट पर मंगलवार को छठ पूजा को लेकर घाट बनाने गये पांच किशोरों में तीन की पानी में डूबने से मौत हो गयी। दो को समय पर पानी से निकाल लेने से उनकी जान बच गयी। कृष्ण कुमार कुंदन की पत्नी पूजा देवी व अन्य लोग छठ पूजा में अर्घ देने के लिए नदी किनारे घाट बना रहे थे। सहयोग में नवयुवकों की टोली सक्रिय थी।

इस बीच सविता देवी के दो पुत्र ज्ञानसागर व कृष्ण कुमार के साथ ढोलबज्जा से फुआ संगीता देवी के यहां छठ मनाने आयी ढोलबज्जा के रणधीर मंडल की पुत्री मौसमी कुमारी (15), बड़ी मोहनपुर के डीलर गंगेश कुमार का पुत्र आशुतोष कुमार(15) व प्रमोद मंडल का पुत्र जीतन कुमार(16) स्नान करने के क्रम में नदी में डूबने लगे। पूजा देवी ने शोर मचा अपने दोनों बच्चों को तैर कर पकड़ लिया। बचे तीनों गहरे पानी में चले गये। वहां मौजूद पूर्व पंसस मनोहर मंडल ने आसपास के गोताखोरों के सहयोग से उन तीनों को बाहर निकाला। इस बीच एकचारी थानाध्यक्ष शैलश कुमार वहां पहुंच एसडीपीओ दो को घटना की जानकारी दी। उन्होंने रेफरल अस्पताल से एम्बुलेंस भेज बच्चों के आने तक सक्रिय रहे। डॉ नीरज कुमार ने तीनों बच्चों को मृत घोषित कर दिया। जिप उपाध्यक्ष पप्पू यादव ने अस्पताल पहुंच पीड़ितों को सांत्वना दी। तीनों शवों को एकचारी थाना की पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भागलपुर भेज दिया। एक साथ तीन तीन बच्चों की मौत से पूरे गांव में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## खगड़िया : अपहरण के बाद स्वर्ण व्यवसायी की हत्या, तीन गिरफ्तार

**खगड़िया।** गंगौर थाना क्षेत्र के भदास दक्षिणी पंचायत निवासी स्वर्ण कारोबारी अंजय साह की बदमाशों ने हत्या कर शव को जमीन के नीचे गाड़ दिया। पुलिस ने जमीन के नीचे से शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। हत्या में शामिल तीन लोगों को पुलिस ने पकड़ा है। पकड़े गये बदमाश में एक नाबालिक भी शामिल है। जिसे रिमांड होम भेजने की प्रक्रिया अपनाई जा रही है। भदास दक्षिणी पंचायत वार्ड संख्या 14 निवासी स्वर्ण व्यवसायी सोती साह के 43 वर्षीय पुत्र अंजय कुमार साह बीते रविवार की सुबह 10.55 बजे घर से निकला था। लेकिन देर शाम तक घर नहीं पहुंचा। परिजनों ने इधर उधर खोजबीन की लेकिन अंजय का कुछ पता नहीं चला। बीते सोमवार की दोपहर परिजनों ने अंजय के अपहरण किये जाने की सूचना गंगौर थाने को दी। सूचना मिलते ही अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अलौली संजय कुमार के नेतृत्व में कई थाने की पुलिस भदास पहुंचकर मामले की जांच शुरु कर दी। पुलिस ने स्वर्ण व्यवसायी अंजय को फोन पर बुलाने वाले दक्षिणी भदास निवासी रघुनंदन महतो के पुत्र संजय महतो से पूछताछ की।

### इंजन फेल होने से ढाई घंटे परिचालन बाधित

**मोतिहारी।** मुजफ्फरपुर - नरकटियागंज रेलखंड के जीवधारा में इंजन फेल होने से ढाई घंटे तक परिचालन बाधित रहा। इस दौरान यात्रियों ने जीवधारा स्टेशन पर हंगामा किया। मोतिहारी के स्टेशन अधीक्षक दिलीप कुमार ने बताया कि इंजन फेल हो गया, जिसके कारण बापूधाम मोतिहारी से पाटलिपुत्र जाने वाली इंटरसीटी एक्सप्रेस एक्सप्रेस समेत अन्य ट्रेनों का परिचालन बाधित रहा।

## पेज एक का शेष

### मशहूर गायिका शारदा....

**तबीयत को लेकर आ रहे थे अपडेट :** लोक गायिका शारदा सिन्हा की तबीयत को लेकर लगातार अपडेट आ रहे थे। लेकिन सिंगर के निधन से छठ के महापर्व की रौनक फीकी पड़ गई। सिंगर काफी समय से बीमार थीं और उनका इलाज चल रहा था। शारदा सिन्हा ने छठ के कई गाने गाए। यहां तक कि छठ 2024 के मौके पर भी उन्होंने अपने प्रशंसकों को निराश नहीं किया। सिंगर ने जाते-जाते सभी श्रोताओं को छठ का तोहफा दिया। वहीं देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी शारदा सिन्हा के बीमार होने पर उनकी खबर ली थी।

किडनी की थी समस्या : देश की महान सिंगर मौजूदा समय में वेंटिलेटर पर थीं और किडनी की गंभीर समस्या से जूझ रही थीं। छठ के गीत गाकर पॉपुलैरिटी हासिल करने वाली शारदा सिन्हा पिछले कुछ समय से उनके स्वास्थ्य में ज्यादा गड़बड़ी आ गई थी।

सभी उनके जल्द स्वस्थ्य होने की कामना कर रहे थे, लेकिन सिंगर ने 72 साल की उम्र में दुनिया को अलविदा कह दिया। कुछ समय पहले ही रिपोर्ट आई थी कि सिंगर की सेहत में ज्यादा सुधार नहीं हो पा रहा है और उनका डायलिसिस शुरू हो गया है। वे लगातार दिल्ली एम्स के डॉक्टर्स की टीम की निगरानी में थीं। उनके चले जाने से संगीत जगत में शोक की लहर है।

### हिमंता विश्व सरमा...

झामुमो, कांग्रेस, माले और राजद नेताओं ने इसकी शिकायत मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से की थी।

**क्या कहा गया था शिकायत में :** शिकायत में कहा गया था चुनावी सभा के दौरान हिमंता विश्व सरमा ने एक विशेष समुदाय को लेकर कई बयान दिये। यह आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन है। यह दो समुदायों को बांटने की साजिश है। हिमंता पर कार्रवाई होनी चाहिए। इस शिकायत पर देवघर डीसी ने तीन सदस्यीय जांच कमेटी बनायी, जिसमें सारठ के बीडीओ, राज्य कर संयुक्त आयुक्त व सारठ विधानसभा क्षेत्र के निर्वाची पदाधिकारी शामिल थे। तीनों ने अपनी जांच रिपोर्ट डीसी को सौंपी, जिसे डीसी ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झारखंड को भेज दिया है।

**क्या है जांच रिपोर्ट में :** जांच रिपोर्ट में कहा गया है कि वीसीटी टीम द्वारा दिये गये भाषण की सीडी की जांच की गयी। जांचोपरांत पाया गया कि लगाये गये आरोप की पुष्टि सीडी के वीडियो क्लिप से सत्यापित नहीं हुई है। अतः प्रथम दृष्टया यह आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन का मामला नहीं बनता है।

### यूपी मदरसा एक्ट...

हाई कोर्ट ने मदरसा एक्ट को खारिज करते हुए कहा था कि वह अनुच्छेद-25 (1)(ए) का उल्लंघन करता है और इस तरह से हाई कोर्ट ने गलती की थी। इस मामले में इलाहाबाद हाई कोर्ट के फैसले को अंजुमन कादरी, मैनेजर्स असोसिएशन मदारीस अराबिया यूपी, ऑल इंडिया टीचर्स असोसिएशन मदरीस अराबिया नई दिल्ली, मैनेजरस असोसिएशन अरबी मदरसा नई बाजार और टीचर असोसिएशन मदरीस अरबिया कानपुर की ओर से चुनौती दी गई थी।

यूपी सरकार ने नहीं दी थी हाई कोर्ट के फैसले को चुनौती : यूपी सरकार ने हाई कोर्ट के फैसले को चुनौती नहीं दी थी, लेकिन सुनवाई के दौरान यूपी सरकार कह चुकी है कि इलाहाबाद हाई कोर्ट को यूपी बोर्ड ऑफ मदरसा एजुकेशन एक्ट 2004 को पूरी तरह से निरस्त नहीं करना चाहिए था। बल्कि हाई कोर्ट को सिर्फ उन प्रावधानों को निरस्त करना चाहिए था जो प्रावधान संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन करता है।

### गोड्डा में चुनाव से...

**हटिया से लौट रहे थे जॉन :** जिस समय गोलीकांड हुआ, उस समय झामुमो के कार्यकर्ता जॉन किस्कू डकैता हटिया से लौट रहे थे। पीछे उनकी पत्नी भी बाइक पर सवार थी। बाइक पर सवार दो अज्ञात बदमाश रेकी करते हुए ललमटिया चौक पहुंचे और ताबड़तोड़ गोलियां चला दीं। कुल चार राउंड गोली चलायी गयी। गोलीकांड के बाद ललमटिया के सिदो-कान्हू चौक के समीप की सभी दुकानें बंद हो गयीं। छठ को लेकर बाजार में चहल-पहल थी। गोलीकांड की घटना से वहां दहशत का माहौल है।

फरार है आरोपी : महगामा एसडीपीओ चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि जॉन किस्कू के शरीर के अंदर गोली फंस गयी थी। कुल चार राउंड गोली चली है। गोलीकांड के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस इसकी जांच कर रही हैं। आरोपी फरार है।

### सोहराय पर्व मना...

हादसे के विरोध में ग्रामीणों ने मंगलवार सुबह से सड़क जाम कर दिया।

घटना की सूचना मिलने पर प्रखंड विकास पदाधिकारी गोला, अंचलाधिकारी , थाना प्रभारी और इंस्पेक्टर ने घटनास्थल पर पहुंचे। लोगों को समझा बुझाकर सड़क जाम हटाने का प्रयास किया, लेकिन जाम नहीं हटा। जानकारी के अनुसार सोमवार देर रात ग्रामीण सोहराय पर्व के अवसर पर सड़क किनारे नाच गान कर रहे थे। तभी रजरप्पा से गोला की ओर आ रहे अनियंत्रित बोलेरो (जेएचओ 18जी 4500) ने लोगों को अपनी चपेट में ले लिया। इससे मुनिया देवी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। लगभग एक दर्जन लोग घायल हो गए। सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गोला ले जाया गया। वहां डाक्टर ने बगलासी देवी और निरंजन मांझी को मृत घोषित कर दिया। रोशनी कुमारी की मौत इलाज के लिए रांची ले जाने के क्रम मे रास्ते में हो गई। बताया जाता है कि बोलेरो दो दिन पूर्व ही रजरप्पा थाने से चोरी हो गई थी। ये बोलेरो उसरा निवासी एक चौकीदार की है।

### लातेहार में...

दरअसल, मंगलवार की रात कोयला लेकर दो ट्रक मगध कोलियरी के गोलीतांड के पास खड़े थे। इसी दौरान कुछ हथियार बंद अपराधी वहां पहुंचे और दोनों ट्रकों में आग लगा दी। घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी वहां से फरार हो गए। अपराधियों ने घटनास्थल पर एक पर्चा भी फेंका। यह पर्चा जेजेएमपी के जनरल कमेटी विक्रमजी के नाम से जारी है। पर्चा में स्पष्ट लिखा हुआ है कि संगठन से इजाजत लिए बिना यदि कोई काम करेगा, तो जेजेएमपी संगठन उस पर फौजी कार्रवाई करेगा।

लेवी के लिए दहशत फैलाने का प्रयास : बताया जाता है कि अपराधियों के द्वारा यह कार्य कोयला व्यवसायियों से लेवी और रंगदारी वसूलने के लिए दहशत फैलाने का प्रयास है। इस प्रकार आगजनी की कार्रवाई कर अपराधी कोलियरी में अपना प्रभाव जमाना चाह रहे हैं। हालांकि इस घटना के बाद कोलियरी में दहशत का माहौल भी देखा जा रहा है।

सूचना मिलते ही पुलिस की टीम रवाना : इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस की टीम तत्काल घटनास्थल की ओर रवाना हो गई। इस घटना की पुष्टि करते हुए एसपी कुमार गौरव ने बताया कि सूचना मिलने के बाद पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीम छापेमारी भी आरम्भ कर दी है। उन्होंने कहा कि जल्द ही घटना को अंजाम देने वाले अपराधियों को चिन्हित कर उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा।

### बांटने वाले भी...

उनके सुख दुःख में खड़ा रहने वाला कर्मठ और योग्य प्रत्याशी को भारी मतों से जिताकर विधानसभा भेजें। निश्चत तौर पर झारखंड में विकास की गंगा बहेगी।

श्री खड़गे के हाथों कांके क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता डॉ अलीमुल्लाह अंसारी, शाहदेव मुंडा, शाहदेव राम व गोबिंद नारायण तिवारी को शॉल देकर सम्मानित किया। इससे पहले सभा को केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर भी संबोधित किया।

मंच संचालन जिलाध्यक्ष डॉ. राकेश किरण महतो ने किया। मौके पर राजेश कच्छप, यशस्विनी सहाय, झामुमो के समनुर मंसुरी, जावेद अख्तर अंसारी, रंजीत टोप्पो, सोहराई टोप्पो, अईनुल हक अंसारी, संजर खान, जमील अख्तर आदि मौजूद थे।

### झारखंड में इंडिया...

1. गारंटी 1931 आधारित खतियान कीः इसमें 1932 के खतियान पर आधारित स्थानीयता नीति लाने, सरना धर्म कोड को लागू करवाने के साथ-साथ क्षेत्रीय भाषा-संस्कृति के संरक्षण को संकल्पत करने का वादा किया गया है।
2. गारंटी मंईयां सम्मान कीः दिसंबर 2024 से मंईयां सम्मान योजना के अंतर्गत महिलाओं को 2500 रुपये की सम्मान राशि देने का वादा किया गया है।
3. गारंटी सामाजिक न्याय कीः एसटी-28 प्रतिशत, एससी-12 प्रतिशत, ओबीसी को 27 प्रतिशत और अल्पसंख्यकों के हितों का संरक्षण और पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्रालय के गठन का वादा किया गया है।
4. गारंटी खाद्य सुरक्षा कीः राशन वितरण 7 किलो प्रति व्यक्ति देने का वादा। साथ ही गैस सिलेंडर राज्य के हर गरीब परिवार को 450 रुपये में देने का वादा किया गया है।
5. गारंटी रोजगार एवं स्वास्थ्य सुरक्षा कीः झारखड के 10 लाख युवक-युवतियों को नौकरी एवं रोजगार उपलब्ध कराने का वादा किया गया है। साथ ही 15 लाख तक परिवारिक स्वास्थ्य बीमा देने का वादा इस गारंटी के अंतर्गत किया गया है।
6. गारंटी शिक्षा कीः राज्य के सभी प्रखंडों में डिग्री कॉलेज तथा जिला मुख्यालयों में इंजीनियरिंग, मेडिकल कॉलेज और यूनीवर्सिटी की स्थापना का वादा किया गया है। साथ ही रोजगार के अवसर उपल्बध कराने के लिए औद्योगिक प्रोत्साहन नीति लाते हुए राज्य के सभी जिला मुख्यालयों में 500-500 एकड़ का औद्योगिक पार्क बनाने का वादा किया गया है।
7. गारंटी किसान कल्याण कीः इस गारंटी में धान के एमएसपी को 2400 रुपये से बढ़ाकर 3200 रुपये करने के साथ-साथ लाह, तसर, करंज, इमली, महुआ, चिरोंजी, साल बीज आदि के समर्थन मूल्य में 50 प्रतिशत तक की वृद्धि करने का वादा इस गारंटी में किया गया है।

### जब भी बंटे...

श्री योगी ने कहा कि कांग्रेस के कार्यकाल के दौरान चीन हमारे देश में घुस गया था, लेकिन आज चीन की सेना भी पीछे हट रही है। वहां भारत की सेना गश्त कर रही है। पाकिस्तान तो अब भारत का नाम सुनकर कांपने लगता है। पाकिस्तान सरकार को सपने आने लगे है कि, भारत कभी भी पाकिस्तान पर हमला कर सकता है। सरकार ऐसी होनी चाहिए जो दुश्मन के दिल को दहला दे, और हम यही कर रहे हैं। कांग्रेस और उनके सहयोगियों ने कश्मीर को एक समस्या दी थी, लेकिन मोदी जी ने 370 हटाकर समस्या का समाधान कर दिया।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस ने गरीबों को भूखा मरने और किसानों को आत्महत्या करने के लिए छोड़ दिया था। झामुमो-कांग्रेस और आरजेडी को जब भी मौका मिला, इन्होने गरीबों के पेट पर लात मारने का काम किया है। इन्होने झारखंड के युवाओं को पलायन करने के लिए मजबूर किया। किसानों को आत्महत्या के लिए मजबूर किया।

झामुमो-कांग्रेस-आरजेडी ने प्रकृतिक संसाधनों पर लूट मचाने का काम किया। एक गरीब आदमी को घर बनाने के लिए बालू नहीं मिलता, लेकिन बालू माफिया सरकार के संरक्षण में फल-फूल रहे है। यहां शराब माफिया, वन माफिया और भू माफिया सरकार के इशारे पर चल रहे है। इन भू माफियाओं का उपचार सिर्फ भाजपा ही है।

योगी ने कहा कि 2017 से पहले उत्तर प्रदेश में माफिया सीना तानकर चलते थे, लेकिन जब बुलडोजर चलना शुरु हुआ भू माफिया प्रदेश ही छोड़ गए। इनमें से कुछ लोग जेल चले गए और कुछ का राम नाम सत्य हो गया है। आज उत्तर प्रदेश से माफिया राज पूरी तरह से समाप्त हो चुका है। योगी आदित्यनाथ ने जनता से अपील करते हुए कहा कि, झारखंड में भाजपा की सरकार बनाओ और गरीबों को उसका हक और सम्मान मिलेगा।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि एनडीए गठबंधन और इंडी गठबंधन दोनों अपनी गॉरंटियां दे रही है, लेकिन भाजपा की गॉरंटियों में फर्क है। पीएम मोदी की गारंटी में युवाओं को रोजगार, महिलाओं और किसानों को सम्मान और हर वर्ग का कल्याण शामिल है। भाजपा ने जो अपनी पांच गारंटी दी है, इनमें लक्ष्मी जोहार योजना के तहत आपनी बहनों को 500 रुपए में गैस सिलेंडर दिया जाएगा। साथ ही एक साल मे दो सिलेंडर मुफ्त में उपलब्ध कराए जाएंगे।

गोगो दीदी योजना के तहत हर महीने की 11 तारीख को बहनो के खाते में 2100 रुपए भेजे जाएंगे। 21 लाख लोगों को पक्का घर और सभी परिवारों को घर बनाने के लिए मुफ्त बालू दिया जाएगा। युवा साथी भत्ता योजना के तहत ग्रैजुएट और पोस्ट ग्रैजुएट बेरोजगार युवाओं को दो वर्षों तक हर महीने 2,000 रुपये का भत्ता दिया जाएगा। यूपी के सीएम ने कहा कि भाजपा देश के स्वाभिमान की गारंटी है। युवाओं के रोजगार की गारंटी है, महिलाओं के सम्मान की गारंटी भाजपा है। झामुमो- कांग्रेस और आरजेडी ने प्रदेश में माफियाओं, अराजकता, सुरक्षा में सेंध को बढावा दिया है। इंडी गठबंधन देश की सुरक्षा और स्वाभिमान के साथ खिलवाड़ कर रहा है।

सीएम योगी ने बटेंगे तो कटेंगे का नारा दोहराया। उन्होंने जनता से कहा कि अपनी ताकत का एहसास करवाइए। जातियों में नहीं बंटना है। जाति के नाम पर कुछ लोग आपको बांटेंगे। कांग्रेस और विपक्ष यही काम करती है। ये लोग बांग्लादेशी घुसपैठियों, रोहिंग्या को बुला रहे हैं। एक दिन ये लोग आपको घर के अंदर घंटी और शंख भी नहीं बजाने देंगे। इसलिए एक रहिए और नेक रहिए। मैं तो कहता हूं कि देश का इतिहास गवाह है जब भी बंटे हैं, निर्ममता से कटे हैं। योगी आदित्यनाथ ने जनता से भाजपा सरकार बनाने की अपील की।

### हेमंत सरकार...

उन्होंने कहा कि झामुमो के रहते इस राज्य की जनता सुखी नहीं रह सकती है इसीलिए इसे हटाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आज संतालपरगना में बांग्लादेशी घुसपैठिए लगातार आ रहे हैं। इन्हें हेमंत सोरेन, कांग्रेस और राजद का संरक्षण प्राप्त है। क्योंकि ये घुसपैठिए इनके वोट बैंक हैं। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मैं इस क्षेत्र की जनता को सावधान करने आया हूं कि यही स्थिति रही तो यहां बांग्लादेशी घुसपैठियों का कब्जा हो जाएगा।

शिवराज सिंह ने कहा कि यह देश कोई धर्मशाला नहीं है कि जो भी आए उसे जगह मिल जाएगी। लेकिन वर्तमान की झारखंड सरकार इनका आधार कार्ड बनवा रही है, इनका नाम वोटर लिस्ट में चढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि कुछ वर्ष पहले तक इस क्षेत्र में 44 प्रतिशत आदिवासी थे, जो घटकर 28 प्रतिशत हो गए हैं। अब जैसे ही राज्य में भाजपा की सरकार बनेगी चुन-चुन कर घुसपैठियों को बाहर निकाला जाएगा। इनके खिलाफ एक नई क्रांति की जरूरत है। हमारी सरकार आने के बाद वैसी जमीन जो घुसपैठियों ने स्थानीय लोगों से खरीदी है, उनकी जमीन वापस की जाएगी।

प्राकृतिक संसाधनों को लूट रहे हैं हेमंत, बसंत : शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि हेमंत सोरेन और बसंत सोरेन यहां की प्राकृतिक संसाधनों को लूट रहे हैं। उनका सिद्धांत है बालू पार, गिट्टी पार और संपत्ति अपार। उनके नेताओं के यहां छापेमारी में करोड़ों रुपए बरामद हुए हैं। जो यहां की जनता की गाढ़ी कमाई है। हमारी सरकार बनते ही उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी और उनके रुपये को जब्त कर जनता के बीच बांटा जाएगा। झारखंड बीजेपी के प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि इस राज्य में हेमंत सोरेन की सरकार ने नौजवानों के नौकरियां को भी लूटने और बेचने का काम किया है। लगातार प्रश्न पत्र लीक हुए इन सबों पर कानूनी कार्रवाई होगी।

गिनाईं अपनी प्राथमिकताएं : शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि हमारी सरकार आएगी तो जनहित में कई फैसले लिए जाएंगे। धान का मूल्य 3100 रुपए प्रति क्विंटल किया जाएगा। इसके साथ ही प्रति एकड़ 5 हजार रुपए अनुदान भी दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने सरकारी नौकरियों का वादा किया था। लेकिन दिया नहीं। हमारी सरकार आते ही दो लाख 87 हजार जो खाली पद है, उन्हें भरे जाएंगे। पारा शिक्षक और अनुबंध कर्मियों की सेवा नियमित की जाएगी। साथ ही उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी आरक्षण खत्म करने की बात करते हैं। हमारी पार्टी भाजपा चाहे एससी हो, एसटी हो या फिर ओबीसी सभी को उनके आरक्षण का पूरा अधिकार देने का काम करेगी।

### झारखंड को ऊंचाइयों...

**जेएमएम 'जमकर मलाई मारो पार्टी' :** केंद्रीय मंत्री ने जेएमएम पर चुटकी लेते हुये कहा कि वह ₹जमकर मलाई मारो₹ पार्टी है। श्री सिंह ने झारखंड की दुर्दशा के लिये इंडी को जिम्मेवार ठहराया। गरीबों को 25 लाख आवास और फ्री बालू देने की वचनबद्धता दोहरायी। उन्होंने मुख्यमंत्री पर माफिया से घिरे होने, जनता की आकांक्षाओं को पूरी नहीं करने, खाली पड़े 2.57 लाख पदों को नहीं भरने व प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक कराने का आरोप लगाया।

**आर्थिक क्षेत्र में देश कर रहा तरक्की :** राजनाथ सिंह ने पीएम मोदी की तारीफ करते हुये कहा कि देश आर्थिक क्षेत्र में दुनिया के 5 वें पायदान पर है। 2027 तक हम तीसरे स्थान पर होंगे। विश्व पटल पर भारत का मस्तक ऊंचा उठने का दावा किया और कहा कि पहले कोई देश हमें सुनता नहीं था। किंतु, अब हमारी सुनी जा रही है। संचालन महानगर अध्यक्ष वरुण साहू ने किया।

**अस्तित्व बचाने का चुनाव : नवीन-** नवीन जायसवाल ने कहा कि चुनाव माटी, रोटी और अस्तित्व बचाने का है। संथाल में आदिवासियों की घटती आबादी पर चिंता जताते हुये उन्होंने परंपरा और संस्कृति को बचाने की आवश्यकता बतायी। श्री जायसवाल ने लोगों से एकजुट होकर भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की और मंईयां योजना को ढकोसला बताया।

**आदिवासियों पर हो रहा अत्याचारः डॉ रबीन्द्र-** प्रदेश भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रबीन्द्र राय ने हेमंत सोरेन को चौतरफा घेरा। उन्होंने आदिवासी बेटियों पर अत्याचार और राजधानी में लगातार हो रही हत्याओं के लिये राज्य सरकार की आलोचना की। श्री राय ने लोगों से घोटाले की सरकार को उखाड़ फेंकने का आह्वान किया। पार्टी प्रवक्ता प्रदीप सिन्हा ने भी अपनी बातें रखीं।

### झारखंड की खनिज...

अगर गलती से भी बीजेपी की सरकार बन गयी, तो सबसे पहले वे लोग हमारी सभ्यता, संस्कृति और परंपरा को नष्ट कर देंगे। पहले मतदान, फिर जलपान : गुमला में गांडेय विधायक कल्पना सोरेन ने कहा कि हमने सरना धर्म कोड मांगा। लेकिन, दिल्ली में बैठी भाजपा की सरकार सरना कोड नहीं दे रही है। केंद्र में बैठी भाजपा सरकार की गिद्ध दृष्टि हमारे झारखंड राज्य पर है। उनकी नजर यहां के खनिज संपदाओं पर है। ताकि वे झारखंड को लूटकर अपने उद्योगपति दोस्तों को लाभ दे सके। अपने भाषण के दौरान कल्पना सोरेन ने पहले मतदान फिर जलपान का नारा भी दिया। कल्पना ने कहा कि पहले चरण का मतदान 13 नवंबर को है। उस दिन पहले मतदान करने की उन्होंने अपील की।

बीजेपी पर बरसे भूषण तिर्की : गुमला विधानसभा चुनाव में झामुमो प्रत्याशी भूषण तिर्की ने कहा कि भाजपा आदिवासियों को जल, जंगल और जमीन से दूर कर रही है। इसे हमें एकजुट होकर रोकना है। तिर्की ने कहा कि ये झारखंड के हितैषी नहीं हैं। इन्हें न ही हमारी चिंता है। उन्होंने कहा कि बीजेपी को सिर्फ अपने व्यापारी साथियों की फिक्र है।

### नक्सली होने के...

भाजपा नहीं चाहती है कि आदिवासियों और मूलवासियों का विकास हो। सरकार के कार्यकाल पूरे होने में एक माह बाकी था। एक महीना पहले ही चुनाव करा दिया गया। चुनाव आयोग, सीबीआई, ईडी, इनकम टैक्स समेत सभी विभाग इनकी कठपुतली हैं।

दिसंबर से महिलाओं को मिलेंगे ढाई-ढाई हजार : हेमंत सोरेन ने उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि झारखंड देश का पहला राज्य है, जहां सरकार अपना पैसा खर्च कर छात्रों को विदेश में पढ़ा रही है। सर्वजन पेंशन, मंईयां योजना का लाभ दे रही है। हमारी सरकार बनते ही हर परिवार के खाते में एक-एक लाख रुपये देंगे। दिसंबर से हर महिलाओं के खाते में ढाई-ढाई हजार देंगे।

खनिज संपदाओं को लूटने से बचाना हैः जोबा सांसद जोबा मांझी ने कहा कि देवेन्द्र मांझी ने जल, जंगल, जमीन पर अधिकार और वनपट्टा के लिए आंदोलन किया। हेमंत सोरेन सरकार ने अनेक योजनाओं का लाभ दिया। आप कांग्रेस प्रत्याशी को जिताएं। खनिज संपदाओं को भाजपा के हाथों लूटने से बचाना है। यह पूंजीपतियों की सरकार है। गोगो दीदी योजना क्या है, यह किसी को समझ में नहीं आ रहा है।

जगन्नाथपुर विधानसभा सीट से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी सोनाराम सिंकु ने कहा कि फिर से हम सभी को मिलकर अगर हेमंत सोरेन को फिर मुख्यमंत्री बनाना है, तो इंडिया गठबंधन को जीताना होगा। मौके पर लक्ष्मी सुरेन, उपाध्यक्ष रंजीत यादव, जयप्रकाश महतो, चन्द्रशेखर दास, सोना देवगम, अभिषेक सिंकु, रीमु बहादुर, मनोज लागुरी, चुमन लाल लागुरी, बामिया माझी, प्रीतम बांकिरा, त्रिशानु राय, सौरभ अग्रवाल, मायाधर बेहरा, जय प्रकाश लागुरी, गुरुवारी देवगम, पार्वती किड़ो आदि मौजूद थे।

### भाजपा के बागी...

इसके अलावा बलवंत सिंह लातेहार, अरविंद सिंह खरसावां, बटेश्वर मेहता हजारीबाग, भैय्या बांके बिहारी हजारीबाग और चितरंजन साव बोकारो को भी निष्कासित किया गया है।

मिस्त्री सोरेन, राजकुमार और मिसिर कुजूर भाजपा से बाहर : भाजपा ने कर्नल संजय सिंह पलामू, हर्ष अजमेरा हजारीबाग, हजारी प्रसाद साहू रांची ग्रामीण, मिसिर कुजूर गुमला और मिस्त्री सोरेन पाकुड़ को भी पार्टी से बाहर का रास्ता दिखाया है। मुकेश कुमार शुक्ला पाकुड़, पुष्परंजन पलामू, राजकुमार सिंह जमशेदपुर महानगर, रामावतार केरकेट्टा रांची ग्रामीण, रामदेव हेम्ब्रम पूर्वी सिंहभूम और रामेश्वर उरांव लोहरदगा को भी निष्कासित कर दिया गया है।

उमेश भारती, शिवशंकर सिंह और शिवचरण महतो को निकाला : संतोष पासवान लातेहार, शिवचरण महतो पाकुड़, शिवशंकर बड़ाइक खूंटी, शिव शंकर सिंह जमशेदपुर, सुरेंद्र मोदी हजारीबाग, उपेंद्र यादव गढ़वा, उमेश भारती चतरा, विनोद सिंह पलामू को भी पार्टी से 6 वर्षों के लिए निष्कासित किया गया है।

जमशेदपुर के चार नेताओं को निकाला : भाजपा ने जमशेदपुर के चार नेताओं - राजकुमार सिंह, विकास सिंह, शिव शंकर सिंह और विमल बैठा को भी पार्टी से निकाल दिया है। इनका निष्कासन भी 6 साल के लिए किया गया है। निष्कासित नेताओं में शिव शंकर सिंह और राजकुमार सिंह जमशेदपुर पूर्वी से चुनाव लड़ रहे थे। विकास सिंह जमशेदपुर (पश्चिम) से और विमल बैठा जुगसलाई से निर्दलीय चुनाव लड़ रहे थे।

भाजपा के फैसले से बागी नेताओं को बड़ा झटका : भाजपा के महामंत्री और सांसद डॉ प्रदीप वर्मा ने बताया कि बागी नेताओं ने पार्टी के निर्देशों का उल्लंघन किया था। उन्होंने कहा कि पार्टी ने अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की है। भाजपा के इस फैसले से बागी नेताओं को बड़ा झटका लगा है। देखना होगा कि आने वाले समय में ये नेता क्या रुख अपनाते हैं।

### रांची सहित 20...

सीबीआई ने झारखंड उच्च न्यायालय के 18 अगस्तज, 2023 के आदेश के आधार पर भारतीय दंड संहिता की धारा 120बी के साथ पठित धारा 34, 379, 323, 500, 504 एवं 506, आर्म्स एक्ट की धारा 27, एससी/एसटी एक्ट की धारा 3(1)(5) एवं झारखंड खान एवं खनिज रियायत नियम 2004 की धारा 4/54 के तहत 20 नवंबर, 2023 को तत्काल मामला दर्ज किया था।

जांच से पता चला कि साहिबगंज जिले में बड़े पैमाने पर अवैध खनन गतिविधियों के फलस्वरूप सरकार को मुख्य रूप से रॉयल्टी का भुगतान न किए जाने एवं खनन कानूनों के उल्लंघन के कारण काफी नुकसान हुआ। फील्ड अन्वेषण से पता चलता है कि प्रमुख व्यक्ति एवं संस्थाएं कथित तौर पर इस ऑपरेशन में संलिप्त थी। उन्होंने अपनी गतिविधियों को छिपाने व अवैध रूप से प्राप्त संसाधनों/धन को डायवर्ट करने के लिए कई तरीके अपनाए। प्रारंभिक जांच में ऐसे साक्ष्य एकत्र किए गए, जिनसे पता चला कि अवैध खनन गतिविधि को अंजाम देने एवं इस प्रकार प्राप्त आय को छिपाने के लिए प्रमुख व्यक्तियों और फर्मों की संलिप्तता व सांठगांठ थी।आज की तलाशी उन संदिग्ध व्यक्तियों के परिसरों में की जा रही है, जिनकी भूमिका आगे की जांच के दौरान सामने आई है। इस मामलें में जांच जारी है।

## देवघर के एसपी बने अंबर लकड़ा, अधिसूचना जारी

**रांची।** राज्य सरकार ने अंबर लकड़ा को देवघर का नया एसपी बनाया है। वह 2011 बेच के आईपीएस अधिकारी हैं। इस संबंध में गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने मंगलवार को अधिसूचना जारी कर दी है। चुनाव आयोग के निर्देश के बाद धनबाद के गोविंदपुर में पदस्थापित झारखंड सशस्त्र पुलिस बल-3 के समादेष्टा को अगले आदेश तक देवघर का एसपी बनाया गया है। उल्लेखनीय है कि चुनाव आयोग के निर्देश पर राज्य सरकार ने देवघर के एसपी अजीत पीटर डुंगडुंग को तत्काल प्रभाव से उनके पद से हटा दिया था। इसके पूर्व जिले के सीनियर आईपीएस अशोक कुमार को एसपी का प्रभार दिया गया था। राज्य सरकार ने चुनाव आयोग के निर्देश पर तीन आईपीएस अफसर सरोजिनी लकड़ा, मनीष टोप्पो और अंबर लकड़ा का नाम आयोग को भेजा था। चुनाव आयोग की सहमति पर अंबर लकड़ा को देवघर का एसपी बनाया गया है। लोकसभा चुनाव के दौरान अजीत पीटर डुंगडुंग पर दल विशेष के पक्ष में काम करने का आरोप लगा था। इसके बाद चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनाव के समय ही अजीत पीटर डुंगडुंग को पद से हटाने का निर्देश दिया था। तब उन्हें एसपी के पद से हटाया गया था। पर लोकसभा चुनाव के बाद अजीत पीटर डुंगडुंग को फिर से देवघर का एसपी बना दिया गया। विधानसभा चुनाव के लिए आचार संहिता लगने के बाद पिछले दिनों चुनाव आयोग ने एक बार फिर देवघर के एसपी अजीत पीटर डुंगडुंग को हटाने का निर्देश राज्य सरकार को दिया था।

## चुनाव में ड्यूटी करने आए जवान ने खुद को मारी गोली

**लोहरदगा।** लोहरदगा जिले के भंडरा थाना क्षेत्र के राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय स्थित अस्थाई कैंप में एक एसएसबी जवान ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान कर्नाटक राज्य निवासी अनप्पा दुग्गल के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वह विधानसभा चुनाव ड्यूटी करने पहुंचे थे। घटना मंगलवार सुबह 4.30 बजे की है।

सुबह 4.30 बजे एसएसबी के जवान ने खुद को मारी गोली : जानकारी के मुताबिक मृत जवान अनप्पा दुग्गल अहले सुबह 4.00 बजे तक ड्यूटी करने के बाद दूसरे तल्ला के बाथरूम में गया। इसके बाद तकरीबन करीब 4.30 बजे अपने इंसास राइफल से जबड़े में गोली मारकर खुदकुशी कर ली। वह बीते महीने ही छुट्टी में अपने घर गया था। फिलहाल आत्महत्या की स्पष्ट जानकारी नहीं मिल सकी है। घटना की सूचना मिलते ही एसएसबी के अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गए। पुलिस के वरीय पदाधिकारी मृत एसएसबी के जवान के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इसके बाद उनके शव को पैतृक घर भेजा जाएगा।

## राहुल गांधी पर मानहानि के केस में फिर टली सुनवाई

सुलतानपुर । केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में मंगलवार को कोर्ट मजिस्ट्रेट के अवकाश के कारण सुनवाई टल गई। बीती तारीख पर परिवादी भाजपा नेता विजय मिश्र का साक्ष्य विशेष कोर्ट मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा की अदालत में दर्ज किया गया था। परिवादी विजय मिश्र के वकील संतोष पांडेय ने बताया कोर्ट मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा के अवकाश के कारण सुनवाई नही हो सकी। 31 अक्टूबर को कोर्ट में अवकाश होने के कारण सुनवाई मंगलवार को होनी थी। परिवादी से शेष जिरह के लिए 23 नवम्बर की तारीख नियत की गई है। बेंगलुरु में एक जनसभा के दौरान राहुल गांधी ने तत्कालीन बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष व मौजूदा केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। जिसको लेकर कोतवाली देहात थाने के हनुमानगंज निवासी कोआपरेटिव के पूर्व चेयरमैन व बीजेपी नेता विजय मिश्रा ने चार अगस्त 2018 को राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया था, जिसमें राहुल गांधी की जमानत व बयान दर्ज हो चुका है। परिवादी से जिरह की कार्रवाई में मामले की सुनवाई नियत की गई है।

## बरसाना में बरसे लाठी-डंडे, एक घंटे तक जमकर हुआ पथराव, एक की मौत

**–मामूली कहासुनी के बाद खूनी संघर्ष, क्षेत्र में तनाव, पुलिस बल तैनात**

मथुरा। बरसाना के गांव रांकोली में मामूली कहासुनी को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि दो पक्ष आमने–सामने आ गए और दोनों पक्षों में जमकर लाठी, डंडे चले व पथराव भी हुआ। इसमें बीच–बचाव करने आए एक बुजुर्ग की लाठी लगने से मौत हो गई। घटना के बाद गांव में तनावपूर्ण स्थिति है वहां पुलिस बल तैनात किया गया है। जानकारी के मुताबिक मंगलवार को बरसाना क्षेत्र के राकोली गांव में देवीराम और रामधन में पुरानी रंजिश को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बड़ा कि उसने संघर्ष का रुप ले लिया और दोनों पक्षों की तरफ से लाठी–डंडा व पथराव शुरु हो गया। करीब एक घंटे तक दोनों पक्षों के बीच पथराव होता रहा। इस दौरान देवीराम चोटिल हो गया। वहीं बीच बचाव करने आए बुजुर्ग हीरालाल को डंडा लग गया जिससे उनकी मौत हो गई। घटना के बाद गांव में पुलिस बल तैनात है। बताया जा रहा है कि तीन दिन पहले भी दोनों पक्षों में झगड़ा हुआ था। थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों पक्षों में आपसी कहासुनी को लेकर झगड़ा हो गया था। वहीं बीच बचाव के दौरान एक बुजुर्ग हीरालाल की लाठी लगने से मृत्यु हो गई। पुलिस ने दोनों पक्षों पर मामला दर्ज लिया है और आगे की कार्रवाई शुरु कर दी है।

## कानपुर में निजी अस्पताल के संचालक पर नर्स से दुष्कर्म करने का आरोप

कानपुर । उत्तर प्रदेश के कानपुर में निजी अस्पताल के संचालक पर 22 वर्षीय नर्स का रेप करने का आरोप लगा है। रिपोर्टों के अनुसार, यह आशंका है कि रेप से पहले आरोपी ने नर्स को नशीला पदार्थ पिलाया, इसके बाद बेहोशी में उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने बताया कि पीड़िता पिछले कुछ माह से अस्पताल में नर्स के रूप में काम कर रही थी। बीती रविवार शाम को नर्स को अस्पताल के डायरेक्टर द्वारा आयोजित पार्टी में शामिल होने के लिए बुलाया गया था। तभी आरोपी डायरेक्टर इम्तियाज ने नर्स को आधी रात के आसपास अपने कमरे में बुलाकर जबरदस्ती अंदर खींचकर दरवाजा बंद कर लिया। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने रात में नर्स को बंधक बनाकर उसके साथ दुष्कर्म किया और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी। कानपुर पुलिस ने नर्स की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर आरोपी इम्तियाज को गिरफ्तार किया है। जहां अदालत में पेश किया गया है। पीड़िता ने बताया कि वह 22 साल की है और आरोपी के नर्सिंग होम में नर्स है। देर रात डायरेक्टर ने नाइट ड्यूटी के बहाने पार्टी के लिए रोका और उसके बाद अकेला पाकर मुझे कमरे में खींच लिया।

## तीन साल में बांधवगढ़ में 93 बाघों की मौत, अभी 10 हाथियों की एक साथ हुई मौत

भोपाल । बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में पिछले तीन सालों में 93 बाघों की मौत हुई है। इन मोतों को रोकने में वन विभाग के अधिकारी असफल साबित हुए हैं। इस साल में भी 12 बाघ अभी तक मर चुके हैं। यह सभी मौतें टाइगर रिजर्व के अंदर हुई है। हाल ही में बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में 10 साथियों की मौत हुई है। रात भर हाथी चिंघाड़ते रहे। इसके बाद भी वन कर्मियों ने उनकी सुध नहीं ली। टाइगर रिजर्व में जिस तरह से वन्य जीवों की मौत हो रही है। उसको लेकर देश भर में चिंता प्रकट की जा रही है। वन्यजीवों की मौत का सिलसिला यहां पर रुक नहीं रहा है। लगातार वन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की शिकायत शासन स्तर पर होती हैं। लेकिन पिछले तीन वर्षों में कोई बदलाव देखने को नहीं मिल रहा है। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने इस बार कड़ा रुख अख्तियार किया है।

## मध्य प्रदेश में तेजी से फैल रहा लंपम्पी वायरस

नीमच । मध्य प्रदेश के नीमच और मंदसौर जिले में लंमम्पी वायरस का संक्रमण तेजी के साथ फैल रहा है। पशु चिकित्सालयों में उपचार की व्यवस्था नहीं है। अस्पतालों में डॉक्टर भी उपलब्ध नहीं है। अभी तक अकेले नीमच में 200 से ज्यादा मवेशियों की मौत उक्त वायरस के कारण हो चुकी है। मवेशियों को जो वैक्सीन डोज लगाए जाते हैं। उसका काम भी अभी तक शुरू नहीं हुआ है। जब लंमम्पी वायरस तेजी के साथ फैल रहा है। उसके बाद पशु चिकित्सा विभाग ने 1 लाख वैक्सीन मगाने की प्रक्रिया शुरू की है। इससे समझा जा सकता है, पशु चिकित्सा विभाग किस तरह से सजग है। लगभग एक माह से प्रदेश के कई हिस्सों में लंम्पी वायरस फैलने की जानकारी आना शुरू हो गई थी। उसके बाद भी पशु चिकित्सा विभाग द्वारा वैक्सीनेशन नहीं किया गया।

# यूपी मदरसा बोर्ड पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का मौलाना महमूद मदनी ने किया स्वागत

**लखनऊ (एजेंसी)।** जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमूद मदनी ने उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा बोर्ड अधिनियम, 2004 पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत किया, इसे %न्याय की जीत% और %अंत में बहुत जरूरी रोशनी% बताया। भारतीय मुस्लिम समुदाय के लिए %सुरंग%. उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि शीर्ष अदालत का फैसला सराहना का पात्र है, उन्होंने कहा कि अक्सर ऐसे फैसले देने के लिए न्यायपालिका, खासकर निचली अदालतों की आलोचना होती है, जो कुछ मामलों में अन्यायपूर्ण लगते हैं। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत किया जाना चाहिए। हमारी अदालतों और खासकर निचली अदालतों के खिलाफ शिकायत है कि उनके फैसले कई मामलों में न्याय के खिलाफ हैं।



भारत के मुख्य न्यायाधीश की जियो और जीने दो% वाली टिप्पणी पर विचार करते हुए, उन्होंने प्रत्येक भारतीय के लिए एक मार्गदर्शक सिद्धांत के रूप में इसके महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आज भारत के मुसलमान निराश महसूस कर रहे हैं। इसके कई कारण हैं। मुझे लगता है कि यह फैसला सभी के लिए आश्वस्त करने वाला होगा। मैं यूपी मदरसा बोर्ड एसोसिएशन और टीचर्स एसोसिएशन को उनकी लड़ाई के लिए बधाई देता हूं।

मुस्लिम धार्मिक नेताओं और विपक्षी दलों ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा बोर्ड अधिनियम की वैधता को बरकरार रखने वाले सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत किया। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के वरिष्ठ सदस्य मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने कहा कि अब मदरसे पूरी आजादी के साथ चल सकते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा बनाया गया कानून असंवैधानिक कैसे हो सकता है? इन मदरसों से हजारों लोग जुड़े हुए हैं और सुप्रीम कोर्ट के फैसले से उन्हें बड़ी राहत मिली है। अब हम पूरी आजादी के साथ अपने मदरसे चला सकते हैं।

## कमला हैरिस के पैतृक गांव में अमेरिका चुनाव में उनकी जीत के लिए की गयी विशेष पूजा

चेन्नई । अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के पैतृक गांव तिरुवनंतपुरम जिले के थुलसेंद्रपुरम में श्री धर्मस्थ मंदिर में उनके राष्ट्रपति चुनाव में जीत के लिए विशेष पूजा का आयोजन किया। श्री धर्मस्थ मंदिर कमला हैरिस की मां श्यामला गोपालन का पैतृक मंदिर है। कमला के दादा पी.सी. गोपालन ने मंदिर के जीर्णोद्धार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। मंदिर के बोर्ड पर दिखाया गया है कि कमला ने मंदिर को 5,000 रुपए का दान दिया, जो उनकी मौसी सरला ने उनकी ओर से किया। ग्रामीणों ने बताया कि पूरा गांव कमला के लिए प्रार्थना कर रहा है। उनके लिए कई पूजा आयोजित हुई हैं। उन्होंने कमला की सफलता के लिए गर्व महसूस कर कहा कि वह एक ऐसी महिला हैं जो वैश्विक मामलों को प्रभावित करने वाले पद के लिए लड़ रही हैं। गांव के लोग कमला की जीत के लिए उत्साहित हैं और यदि वह जीतती हैं, तो अन्नदानम (मुफ्त भोजन वितरण) के साथ जश्न मनाने की योजना बना रहे हैं। डीएमके पार्षद अरुलमोझी और उनके पति टी सुथाकर ने चंदन, हल्दी और अन्य पवित्र वस्तुओं के साथ एक विशेष अभिषेक किया है, और मंदिर में पीठासीन देवता की पूजा की है।



## महाराष्ट्र विस चुनाव के बीच शरद पवार ने किया संन्यास लेने का इशारा, क्या पड़ेगा चुनाव पर असर



**लखनऊ (एजेंसी)।** मुंबई (ईएमएस)। महाराष्ट्र में विधानसभा चुनावों के बीच, राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री शरद पवार ने राजनीति से संन्यास लेने का इशारा किया हैं। 84 वर्षीय पवार, जो वर्तमान में राजनीति में सक्रिय हैं, ने कहा कि अब समय आ गया है कि नए नेताओं को मौका दिया जाए।

पवार ने अपने रिटायरमेंट पर कहा, कहीं रुकना ही पड़ेगा। मुझे अब कोई चुनाव नहीं लड़ना है। मुझे चुनाव को लेकर रुकना पड़ेगा और नए लोगों को मौका देने का समय आ गया। उन्होंने बताया कि 14 बार चुनाव लड़ा है और अब वह सरकार का हिस्सा नहीं रहना चाहते हैं। पवार ने अपने राज्यसभा कार्यकाल को लेकर भी विचार व्यक्त किया, इसमें अभी डेढ़ साल का समय है। उन्होंने कहा, इसके बाद मैं राज्यसभा में जाऊंगा या नहीं, इस पर मुझे विचार करना है। मैं अब चुनाव नहीं लड़ूंगा। मुझे अब एमएलए या एमपी नहीं बनना है। मैं लोगों की सेवा करना चाहता हूं। पवार ने कहा कि यदि उनकी विचारधारा के अनुसार सरकार बनती है, तब वे मजबूती से उसके साथ खड़ा रहूंगा। इस साल की शुरुआत में, अजित ने शरद पवार की उम्र को लेकर तंज करते हुए कहा था कि इस उम्र में उन्हें घर में रहना चाहिए। इसके जवाब में, शरद ने कहा कि उनकी उम्र पर टिप्पणी करने वाले अजित को समझना चाहिए कि उनके पास अभी भी राज्यसभा में काम करने का समय बचा है।

# बिना डर के घूमें मुस्लिम बहनें, अगर कोई भी गुंडागर्दी करें तो ठोक दो : नितिन गडकरी

**नागपुर (एजेंसी)।** केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने मुस्लिम महिलाओं की सुरक्षा को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि मुस्लिम महिलाओं को भी बिना किसी डर के बाहर निकलना चाहिए और यदि कोई गुंडागर्दी करता है तो उसे सख्ती से निपटने की जरूरत है। गडकरी ने यह टिप्पणी नागपुर के ताज बाग में गुंडागर्दी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान की।

गडकरी ने कहा कि हमने नागपुर में इतनी मजबूत सड़कें बनाई हैं कि अब एक भी गड्ढा नहीं मिलेगा। उन्होंने कहा कि मैंने ठेकेदारों को चेतावनी दी है कि अगर सड़क पर गड्ढे मिले तो उन्हें गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। गडकरी का यह बयान ऐसे समय आया है जब वह कांग्रेस पर हमलावर थे और



उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने 60 सालों में जनता के लिए कुछ नहीं किया और हमेशा जातिवाद की राजनीति की है।

गडकरी ने यह भी कहा कि उनकी सरकार ने मुसलमानों की चिकित्सा जरूरतों का ध्यान रखा है और उन्होंने यह नहीं पूछा कि किसी की जाति क्या है। हमने ताज बाग का सौंदर्यीकरण किया है और गुंडागर्दी को खत्म करने के लिए डिप्टी कमिश्नर से बात की है। उन्होंने आगे कहा कि मुस्लिम बहनें रात को ताज बाग के रास्ते पर सुरक्षा के साथ घूम सकती हैं। यदि कोई गुंडा उन्हें परेशान करे तो उसे ठोक दो और अगर कोई कुछ कहे तो मेरा नाम बताओ, मैं चिंता नहीं करूंगा। मेरी मां-बहनों की इज्जत सुरक्षित रहनी चाहिए। गडकरी के इस बयान ने महिलाओं की सुरक्षा और राजनीतिक विमर्श में एक नई चर्चा छेड़ दी है, जिसमें वह एक मजबूत संदेश देते हुए नजर आ रहे हैं कि हर किसी को अपनी सुरक्षा के लिए खड़ा होना चाहिए।

## दिल्ली में सर्वे का अनुमान : बीजेपी का खत्म होगा 28 साल का वनवास, 43.4 फीसदी वोट मिलने की उम्मीद

नई दिल्ली (ईएमएस)। दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले एक सर्वेक्षण के अनुमान में इस बार बीजेपी की सरकार बनने का दावा किया जा रहा है। इस प्रकार यदि सर्वे की बात सच होती है तो दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी का 28 साल का वनवास खत्म होने जा रहा है। सर्वे के अनुसार, दिल्ली में भाजपा को इस बार 43.4 फीसदी वोट मिलने का अनुमान है। सूत्रों के मुताबिक, बीजेपी के हालिया अंदरूनी सर्वे के बाद 2013 के बाद पहली बार लग रहा है कि वो दिल्ली में सरकार बनाने की स्थिति में आ जाएगी। दरअसल, बीते दिनों पार्टी के अंदरूनी सर्वे में आगामी विधान सभा चुनाव में 43.4 फीसदी वोट मिलने की संभावना के बाद बीजेपी ने इसको 46 फीसदी तक ले जाने का टारगेट रखा है। ऐसे में महाराष्ट्र और झारखंड चुनाव नतीजों के बाद दिल्ली पर फोकस बढ़ेगा। दिल्ली के पड़ोसी राज्य हरियाणा में मिली जीत से उत्साहित बीजेपी का ध्यान इस वक्त महाराष्ट्र और झारखंड में भले हो लेकिन दिल्ली विधानसभा चुनाव जीतने की रणनीति पर अमल अभी से शुरू हो गया है। लगातार तीन बार लोकसभा चुनाव में जीत हासिल करने वाली भारतीय जनता पार्टी विधानसभा चुनाव में जिन वजहों से पीछे जाती है, उन पर अभी से ही पार्टी का फोकस है। इसके लिए आरएसएस के पदाधिकारियों ने हरियाणा की तर्ज पर पूरी ताकत लगा दी है और कार्यकर्ता हर बूथ पर 5 लोगों से मुलाकात कर रहे हैं।

# कर्नाटक हाईकोर्ट ने सीएम सिद्दारमैया समेत अन्य को जारी किया नोटिस

**–आरटीआई कार्यकर्ता ने की मुडा मामले को सीबीआई को सौंपने की मांग**



**बेंगलुरु (एजेंसी)।** कर्नाटक हाईकोर्ट ने मंगलवार को आरटीआई कार्यकर्ता की ओर से दायर रिट याचिका पर सीएम सिद्दारमैया और अन्य को नोटिस भेजा है। इस याचिका में मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (मुडा) मामले को सीबीआई को स्थानांतरित करने का निर्देश देने की मांग की गई है। न्यायमूर्ति एम नागप्रसन्ना ने सिद्दारमैया की पत्नी पार्वती, उनके साले मल्लिकार्जुन स्वामी, भारत संघ, राज्य सरकार, सीबीआई और लोकायुक्त को भी नोटिस जारी किया है। उन्होंने लोकायुक्त को मामले में अब तक की गई जांच का ब्यौरा पेश करने का भी निर्देश दिया है। कोर्ट ने इस मामले की अगली सुनवाई 26 नवंबर तय की है।

इस बीच लोकायुक्त पुलिस ने सीएम सिद्दारमैया को 6 नवंबर को पूछताछ के लिए बुलाया है। इससे पहले 25 अक्टूबर को लोकायुक्त ने सीएम की पत्नी पार्वती से भी पूछताछ की थी जो इस मामले में आरोपी हैं। सीएम पर आरोप है कि मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (मुडा) ने उनकी पत्नी को 14 प्लॉट के आवंटन में अनियमितताएं की हैं। मामले में सीएम सिद्दारमैया, उनकी पत्नी पार्वती, स्वामी, देवराजू और अन्य लोगों का नाम शामिल है, जिन्हें मैसूर स्थित लोकायुक्त पुलिस द्वारा 27 सितंबर को दर्ज की गई एफआईआर में नामित किया है। स्वामी और देवराजू ने लोकायुक्त पुलिस के सामने गवाही भी दी है।

गौरतलब है कि मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (मुडा) एक स्वायत्त संस्था है, जिसका कार्य शहर के विकास कार्यों के लिए भूमि के अधिग्रहण और आवंटन का है। इसे भूमि घोटालों की वजह से मुडा नाम दिया गया है। इस मामले से जुड़े अधिकारियों के नाम भी सामने आए हैं और इसे करीब पांच हजार करोड़ रुपए का घोटाला माना जा रहा है।

सीएम सिद्दारमैया पर लगे भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों में कहा है कि उनकी पत्नी पार्वती को उनके भाई मल्लिकार्जुन ने कैसारे गांव में कुछ जमीन गिफ्ट के रूप में दी थी। इस जमीन को बाद में मुडा ने अधिग्रहित कर लिया और इसके बदले पार्वती को विजयनगर इलाके में 38,223 वर्ग फीट के प्लॉट दिए गए। आरोप है कि विजयनगर के प्लॉट की कीमत उनके मूल कीमत से काफी ज्यादा है, जिससे इन पर लगे आरोपी की पुष्टि होती है।

## गैरकानूनी तरीके से फडणवीस ने रश्मि शुक्ला को बनाया डीजीपी : राउत

**मुंबई (एजेंसी)।** राज्यसभा सांसद एवं शिवसेना (उद्धव बालासाहब ठाकरे) नेता संजय राउत ने महाराष्ट्र चुनाव से पहले पुलिस महानिदेशक रश्मि शुक्ला के हटाए जाने पर तीखी प्रतिक्रिया दी। शिवसेना यूबीटी गुट के नेता राउत ने कहा कि रश्मि को डीजीपी बनाना एक गंभीर अपराध है। राऊत ने आरोप लगाया कि पूर्व गृहमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने रश्मि को गैरकानूनी तरीके से नियुक्त किया था, जबकि रश्मि निलंबित थीं और अपने पद पर रहते हुए भाजपा के विरोधियों के फोन टैप कर रही थीं।

राउत ने कहा कि रश्मि शुक्ला ने चुनावी प्रक्रिया में दखल देकर विधायक चुने जाने के बाद कई नेताओं को धमकाया और डराया था। उनका निलंबन होने वाला था और वे जेल जाने की स्थिति में थीं। उन्होंने आरोप लगाया कि सत्ता परिवर्तन के बाद फडणवीस ने रश्मि के खिलाफ सभी मामलों को हटाने के बाद उन्हें पुलिस महासंचालक बना दिया। राउत ने कहा कि भाजपा ने इस स्थिति का फायदा उठाया और पुलिस महासंचालक के कार्यालय को राजनीतिक उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल किया। राउत ने चुनाव आयोग की भूमिका पर भी सवाल उठाकर कहा कि उन्होंने बार-बार चुनाव आयोग से शिकायत की थी कि रश्मि को हटाया जाए। उन्होंने कहा, अगर उनका तबादला नहीं किया गया, तब चुनाव आयोग की थोड़ी बहुत इज्जत भी चली जाएगी। यही कारण है कि उनका



तबादला किया गया।

इसके अलावा, महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के प्रमुख राज ठाकरे को लेकर राउत ने कहा कि महाराष्ट्र बहुत बड़ा है और यहां 288 विधानसभा सीटें हैं। शिवसेना के उम्मीदवारों के जीतने की संभावना पर राउत ने भाजपा के इस दावे का जवाब दिया कि शिवसेना किसी की निजी प्रॉपर्टी नहीं है। उन्होंने कहा, यह शिंदे की प्रॉपर्टी नहीं है। यह अमित शाह और पीएम नरेंद्र मोदी की प्रॉपर्टी नहीं थी। यह बालासाहब ठाकरे और शरद पवार की विरासत है, इस उद्धव ठाकरे को सौंपा गया था।

## तांत्रिक ने तबाह किया परिवार: पत्नी व चार बच्चों की हत्या कर की खुदकुशी

**–जघन्य हत्याकांड से इलाके में फैली सनसनी**

**वाराणसी (एजेंसी)।** वाराणसी में भेलूपुर के भदैनी इलाके में तांत्रिक के कहने पर शराब कारोबारी ने राजेंद्र गुप्ता ने अपने पूरे परिवार को खत्म कर खुदकुशी कर ली। राजेंद्र गुप्ता ने पत्नी नीतू गुप्ता (42), बेटा नवनेंद्र (20) और सुबेंद्र (15), बेटी गौरांगी (16) की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस कारोबारी की तलाश कर ही रही थी कि उसकी भी लाश दूसरे घर के पास मिली। लाश बगल में पिस्टल भी मिला है। माना जा रहा है कि उसने आत्महत्या कर ली है। जघन्य हत्याकांड की जानकारी मिलते ही सनसनी फैल गई। पुलिस अब उस तांत्रिक की तलाश कर रही है जिसके कहने पर इतनी बड़ी वारदात को अंजाम दिया गया है। पड़ोसियों के अनुसार तांत्रिक ने कारोबारी से कहा था कि उसकी पत्नी कारोबार में बाधा है। इस कारण वह दूसरी शादी के चक्कर में भी पड़ा था। अक्सर इसे लेकर पति-पत्नी में झगड़ा होता था। घर में कारोबारी की मां भी थी लेकिन काफी बुजुर्ग होने के चलते वह ठीक से न तो बोल पा रहीं और न चल-फिर पाती हैं। अब वह ही अकेली बची हैं।

**घर में पहले भी हो चुकी थी पांच हत्याएं**

बताया जाता है कि इस घर में इससे पहले भी पांच हत्याएं हो चुकी हैं। पिता, दो गार्ड, भाई और उसकी पत्नी की भी हत्या हुई थी। पड़ोसियों की मानें तो हत्या में कारोबारी जेल भी गया था। जघन्य वारदात का पता मंगलवार की दोपहर तब लगा जब नौकरानी रेनू वर्मा घर पर काम करने के लिए आई। नौकरानी ने बताया कि मैं यहां 5 साल से काम कर रही हूं। सबकुछ अच्छा चल रहा था। सोमवार शाम को मैं खाने बनाने आई तो घर में सिर्फ दो बच्चे थे। मैं खाना बनाकर करीब 6.30 बजे चली गई। इसके बाद सबेरे सबसे पहले सफाई करने वाली रीता पहुंची। उसने आवाज दी, लेकिन किसी का जवाब नहीं मिलने पर उसने दरवाजा खटखटाया। हल्के से धक्के में दरवाजा खुल गया। देखा तो कमरे में चारों लोगों की लाश पड़ी है। आसपास खून बिखरा था। यह देखते ही रीता बेहोश हो गई। तत्काल पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी। बताया जाता है कि मारा गया बड़ा बेटा नवनेंद्र बेंगलुरु में मल्टीनेशनल कंपनी में इंजीनियर था। वह दिवाली पर छुट्टी लेकर घर आया था। घर पर छठ मनाने की तैयारियां चल रही थीं। छोटा बेटा और बेटी डीपीएस में पढ़ते थे।

**पैसों की नहीं थी कोई कमी**

कारोबारी राजेंद्र गुप्ता को पैसे की कोई कमी नहीं थी। उसके पास शहर में कुल चार घर हैं। दो घर तो 50-50 कमरों के हैं। जिस घर में हत्यकांड को अंजाम दिया गया है उसमें 20 कमरे का किराया 80 हजार रुपए आता था। 30 कमरों का रेंट दो लाख से ज्यादा था। इसके अलावा भदैनी में ही दूसरे घर से भी करीब दो लाख से ज्यादा रेंट मिलता था।

## जिस जमीन से लोग ताजमहल का करते हैं दीदार, उस पर किसान ने ठोका दावा

**आगरा (एजेंसी)।** आगरा में ताजमहल के निकट स्थित ग्यारह सीढ़ी पार्क को लेकर एक नया विवाद सामने आया है। कछपुरा के निवासी किसान मुन्ना लाल ने दावा किया है कि इस पार्क में उनकी पुश्तैनी जमीन का एक हिस्सा है, जिस पर उन्होंने 40 वर्षों की लंबी कानूनी लड़ाई के बाद अधिकार प्राप्त किया है। उनका कहना है कि यह जमीन उनके पूर्वजों द्वारा उपयोग की जाती थी और इसके लिए उनके पास सभी कानूनी दस्तावेज भी मौजूद हैं। मुन्ना लाल के अनुसार, उनकी जमीन पर पहले उनके पिता और चाचा खेती करते थे। लेकिन 1976 में भूमि सीलिंग के कारण यह जमीन उनके हाथ से निकल गई। इसके बावजूद, उन्होंने न्यायालय में अपने स्वामित्व का दावा किया और 1998 और 2020 में जारी दस्तावेजों में भूमि का ट्रांसफर उनके पक्ष में दर्ज किया गया है। हाल ही में, मुन्ना लाल ने पार्क के अंदर छह बीघा जमीन



जोत दी है और इसे चारों ओर तार से घेरकर आम जनता की एंट्री पर बैन लगा दिया है।

आगरा की मंडलायुक्त ऋतु महेश्वरी ने बताया कि यह भूमि आगरा विकास प्राधिकरण (एडीए) के अधिकार क्षेत्र में आती है। उन्होंने कहा कि पूरे मामले की जांच की जा रही है। एडीए का उद्देश्य इस पार्क को एक आकर्षक मनोरंजन और सांस्कृतिक केंद्र के रूप में विकसित करना है, जिसमें ताज महोत्सव जैसे आयोजन भी शामिल हैं। ग्यारह सीढ़ी पार्क, जो पर्यटकों के लिए एक लोकप्रिय स्थल है, खासकर सूर्यास्त के समय ताजमहल का दृश्य देखने के लिए, अब विवादों में घिर गया है। स्थानीय पर्यटक गाइड फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय महासचिव शकील चौहान ने कहा कि इस नए विवाद ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं, खासकर उस समय जब ताजमहल के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में पर्यटक यहां आते हैं। मुन्ना लाल ने अपनी कानूनी लड़ाई के दौरान कई बार स्थानीय अधिकारियों से संपर्क किया है और उनका दावा है कि उनके पास अदालत के आदेश और रेवेन्यू रिकॉर्ड में स्वामित्व की पुष्टि भी है। अब यह देखना होगा कि स्थानीय प्रशासन और न्यायालय इस विवाद का समाधान कैसे निकालते हैं और पर्यटकों के लिए पार्क की स्थिति पर इसका क्या असर पड़ेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### शाकिब अल हसन मुसीबत में फंसे, गेंदबाजी एक्शन की होगी जांच



**लंदन (एजेंसी)।** काउंटी चैंपियनशिप में सरी के लिए खेलने के दौरान अंपायर्स ने शाकिब अल हसन के गेंदबाजी एक्शन को लेकर दी गई रिपोर्ट के बाद इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने बंगलादेश के ऑलराउंडर शाकिब से अपने गेंदबाजी एक्शन की जांच करवाने के लिए कहा है। शाकिब को खेलने से नहीं रोका गया है लेकिन यह पता चला है कि शाकिब के एक्शन की जांच कराने के लिए बातचीत चल रही है। यह जांच अगले कुछ सप्ताह में हो सकती हैं। शाकिब के दो दशक लंबे करियर में यह पहली बार है जब उनका गेंदबाजी एक्शन किसी तरह की जांच का विषय बना है। इस दौरान शाकिब ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में 447 मैचों में 712 विकेट लिए हैं, जिसमें 71 टेस्ट में 246 विकेट शामिल हैं। सितंबर में टॉन्टन में सोमरसेट के खिलाफ खिताबी मुकाबले में 37 वर्षीय शाकिब ने 9 विकेट चटकाए थे। 2010-11 के बाद शाकिब पहली बार काउंटी चैंपियनशिप में खेल रहे थे। इंग्लैंड के 8 खिलाड़ियों के राष्ट्रीय टीम में होने के कारण, विल जैक्स और डैन लॉरेंस जैसे दो प्रमुख स्पिनरों की अनुपस्थिति में शाकिब ने सरी के साथ कम समय का करार किया था। हालांकि शाकिब सोमरसेट को 111 रनों से जीत हासिल करने से नहीं रोक सके और सरी लगातार अपना तीसरा चैंपियनशिप खिताब जीतने में सफल नहीं हो पाया। उस मैच में शाकिब ने 63 ओवर से अधिक गेंदबाजी की थी लेकिन एक बार भी उनकी गेंदबाजी के दौरान थ्रो करने का हवाला देकर किसी गेंद को नो बॉल करार नहीं दिया गया था। अब यह बात निकलकर सामने आई है कि मैदानी अंपायर्स ने उनके गेंदबाजी एक्शन को संदिग्ध पाया था।

### रोहित शर्मा के पहले बीजीटी टेस्ट में न खेलने पर सुनील गावस्कर का तीखा हमला



**मुंबई (एजेंसी)।** बहुप्रतीक्षित बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज 22 नवंबर को पर्थ में शुरू होगा जिसमें भारतीय कप्तान रोहित शर्मा पहले टेस्ट में दिखाई नहीं देंगे। इस पर दिग्गज बल्लेबाज सुनील गावस्कर का मानना ??है कि अगर कप्तान शुरुआत से ही टीम में नहीं है, खासकर जब टीम शर्मनाक हार से उबर रही हो, तो उसे सीरीज के बाकी मैच एक साधारण खिलाड़ी के तौर पर खेलने चाहिए, जबकि उप-कप्तान को पूरी सीरीज में टीम की अगुआई करनी चाहिए।

उन्होंने कहा, मैंने पढ़ा है कि रोहित शर्मा ऑस्ट्रेलिया सीरीज के पहले दो टेस्ट नहीं खेलेंगे। मुझे लगता है कि ऐसी स्थिति में चयन समिति को जसप्रीत बुमराह को पूरे ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए टीम का कप्तान नियुक्त करना चाहिए और रोहित शर्मा से कहना चाहिए कि आप इस श्रृंखला में एक खिलाड़ी के रूप में भाग लें। पहले टेस्ट मैच के लिए रोहित शर्मा को वहां होना चाहिए।

# 2036 ओलंपिक और पैरालंपिक की मेजबानी के लिए भारत ने बढ़ाए कदम

## आईओए ने आईओसी को आशय पत्र सौंपा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत लंबे समय से 2036 ओलंपिक की मेजबानी करने की इच्छा जता चुका है। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कई मौकों पर इस बारे में राय रखी और अपने इरादे जाहिर किए हैं। हालांकि, अब भारत ने इस दिशा में बड़े कदम उठाए हैं। भारत ने 2036 ओलंपिक और पैरालंपिक खेलों की मेजबानी करने के लिए एक कदम आगे बढ़ा दिए हैं। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने इस संबंध में अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) को पत्र भेजा है। केंद्रीय खेल मंत्रालय के सूत्रों के मुताबिक, आईओए ने आईओसी को आधिकारिक रूप से भविष्य में ओलंपिक की मेजबानी करने की इच्छा जताई और संबंधित आशय पत्र सौंपा। खेल मंत्रालय के एक सूत्र के अनुसार, पत्र एक अक्तूबर को सौंपा गया था। भारत लंबे समय से 2036 ओलंपिक की मेजबानी करने की इच्छा जता चुका है। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कई मौकों पर इस बारे में राय रखी और अपने इरादे जाहिर किए हैं। हालांकि, अब भारत ने इस दिशा में बड़े कदम उठाए हैं।

**पीएम मोदी ने ओलंपिक मेजबानी पर कहा बहुत जल्द आप भारत में भी ओलंपिक देखेंगे -** पीएम मोदी सितंबर में अमेरिका दौरे पर गए थे। वहां उन्होंने न्यूयॉर्क के इनडोर स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में कहा था, अभी कुछ दिन पहले पेरिस ओलंपिक खत्म हुआ है। अगले ओलंपिक का मेजबान अमेरिका है। बहुत जल्द आप भारत में भी ओलंपिक देखेंगे। हम 2036 ओलंपिक की मेजबानी के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। इससे पहले पीएम मोदी ने स्वतंत्रता दिवस के मौके पर लाल किले से देश को संबोधित करते हुए ओलंपिक 2036 की मेजबानी पर बड़ी बात कही थी। उन्होंने कहा था कि भारत ने ओलंपिक 2036 की मेजबानी के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी है। पीएम ने जानकारी देते हुए बताया था कि आईओए ने इस आयोजन को भारत में लाने के लिए आईओसी के भावी मेजबान आयोग (एफएचसी) के साथ बातचीत शुरू कर दी है।



सूत्र ने कहा, यह महत्वपूर्ण अवसर पूरे देश में आर्थिक विकास, सामाजिक प्रगति और युवा सशक्तिकरण को बढ़ावा देकर पर्याप्त लाभ दिला सकता है। आईओसी के अगले साल होने वाले चुनावों से पहले मेजबान पर निर्णय नहीं लिया जाएगा। भारत को मेजबानी की दौड़ में सऊदी अरब, कतर और तुर्किये जैसे कई अन्य देशों की कड़ी चुनौती का सामना भी करना पड़ेगा जो खुद को इस खेल महाकुंभ की मेजबानी के लिए मजबूत दावेदार के रूप में पेश कर रहे हैं।

आईओए अध्यक्ष पीटी उषा सहित भारत के शीर्ष खेल प्रशासक देश की पैरवी करने के लिए इस साल पेरिस ओलंपिक में थे। यह भी पता चला है कि यदि भारत को मेजबानी मिलती है तो वह योग, खो-खो और कबड्डी जैसे स्वदेशी खेलों को शामिल करने पर जोर देगा। भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) ने नए खेल मंत्री मनसुख मांडविया को ओलंपिक मेजबानी हासिल करने के लिए आवश्यक उपायों पर एक विस्तृत रिपोर्ट भी पेश की है। इस रिपोर्ट में एमओसी ने छह खेलों की पहचान की है जिन्हें भारत को मेजबानी मिलने पर ओलंपिक में शामिल किया जाएगा। इन खेलों में योग, खो खो, कबड्डी, शतरंज, टी20 क्रिकेट और स्क्वाश शामिल हैं।

**पेरिस में भारत ने जीते थे छह पदक -** भारत ने इस साल पेरिस ओलंपिक के - लिए 117 खिलाड़ियों के दल को पेरिस भेजा था, जहां भारतीय एथलीट्स ने कुल छह पदक जीते। इसमें एक रजत और पांच कांस्य शामिल हैं। वहीं, पेरिस पैरालंपिक में भी भारतीय एथलीट्स ने ऐतिहासिक प्रदर्शन किया और 29 पदक जीतकर टोक्यो का रिकॉर्ड तोड़ा था। तीन साल पहले भारत ने 19 पदक जीते थे। देश ने इस बार पैरा खेलों के इतिहास में अपने सबसे ज्यादा पदक जीते। इनमें सात स्वर्ण, नौ रजत और 13 कांस्य शामिल हैं।

## भारतीय मुक्केबाज मनदीप जांगड़ा ने डब्ल्यूबीएफ का विश्व खिताब जीता



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय पेशेवर मुक्केबाज मनदीप जांगड़ा ने केमैन आइलैंड में ब्रिटेन के कोनोर मैकिन्टोश को हराकर विश्व मुक्केबाजी महासंघ (डब्ल्यूबीएफ) का सुपर फेदरवेट विश्व खिताब जीता। पूर्व ओलंपिक रजत पदक विजेता रॉय जोन्स जूनियर से प्रशिक्षण लेने वाले 31 वर्षीय जांगड़ा ने अपने पेशेवर करियर में अब तक केवल एक हार का सामना किया है। ब्रिटिश मुक्केबाज के खिलाफ मुकाबले में अधिकतर राउंड में उनका पलड़ा भारी रहा। जांगड़ा ने शुरू से ही दमदार मुक्के जमाए और पूरे 10 राउंड में अपना दमखम बरकरार रखा। दूसरी तरफ ब्रिटिश मुक्केबाज को गति बनाए रखने के लिए संघर्ष करना पड़ा। कॉनर ने वापसी की कोशिश की, लेकिन जांगड़ा ने अधिकतर राउंड में बढ़त बनाए रखी। जांगड़ा ने कहा, 'यह मेरे करियर की सबसे बड़ी जीत में से एक है। मैंने इसे हासिल करने के लिए वर्षों तक कड़ी मेहनत की। यह मेरे लिए गर्व की बात है कि मैं देश का नाम रोशन कर सका।

हरियाणा के रहने वाले जांगड़ा ने 2021 में पेशेवर मुक्केबाजी में पदार्पण किया। उन्हें उम्मीद है कि यह खिताब अधिक भारतीय मुक्केबाजों को पेशेवर बनने के लिए प्रेरित करेगा। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि यह खिताब देश के अन्य मुक्केबाजों के लिए रास्ता खोलेगा और वे पेशेवर मुक्केबाजी में अपना करियर बनाने का फैसला भी करेंगे। हमारे मुक्केबाज अच्छे हैं और उनमें प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। अगर उन्हें अच्छे प्रमोटर और मैनेजर मिलें तो वे विश्व चैंपियन भी बन सकते हैं।

# हरमनप्रीत वनडे रैंकिंग में नौवें स्थान पर पहुंचीं, मंधाना चौथे पायदान पर बरकरार

**दुबई (एजेंसी)।** भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर मंगलवार को जारी आईसीसी महिला एकदिवसीय रैंकिंग में संयुक्त रूप से नौवें स्थान पर पहुंच गयी जबकि सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने अपना चौथा स्थान बरकरार रखा है। न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के आखिरी मुकाबले में हरमनप्रीत ने 63 गेंद में नाबाद 59 रन की पारी के साथ भारतीय टीम को मैच और श्रृंखला में जीत दिलायी थी। यह श्रृंखला आईसीसी महिला चैम्पियन का हिस्सा थी जिसे भारत ने 2-1 से जीता था।

इसी मैच में 100 रन की शानदार पारी खेलने वाली वामहस्त बल्लेबाज मंधाना 23 रेटिंग अंक हासिल कर कुल 728 रेटिंग अंकों के साथ तालिका में चौथे स्थान पर है। उनके और तीसरे स्थान पर काबिज श्रीलंका की कप्तान चमारी अटापट्टू के बीच सिर्फ पांच रेटिंग अंक का फर्क है। इस तालिका में इंग्लैंड की नैट सिवर ब्रंट 760 रेटिंग अंक के साथ शीर्ष स्थान पर है।

भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज



यास्तिका भाटिया तीन स्थान के सुधार के साथ 48वें जबकि श्रृंखला के तीसरे मैच में 86 रन की पारी खेलने वाली न्यूजीलैंड की ब्रुक हैलीडे 12 स्थान के सुधार के साथ 24वें स्थान पर पहुंच गयी है। गेंदबाजों की सूची में दीप्ति शर्मा ने करियर की सर्वश्रेष्ठ 703 रेटिंग अंक के साथ दूसरे पायदान पर अपनी स्थिति मजबूत की। उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे वनडे में 39 रन पर तीन विकेट चटकाये थे।

भारतीय तेज गेंदबाज रेणुका सिंह (चार स्थान के सुधार के साथ 32वें), साइमा ठाकोर (20 स्थान के सुधार के साथ संयुक्त 77वें) और प्रिया मिश्रा (छह स्थान के सुधार के साथ 83वें) इस रैंकिंग में अपनी स्थिति बेहतर करने वालों में शामिल हैं। भारतीय टीम आईसीसी महिला चैम्पियनशिप की तालिका में 25 अंक के साथ तीसरे स्थान पर है। न्यूजीलैंड 21 मैचों में 20 अंक के साथ छठे पायदान पर है। इस तालिका में ऑस्ट्रेलिया (18 मैच) और इंग्लैंड (21 मैच) एक समान 28 अंक के साथ शीर्ष पर है।

## इंग्लैंड ने की वेस्टइंडीज के खिलाफ टी-20 टीम की घोषणा, बटलर सहित साल्ट को मिली जगह

**लंदन (एजेंसी)।** कप्तान जोस बटलर की पिंडली की चोट से उबरने के बाद वापसी के बाद भी इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज फिल साल्ट वेस्टइंडीज के खिलाफ थ्री लायंस की आगामी टी20आई सीरीज के लिए विकेटकीपिंग करेंगे। बटलर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीमित ओवरों की सीरीज से चूक गए थे, जहां इंग्लैंड ने टी20आई में बराबरी की और वनडे में मामूली अंतर से हार गए। उनकी अनुपस्थिति में फिल साल्ट और हैरी ब्रुक ने क्रमशः टी20आई और वनडे टीमों का नेतृत्व किया था।



इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के बीच बारबाडोस में होने वाले तीसरे वनडे मैच से पहले साल्ट ने कहा कि उन्होंने हाल ही में इंग्लैंड के लिए बहुत अधिक विकेटकीपिंग नहीं की है। साल्ट ने कहा, मैंने हाल ही में इंग्लैंड के लिए बहुत अधिक विकेटकीपिंग नहीं की है। लेकिन मुझे विकेटकीपिंग करना अच्छा लगता है। मुझे लगता है कि मैं टीम के लिए सबसे अधिक योगदान दे सकता हूं। साल्ट ने तीनों प्रारूपों में तीन लायंस के लिए अपने 59 मैचों में से 13 में विकेटकीपिंग की है और उन्हें कैरेबियाई टीम के खिलाफ मौजूदा वनडे सीरीज में विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी दी गई है। रिपोर्ट के अनुसार बटलर ने केंसिंग्टन ओवल में प्रशिक्षण शुरू कर दिया है। भले ही 34 वर्षीय खिलाड़ी वनडे सीरीज के तीसरे मैच के लिए चयन के लिए उपलब्ध नहीं हैं, लेकिन वे पांच मैचों की टी20 सीरीज से कप्तानी की जिम्मेदारी फिर से संभालेंगे।

## मैच के दौरान मैदान पर बिजली गिरी, एक खिलाड़ी की मौत, कई घायल

**पैरू (एजेंसी)।** फुटबॉल मैच के दौरान अचानक मैदान पर बिजली गिर गई जिसकी चपेट में आने से एक खिलाड़ी की मौत हो गई जबकि रेफरी समेत कई खिलाड़ी बुरी तरह घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल खिलाड़ियों और रेफरी को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है।



मामला पेरू का है जहां 3 नवंबर को चिल्का स्थित दो घरेलू क्लब जुवेंटुड बेलाविस्टा और फेमिलिया चोका के बीच मैच चल रहा था। इसी दौरान यह हादसा हुआ। 39 वर्षीय जोस होगो पर बिजली गिरी और उनकी मौत हो गई। यह हादसा उस समय हुआ जब मैच का पहला हाफ चल रहा था। इस दौरान जुवेंटुड बेलाविस्टा मैच में 2-0 से आगे था। मैच के दौरान मौसम खराब हो गया, इसलिए रेफरी ने सीटी बजाकर खेल रोक दिया। साथ ही खिलाड़ियों को मैदान से बाहर जाने को कहा गया।

जब खिलाड़ी मैदान छोड़कर जा रहे थे तभी अचानक बिजली गिरी। यह बिजली 39 वर्षीय खिलाड़ी जोस ह्यूगो डे ला क्रूज मेसा पर गिरी। उनकी मौत हो गई। बिजली गिरने से रेफरी समेत 5 खिलाड़ी एक साथ जमीन पर गिर गए। पहले भी बिजली गिरने से फुटबॉलर की मौत हो चुकी है। इस हादसे में 40 वर्षीय गोलकीपर जुआन चोका गंभीर रूप से झुलस गए। उनके शरीर पर जलने के निशान हैं। बिजली गिरने के बाद जमीन पर गिरे खिलाड़ियों में से 1-2 ने उठने की कोशिश भी की। इन सभी घायल खिलाड़ियों का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

बिजली गिरने से फुटबॉलर की मौत की यह पहली घटना नहीं है। इसी साल फरवरी में इंडोनेशिया के वेस्ट जावा के सिलीवांगी स्टेडियम में एक दोस्ताना फुटबॉल मैच आयोजित किया गया था। तब बिजली गिरने से 35 वर्षीय सेप्टेन रहराजा की मौत हो गई थी। इस घटना में राहराजा घायल हो गए और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी मौत हो गई।

## जन्मदिन विशेष

# विराट के अंतरराष्ट्रीय रिकॉर्ड्स पर एक नजर

### यादगार पारियां जिसने दिल्ली के लड़के को बनाया किंग कोहली, 36वां जन्मदिवस मनाया

**बेंगलूर (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान विराट कोहली 36 साल के हो गए हैं। दुनिया के सर्वश्रेष्ठ समकालीन बल्लेबाजों में से एक कोहली का जन्म 5 नवम्बर 1988 को नई दिल्ली में हुआ था। उन्होंने 2008 में डेब्यू किया था और खुद को साबित करते हुए आज दुनिया के बेहतरीन बल्लेबाजों में से एक हैं जिनका खेलने का अपना एक अलग अंदाज है।



सचिन तेंदुलकर और महेंद्र सिंह धोनी की तरह कोहली के भी चाहने वालों की लिस्ट काफी बड़ी है जो उन्हें काफी प्यार भी करते हैं। कोहली के रिकॉर्ड्स की बात है तो उनके नाम 42 शतक हैं और उनसे आगे सिर्फ सचिन तेंदुलकर हैं जिनके वनडे में सबसे ज्यादा 49 शतक हैं। इसके साथ ही कोहली वनडे में सबसे तेज 8000, 9000, 10000 और 11000 रन बनाने वाले बल्लेबाज भी हैं। आइए कोहली के 32वें जन्मदिन पर उनके करियर की 5 सबसे शानदार इनिंग्स पर नजर डालते हैं

1. अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में कोहली के लिए 2016 बेहतरीन सालों में एक रहा। उस समय वर्ल्ड टी20 वर्ल्ड कप भारत में खेला गया था। वह टूर्नामेंट में मैन ऑफ द सीरीज के रूप में उभरे लेकिन सुपर 10 मैच के दौरान ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उनकी पारी याद रखने वाली रही। मोहाली में खेले गए इस टी20 मैच में भारत के सामने 161 रन का लक्ष्य है। भारत के 49 पर 3 विकेट गिर चुके थे और क्रीज पर कोहली और धमाकेदार ऑलराउंडर युवराज सिंह थे। इन दोनों चौथे विकेट के लिए 45 रन की साझेदारी की। युवराज के 94/4 रन पर आउट होने के बाद कोहली के खतरनाक रूप देखने को मिला और उन्होंने धोनी के साथ बेहतरीन पार्टनरशिप करते हुए अर्धशतकीय इनिंग खेली। हालांकि ये हाइएस्ट स्कोर नहीं था और इस मैच का अंत धोनी के शॉट से हुआ था। लेकिन कोहली ये टूर्नामेंट भी उनके लिए कम नहीं था।

2. कोहली का इंग्लैंड का 2014 का दौरा अच्छा नहीं रहा और उन्होंने मात्र 13.50 की औसत से रन ठोके थे। लेकिन जब वह 2018 में इंग्लैंड में खेले तो उन्होंने पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में 59.30 की औसत के साथ 593 रन ठोके थे। ये सीरीज भी कोहली के लिए यादगार रही। सीरीज का पहला टेस्ट जो बर्मिंघम में खेला गया था, में कोहली ने 149 रन की पारी खेली थी। इस दौरान कोई अन्य भारतीय खिलाड़ी 26 से ज्यादा रन नहीं बना सका। तीसरे टेस्ट में भी कोहली ने शानदार बल्लेबाजी की थी और 97 व 103 रन बनाए थे। हालांकि इस सीरीज में भारत को 1-4 से हार का सामना करना पड़ा था।

3. कोहली 2014 में पहली बार टेस्ट में कप्तानी कर रहे थे और धोनी चोटिल होने की वजह से बाहर थे। लेकिन कोहली इस बार फिर ऑस्ट्रेलिया पर हावी रहे और एडिलेड में दो शतकीय पारियां खेली। पहली इनिंग में उन्होंने 115 रन बनाए और भारत ने 444 का स्कोर बनाया। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया ने 517/7 रन बनाकर पारी के अंत की घोषणा की। दूसरी इनिंग में ऑस्ट्रेलिया ने 290/5 बनाए थे। भारत को जीतने के लिए 362 रन की जरूरत थी और ऐसे में कोहली ने 141 रन की पारी खेली।

4. साल 2012 में ढाका में भारत-पाकिस्तान के बीच एशिया कप के दौरान कोहली ने मैच विनिंग पारी खेली थी। पाकिस्तान ने इस मैच में 6 विकेट गंवाकर 329 रन बनाए थे। भारत ने लक्ष्य प्राप्ति के दौरान बिना रन बनाए ओपनर गौतम गंभीर का अहम विकेट खो दिया था। इसके बाद कोहली आए और उन्होंने पाकिस्तानी गेंदबाजों की नींद उड़ाते हुए 22 चौके और एक छक्के की मदद से अपने करियर की सबसे बेहतरीन पारियों में से एक खेली तथा 183 रन बनाए। इस मैच को भारत ने 48 ओवर में जीत लिया था।

5. कोहली ने साल 2012 में होबार्ट में सीबी सीरीज यादगार इनिंग खेली थी। कोहली ने दौरान 86 गेंदों पर 133 रन की पारी खेली जिससे भारत 37 ओवर में ही 321 रन बनाने में कामयाब रहा था। इस दौरान उन्होंने यार्कर स्पैशलिस्ट लसिथ मलिंगा को एक ओवर में 24 रन ठोके थे जो उनकी मलिंगा के खिलाफ सबसे श्रेष्ठ परफार्मेंस में से एक थी।

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मजबूत वापसी कर सकता है भारत, गेंदबाज हेजलवुड ने अपनी टीम को किया आगाह

**सिडनी (एजेंसी)।** आस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड का मानना ??है कि न्यूजीलैंड से श्रृंखला में करारी हार से भारत का आत्मविश्वास डगमगा गया होगा, लेकिन उन्होंने अपनी टीम को आगाह करते हुए कहा कि भारतीय टीम अधिक आक्रामक होकर 22 नवंबर से शुरू होने वाली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में जोरदार वापसी कर सकती है। भारत को न्यूजीलैंड से तीनों मैच में हार का सामना करना पड़ा। यह पहला अवसर है जबकि घरेलू धरती पर तीन या इससे अधिक टेस्ट मैच की श्रृंखला में उसका सूपड़ा साफ हुआ। हेजलवुड ने कहा, 'वह (भारत) घायल शेर की तरह वापसी करने के लिए प्रतिबद्ध होगा। श्रृंखला शुरू होने पर ही हमें पता चलेगा की चीजें कैसे आगे बढ़ रही हैं। घरेलू धरती पर हार न केवल भारत के टेस्ट क्रिकेट इतिहास के सबसे बुरे दौर में से एक है, बल्कि इससे रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम की अगले साल के विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिए क्वालीफाई करने की संभावनाओं को भी करारा झटका लगा है। लगातार तीन हार का मतलब है कि भारत ने डब्ल्यूटीसी तालिका में ऑस्ट्रेलिया से अपना शीर्ष स्थान गंवा दिया है।



भारत को लगातार तीसरी बार डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए क्वालीफाई करने के लिए ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने पांच में से चार मैच जीतने की कठिन चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। हेजलवुड ने कहा, ''इस करारी हार से उनका आत्मविश्वास कुछ डगमगाया होगा। उसके कुछ खिलाड़ी यहां खेल चुके हैं लेकिन कुछ ऐसे बल्लेबाज हैं जिनको यहां खेलने का अनुभव नहीं है। इसलिए वह पूरी तरह से सुनिश्चित नहीं होंगे कि उन्हें यहां किस तरह की चुनौती का सामना करना पड़ेगा। यह परिणाम निश्चित रूप से हमारे लिए अच्छा होगा। उन्होंने कहा, 'न्यूजीलैंड की टीम को भी श्रेय मिलना चाहिए। उन्होंने पूरी श्रृंखला में शानदार क्रिकेट खेली। श्रृंखला तो छोड़ो भारत में एक मैच जीतना भी काफी मुश्किल होता है।

# छोटे शहरों व कस्बों में बढ़ी ई-कॉमर्स की मांग, त्योहारी सीजन में हुई खूब कमाई

**-पिछले साल की त्योहारी बिक्री की तुलना में 20 फीसदी से ज्यादा की बढ़ोतरी**

**नई दिल्ली।**

भारत के छोटे शहरों और कस्बों में निजी खपत और मांग के बढ़ने के साथ त्योहारी सीजन ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के लिए अच्छा अवसर साबित हुआ है। एक रिपोर्ट के मुताबिक प्रीमियमाइजेशन के बढ़ते ट्रेंड के साथ, ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म ने त्योहारी सीजन में सकल व्यापारिक मूल्य (जीएमवी) एक लाख करोड़ रुपए से ज्यादा दर्ज किया है। यह आंकड़ा पिछले साल की त्योहारी बिक्री की तुलना में 20 फीसदी से ज्यादा की वृद्धि दिखाता है। 26 सितंबर से शुरू हुई त्योहारी बिक्री के पहले सप्ताह में ही 55 हजार करोड़ रुपए का कारोबार हुआ, जो कुल बिक्री का आधा है। ई-कॉमर्स कंसल्टेंसी डेटम इंटेलिजेंस ने इस त्योहारी सीजन में बिक्री में 23 फीसदी से ज्यादा की वृद्धि का अनुमान लगाया है। इस सीजन में मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स और फैशन कैटेगरी में तेजी देखी गई, जबकि ब्यूटी, पर्सनल केयर, होम और क्विक कॉमर्स जैसे अन्य क्षेत्रों में भी बेहतर कारोबार दर्ज किया गया। विशेष रूप से क्विक कॉमर्स ने 2023 में बेहतर प्रदर्शन किया है जिसने समग्र ई-कॉमर्स बढ़ोतरी में करीब 8 फीसदी का योगदान दिया, जो पिछले साल 5 फीसदी था। त्योहारी सीजन के दौरान स्मार्टफोन की बिक्री में भी बढ़ोतरी हुई, जिसमें ऑनलाइन बिक्री के जरिए से स्मार्टफोन की खरीद में करीब 65 फीसदी की हिस्सेदारी रही। टियर 2 और उससे आगे के शहरों ने अमेजन के लिए प्रीमियम स्मार्टफोन की बिक्री में 70 फीसदी से ज्यादा का योगदान दिया। अमेजन इंडिया के मुताबिक टियर 2 शहरों से बड़े उपकरणों की मांग में 25 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है, जिसमें एयर कंडीशनर और रेफ्रिजरेटर जैसे उत्पाद शामिल हैं। इस बार ब्रांड ने त्योहारी मांग को देखते हुए कई महत्वाकांक्षी ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने का प्रयास किया।

# पेट्रोल-डीजल की कीमतें हो सकती हैं कम

**नई दिल्ली।**

वैश्विक अस्थिरता के चलते क्रूड ऑयल की कीमतों में भी भारी उतार-चढ़ाव देखा जा रहा है। ओपेक प्लस देशों ने फिलहाल कच्चे तेल के उत्पादन में बढ़ोतरी का फैसला टाल दिया है।

इससे कच्चे तेल के दाम में मजबूती देखी जा रही है। आज अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल का भाव 75.21 डॉलर प्रति बैरल है। ब्रेंट क्रूड की कीमत में 2.71त्न की बढ़ोतरी हुई है और यह 75.08 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गई है,

जबकि डब्ल्यूटीए की कीमत मामूली गिरावट के साथ 71.42 डॉलर प्रति बैरल पर है। कच्चे तेल के 70 डॉलर के करीब पहुंचने पर उम्मीद की जा रही है, ऐसे में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में करीब 5 रुपये की कटौती हो सकती है पर कीमतों में स्थिरता न होने से अभी पेट्रोलियम कंपनियां दरों में बदलाव नहीं कर रही हैं। दिल्ली में पेट्रोल 94.77 रुपये/लीटर व डीजल 87.67 रुपये/लीटर पर है। वहीं मुंबई में पेट्रोल 103.44 रुपये/लीटर व डीजल 89.97 रुपये/लीटर पर है।

कोलकाता में पेट्रोल की कीमत 104.95 रुपये प्रति लीटर और डीजल 91.76 रुपये प्रति लीटर है।

चेन्नई में पेट्रोल की कीमत 100.85 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत 92.44 रुपये प्रति लीटर है।

**बाकी शहरों में पेट्रोल-डीजल के रेट**

नोएडा में पेट्रोल 94.66 रुपये प्रति लीटर और डीजल 87.76 रुपये प्रति लीटर व गुरुग्राम में पेट्रोल 94.99 रुपये प्रति लीटर और डीजल 87.85रुपये प्रति लीटर पर है।

बेंगलुरु में पेट्रोल 102.86 रुपये प्रति लीटर और डीजल 88.94 रुपये प्रति लीटर पर है।

चंडीगढ़ में पेट्रोल 94.22 रुपये प्रति लीटर और डीजल 82.40 रुपये प्रति लीटर पर है। व हैदराबाद में पेट्रोल 107.39 रुपये प्रति लीटर और डीजल 95.65 रुपये प्रति लीटर पर है।

## सब्सक्रिप्शन के लिए खुला हेल्थकेयर कंपनी सैगिलिटी इंडिया का आईपीओ

**-कंपनी अपने स्वास्थ्य सेवा पोर्टफोलियो को और मजबूती प्रदान करेगी**

**बेंगलुरु।**

हेल्थकेयर कंपनी सैगिलिटी इंडिया का आईपीओ मंगलवार से सब्सक्रिप्शन के लिए खुल गया है। कंपनी ने इस आईपीओ के जरिए से 2,106.60 करोड़ रुपए जुटाने का लक्ष्य रखा है। यह इश्यू पूरी तरह से ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) के रूप में है, जिसमें 70,21,99,262 शेयर शामिल हैं, जिनका फेस वैल्यू 10 रुपए प्रति शेयर है। यह आईपीओ 7 नवंबर तक खुला रहेगा। कंपनी ने पब्लिक सब्सक्रिप्शन से एक दिन पहले एंकर निवेशकों से 945 करोड़ रुपए से ज्यादा पैसा जुटा लिया है। बीएसई के सर्कुलर के मुताबिक सैगिलिटी इंडिया ने 52 फंडों को 30 रुपए प्रति शेयर की दर से 31.51 करोड़ इक्विटी शेयर आवंटित किए हैं। प्रमुख एंकर निवेशकों में नोमुरा फंड्स आयरलैंड, गवर्नमेंट पेंशन फंड ग्लोबल, फ्लोरिडा रिटायरमेंट सिस्टम- ऑलस्प्रिंग ग्लोबल इन्वेस्टमेंट्स, एलएलसी (ईएमएससी), अमुंडी फंड्स न्यू सिल्क रोड और गोल्डमैन सैक्स (सिंगापुर) पीटीई शामिल हैं। सैगिलिटी इंडिया के आईपीओ का ग्रे मार्केट प्रीमियम (जीएमपी) शून्य पर था, जिसका मतलब है कि आईपीओ इश्यू प्राइस 30 रुपए पर कारोबार कर रहा था। इसका प्राइस बैंड 28-30 रुपए तय किया गया है। निवेशक इस आईपीओ में न्यूनतम 500 शेयरों का लॉट साइज लेकर हिस्सा ले सकते हैं, जिसके लिए न्यूनतम निवेश 15 हजार रुपए होगा। आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज, आईआईएफएल सिक्योरिटीज, जेफरीज इंडिया और जेपी मॉर्गन इंडिया इस इश्यू के बुक-रनिंग लीड मैनेजर हैं। सब्सक्रिप्शन विंडो बंद होने के बाद आईपीओ का शेयर आवंटन 8 नवंबर को फाइनल होगा। सफल आवंटियों के डीमैट खातों में शेयर 11 नवंबर को जमा किए जाएंगे। सैगिलिटी इंडिया के शेयर 12 नवंबर को बीएसई और एनएसई पर लिस्ट होने की संभावना है। इस आईपीओ से कंपनी को उम्मीद है कि वह अपने स्वास्थ्य सेवा पोर्टफोलियो को और मजबूती प्रदान करेगी और बाजार में अपनी स्थिति को और मजबूत करेगी।

## भारत का विदेशी मुद्रा भंडार घटा, फिर भी अमेरिका, कनाडा, जर्मनी से है आगे

**केंद्रीय बैंक विदेशी मुद्रा बाजार में स्थिरता बनाए रखने के लिए उठा रहा प्रभावी कदम**

**नई दिल्ली।**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने हाल ही में आंकड़े जारी किए जिसमें 25 अक्टूबर को खतम हुए सप्ताह में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 3.46 अरब डॉलर से घटकर 684.8 अरब डॉलर रह गया है। इस गिरावट की मुख्य वजह विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) द्वारा भारतीय शेयर बाजार में लगातार बिकवाली और भू-राजनीतिक तनाव के चलते उत्पन्न आर्थिक अनिश्चितता है। इसके बावजूद भारत अब भी विश्व के शीर्ष पांच देशों में शामिल है, जो विदेशी मुद्रा भंडार के मामले में अपनी मजबूत स्थिति बनाए रखे है। भारत इस सूची में चीन, जापान और स्विट्जरलैंड के बाद चौथे स्थान पर है और उसने अमेरिका, जर्मनी और कनाडा जैसे देशों को पीछे धकेल दिया है। यह स्थिति दर्शाती है कि भारत ने वैश्विक मंच पर एक स्थिर आर्थिक ढांचा स्थापित किया है। सितंबर में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 704 अरब डॉलर के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया था, जिससे पता चलता है कि भारत की अर्थव्यवस्था लगातार बढ़ रही है। इस बढ़ोतरी में सोना के भंडार की अहम भूमिका रही, जिसने 1.08 अरब डॉलर की बढ़ोतरी दर्ज की और कुल 68.53 अरब डॉलर तक पहुंच गया। सोने की बढ़ती मांग के पीछे प्रमुख कारण वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताएं और भू-राजनीतिक तनाव है। विशेषज्ञों का मानना है कि सोना मुद्रास्फीति और आर्थिक प्रतिबंधों से बचाव का सबसे विश्वसनीय साधन बनकर उभरा है। आरबीआई के आंकड़ों के मुताबिक चालू वित्त वर्ष में विदेशी मुद्रा भंडार में कुल 38.39 अरब डॉलर की बढ़ोतरी हुई। यह वृद्धि भारत को 11.2 महीनों के आयात को कवर करने के लिए पर्याप्त मानी जाती है, जो एक स्वस्थ अर्थव्यवस्था का संकेत है। विदेशी मुद्रा भंडार में यह उछाल भारत की मजबूत विदेशी मुद्रा नीति, आर्थिक स्थिरता और निवेशकों के विश्वास को दर्शाता है।

भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में निरंतर वृद्धि की संभावना जताई जा रही है, जिससे अंतरराष्ट्रीय निवेशकों का ध्यान खींचा

# करवा चौथ, धनतेरस और दीपावली के बाद छठ पर्व पर 12 करोड़ के कारोबार का अनुमान

**नई दिल्ली।**

करवा चौथ, धनतेरस और दीपावली के बाद अब देश में चार दिवसीय छठ पर्व की शुरुआत हो चुकी है। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के अनुसार, छठ पर पूरे देश में 12,000 करोड़ रुपये का व्यापार होने का अनुमान है। साथ ही, करीब 15 करोड़ लोग छठ पूजा से जुड़े अनुष्ठानों में भाग लेने वाले है। छठ पूजा विशेष रूप से बिहार और झारखंड के लोगों द्वारा मनाये जाने वाला त्यौहार है, लेकिन यह दिल्ली में भी बड़े धूमधाम से मनाई जाती है। दिल्ली में पूर्वांचल के लोगों की बड़ी आबादी है, जो चांदनी चौक, सदर बाजार, मॉडल टाउन, अशोक विहार, शालीमार बाग, पीतमपुरा, रानी बाग, उत्तम नगर और तिलक नगर जैसे इलाकों में रहती है। त्यौहारी सीजन में खरीदारी के लिए लोग इन बाजारों की ओर रुख कर रहे हैं।

कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतिया ने बताया कि छठ पूजा न केवल बिहार और झारखंड में, बल्कि पूर्वी उत्तर प्रदेश, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, राजस्थान, छत्तीसगढ़, विदर्भ और मध्य प्रदेश में भी बड़े उत्साह के साथ मनाती है। कैट के महासचिव और सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने कहा, छठ पूजा केवल एक धार्मिक त्यौहार नहीं है, बल्कि यह भारतीय संस्कृति का एक अभिन्न अंग है, जो सामाजिक एकता और समर्पण को दिखाता है। कैट के अनुसार, इस पर्व पर लोग मिठाइयों, फलों और सब्जियों की सबसे ज्यादा खरीदारी कर रहे हैं। इसके अलावा, पूजा के लिए बांस की टोकरियां, केले के पत्ते और गन्ना जैसी चीजों की भी भारी मांग है। लोग नए वस्त्रों की भी जमकर खरीदारी कर रहे हैं, इसमें साड़ी, लहंगा-चुन्नी, सलवार-कुर्ता और पुरुषों के लिए कुर्ता-पायजामा, धोती शामिल हैं। इस खरीदारी से लोकल व्यापारियों और लघु उद्योगों को भी लाभ हो रहा है। छठ पूजा के दौरान हस्तनिर्मित सामानों की भी अच्छी बिक्री हो रही है, जिससे छोटे पैमाने पर निर्मित उत्पादों को बढ़ावा मिलता है।

## रुपया सपाट बंद



**मुंबई।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले मंगलवार को भारतीय रुपया 84.11 पर सपाट बंद हुआ। आज सुबह रुपया 84.13 पर खुला। सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन विदेशी पूंजी की सतत निकासी तथा घरेलू शेयर बाजारों में नरम रुख के बीच रुपया शुरुआती कारोबार में नीचे आया। वही सोमवार को रुपया महज एक पैसे की बढ़त के साथ 84.06 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि मजबूत डॉलर स्थानीय इकाई पर दबाव बना रहा है जिससे दिन में रुपया के सीमित दायरे में कारोबार करने का अनुमान है। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों ने भी स्थानीय इकाई को प्रभावित किया जबकि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा किसी भी हस्तक्षेप से स्थानीय मुद्रा को निचले स्तर पर समर्थन मिल सकता है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 84.07 प्रति डॉलर पर खुला। शुरुआती सौदों के बाद यह 84.06 प्रति डॉलर पर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव से एक पैसे की बढ़त दिखाता है। रुपया गुरुवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 84.07 पर बंद हुआ था।

## क्लाउड सेवा कंपनी ई2ई में हिस्सेदारी खरीदेगी लार्सन एंड टुब्रो

**मुंबई।** लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी), देश की प्रमुख निर्माण कंपनियों में से एक, ने क्लाउड सेवा कंपनी ई2ई नेटवर्क्स लिमिटेड में 21 प्रतिशत हिस्सेदारी 1,407.02 करोड़ में खरीदने का फैसला किया है। एलएंडटी ने मंगलवार को शेयर बाजारों को इसकी जानकारी दी। इस कदम से एलएंडटी की क्लाउड और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) सेवाओं में उपस्थिति बढ़ेगी, जो तकनीकी क्षेत्र के प्रमुख विकास क्षेत्रों में से एक है। इस अधिग्रहण की घोषणा के बाद, ई2ई नेटवर्क्स के शेयरों में जोरदार वृद्धि देखी गई। कंपनी के शेयरों ने 5 प्रतिशत की तेजी के साथ अपर सर्किट स्तर पर पहुंच गए। पिछले एक साल में, ई2ई नेटवर्क्स के शेयरों ने निवेशकों को करीब 851 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। इसके विपरीत, एलएंडटी के शेयरों पर मामूली दबाव देखा गया, जो 0.19 प्रतिशत की गिरावट के साथ 3,566.70 रुपये पर ट्रेड कर रहे थे। एलएंडटी ने बताया कि कंपनी ने ई2ई नेटवर्क्स में 21 प्रतिशत हिस्सेदारी के अधिग्रहण के लिए 5 नवंबर 2024 को एक निवेश समझौता किया है। इसके तहत, एलएंडटी तरजीही आवंटन के द्वारा 15 प्रतिशत हिस्सेदारी के लिए 1,079.27 करोड़ रुपये का निवेश करेगी, जबकि एक दूसरे समझौते के तहत, कंपनी 6 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण करने के लिए 327.75 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। यह अधिग्रहण प्रक्रिया 31 दिसंबर 2024 तक पूरी होगी है। एलएंडटी डेटा सेंटर और क्लाउड बिजनेस प्रमुख ने कहा, ई2ई नेटवर्क्स के साथ सहयोग करने से हम अपने ग्राहकों को निर्बाध, स्केलेबल और सुरक्षित क्लाउड अनुभव प्रदान करते हैं। हमारी क्षमताओं को मिलाकर, हम भारत में व्यवसायों के लिए एक ऐसा क्लाउड परिवेश तैयार कर रहे हैं, जो विकास को बढ़ावा देना, लागतों को अनुकूलित करना और एआई व डिजिटल परिवर्तन की पूरी क्षमता का लाभ उठाना चाहता है।

## प्रमुख शेयर ब्रोकिंग ने कंपनी के नाम पर हो रही धोखाधड़ी से निवेशकों को किया आगाह

**-जेरोधा किसी भी प्रकार की निवेश की सलाह या फीस वसूल नहीं करता**

**नई दिल्ली।** देश की प्रमुख शेयर ब्रोकिंग कंपनी जेरोधा ने अपने निवेशकों और ग्राहकों को फर्जीवाड़े को लेकर कहा है कि जेरोधा नाम और लोगो का दुरुपयोग करके फर्जी वेबसाइट्स, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स, और ट्रेडिंग ऐप्स द्वारा लोगों को निवेश की सलाह दी जा रही है और इसके बदले में उनसे पैसे वसूला जा रहा है। जेरोधा ने स्पष्ट किया कि वह किसी भी प्रकार की निवेश सलाहकार सेवाएं प्रदान नहीं करता है और ऐसे किसी भी प्लेटफॉर्म से सतर्क रहने की जरुरत है। कंपनी के मुताबिक इन फर्जी प्लेटफॉर्म्स को चलाने वाले लोग खुद को जेरोधा का अधिकारी या कर्मचारी बताकर निवेशकों को स्टॉक टिप्स देते हैं और इसके बदले में एडवाइजरी फीस लेते हैं। जेरोधा ने साफ किया है कि वह न तो ग्राहकों को निवेश की सलाह देने के लिए कॉल करता है, न ही उनसे फीस वसूलता है और न ही फंड्स एकत्र करता है। इसके अलावा, जेरोधा किसी तरह की पोर्टफोलियो मैनेजमेंट सेवा प्रदान नहीं करता। कंपनी ने निवेशकों से आग्रह किया है कि वे सतर्क रहें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि होने पर तुरंत जेरोधा को रिपोर्ट करें। कंपनी ने यह भी बताया कि इस प्रकार की धोखाधड़ी से होने वाले नुकसान के लिए ब्रोकिंग फर्म जिम्मेदार नहीं होगा। जेरोधा, जो अगस्त 2024 तक 72 लाख यूजर्स के साथ देश का सबसे बड़ा डिस्काउंट ब्रोकर है, अपने ग्राहकों को नियमित रूप से शेयर बाजार से संबंधित संभावित खतरों और धोखाधड़ी की घटनाओं से अवगत कराता है। जेरोधा कंपनी ने चेतावनी दी है कि निवेशक सतर्कता के साथ कार्य करें और किसी भी अनधिकृत प्लेटफॉर्म पर यकीन नहीं करें, जो खुद को जेरोधा से संबंधित बताकर स्टॉक मार्केट में निवेश की सलाह देते हैं। जेरोधा के इस कदम का उद्देश्य निवेशकों को धोखाधड़ी से बचाना और वित्तीय नुकसान से सुरक्षित रखना है।

# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

**सेंसेक्स 694 , निफ्टी 208 अंक उपर आया**

**मुम्बई।**

घरेलू शेयर बाजार मंगलवार को बढ़त पर बंद हुआ। सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन दुनिया भर से मिलेजुले संकेतों और शुरुआती गिरावट के बाद भी धातु, बैंकिंग और वित्तीय शेयरों में आये उछाल से बाजार तेजी के साथ बंद हुआ। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स शुरूआती गिरावट से उबरते हुए अंत में 694.39 अंक करीब 0.88 फीसदी ऊपर आकर 79,476.63 अंकों पर बंद हुआ । इसी प्रकार 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी कमजोर शुरुआत से उबरते हुए 0.87 फीसदी तकरीबन 208 अंक बढ़कर 24,203.35 के स्तर पर बंद हुआ।

आज सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से जेएसडब्ल्यू स्टील का शेयर सबसे ज्यादा 4.73 फीसदी बढ़कर बंद हुआ। इसके साथ ही टाटा स्टील, एक्सिस बैंक, एचडीएफ़सी बैंक, इंडसइंड बैंक, स्टेट बैंक, कोटक बैंक, अल्ट्रा सीमेंट, आईसीआईसीआई बैंक, मारुति, बजाज फिनसर्व, टाटा मोटर्स और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर भी मुख्य रुप से ऊपर आकर बंद हुए।

वहीं दूसरी ओर अदाणी पोर्ट्स का शेयर सबसे ज्यादा 1.46 फीसदी नीचे आकर बंद हुआ। इसके अलावा आईटीसी, एशियन पेंट्स, भारती एयरटेल, इन्फोसिस, एलएंडटी, सनफार्मा के शेयर भी नीचे आये।




बाजार जानकारों के अनुसार अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव से पहले निवेशकों ने कम कीमती माने जाने वाले वित्तीय शेयरों में खरीदारी की जिससे बाजार को बल मिला।

वहीं एशियाई बाजारों में, टोक्यो, शंघाई और हांगकांग के बाजारों में तेजी रही जबकि सियोल का बाजार नीचे आया। यूरोपीय बाजारों में बढ़त के साथ कारोबार हुआ। अमेरिकी शेयर बाजार में गत दिवस गिरावट आई थी।

वहीं विदेशी निवेशकों की भारतीय बाजार से बिकवाली जारी है। विदेशी निवेशकों ने गत दिवस 4,329.79 करोड़ रुपये की इक्विटी बेची।

**इससे पहले आज सुबह**

बाजार की कमजोर शुरुआत हुई । सुबह सेंसेक्स और निफ्टी नीचे आये। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 271.63 अंक करीब 0.34 फीसदी नीचे आकर 78,510.61 पर खुला। वहीं निफ्टी 85.75 अंक तकरीबन 0.36 फीसदी फिसलकर 23,909.60 पर कारोबार कर रहा था।

अमेरिका में आज राष्ट्रपति चुनाव और इस सप्ताह के अंत में अमेरिकी फेडरल रिजर्व की बैठक से पहले विदेशी निवेशकों ने बाजार से दूरी बनाये रखी। इससे भी भारतीय बाजार पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। इस दौरान गिफ्ट निफ्टी करीब 24,065 के स्तर पर कारोबार कर रहा था। ये निफ्टी फ्यूचर्स के पिछले बंद स्तर से करीब 50 अंकों की गिरावट को दिखाता है।

## राजस्थान में रेरा ने ग्राहक को 36,20,209 रुपये रिफंड करने का सुनाया फैसला

**जयपुर।** राजस्थान रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी (राजस्थान-रेरा) ने हाल ही में एक महत्वपूर्ण निर्णय देकर एक ग्राहक को उनकी निवेश की गई राशि 36,20,209 रुपए रिफंड का आदेश दिया है। यह आदेश रेरा अध्यक्ष वीनू गुप्ता ने 4 नवंबर, 2024 को पुणीत आहूजा बनाम हिंदुस्तान फाइबर्स लिमिटेड मामले में सुनाया। मामले में शिकायतकर्ता आहुजा ने एचएफएल प्रेसीडेंसी एस्टेट्स-फेज पहले प्रोजेक्ट में फ्लैट सी-901 और स्टोर सी-905 बुक कराया था। उन्होंने इसके लिए पूरी राशि 36,20,209 रुपए जमा कर दी थी। हालांकि, अब तक न उन्हें फ्लैट का कब्जा मिला और न ही उनकी राशि का रिफंड किया गया। चेयरपर्सन गुप्ता द्वारा पारित आदेश में साफ किया गया है कि निर्माण कार्य में देरी के कारण शिकायतकर्ता को उनकी जमा की गई राशि पर 11.10 प्रतिशत वार्षिक ब्याज दर पर रिफंड किया जाएगा। यह ब्याज 25 अप्रैल 2018 से लागू होगा, जो कि अपेक्षित कब्जा तिथि थी। इसके अलावा, रिफंड प्रक्रिया को 45 दिनों के भीतर पूरा करने का भी निर्देश दिया गया है। नवाई के दौरान, बिल्डर के प्रतिनिधियों ने निर्माण में देरी का कारण बताते हुए खनन पर सुप्रीम कोर्ट के आदेश, प्रदूषण नियंत्रण विभाग की रोक, कोरोना महामारी, और जीएसटी जैसे कई बाहरी कारणों का हवाला दिया। हालांकि, प्राधिकरण ने इन सभी दलीलों को खारिज कर दिया, यह कहते हुए कि ये सभी कारण बिल्डर की जिम्मेदारी से मुक्त नहीं कर सकते।

# हितधारकों ने आयकर कानून की समीक्षा के लिए विभाग को दिए 6500 सुझाव

- **इसका उद्देश्य है कर प्रणाली की भाषा सरल बनाना, मुकदमेबाजी कम करना**
- **आयकर अधिनियम की समीक्षा के लिए वित्त मंत्रालय को मिले 6,500 सुझाव**

**नई दिल्ली।**

आयकर विभाग को आयकर अधिनियम 1961 की व्यापक समीक्षा के तहत पिछले महीने कई हितधारकों से 6,500 सुझाव मिले हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस समीक्षा के बारे में एक उच्च स्तरीय बैठक की, जिसमें राजस्व सचिव, केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड के चेयरमैन और वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

वित्त मंत्रालय ने अपने एक्स पर एक पोस्ट में जानकारी दी कि राजस्व सचिव ने वित्त मंत्री सीतारमण को बताया कि आयकर अधिनियम के कई पहलुओं की जांच के लिए 22 विशेष उप-समितियां बनाई गई हैं। इन उप-समितियों ने विशेषज्ञों के साथ गहन विचार-विमर्श किया और आयकर कानून में संशोधन के सुझाव दिए। राजस्व सचिव ने बताया कि सुझाव प्राप्त करने के लिए 6 अक्टूबर को पोर्टल खोले जाने के बाद से अब तक 6,500 सुझाव आए हैं। यह अधिनियम को सरल बनाने के प्रति जनता की उत्साहजनक भागीदारी को दर्शाता है। इस कदम का उद्देश्य कर प्रणाली की भाषा को सरल बनाना, मुकदमेबाजी कम करना, अनुपालन के बोझ को घटाना और पुराने प्रावधानों को हटाना है। पिछले महीने सीबीडीटी ने जनता से सुझाव आमंत्रित किए थे, जिसमें विशेष रूप से कर कानून की भाषा को सरल बनाने, मुकदमेबाजी कम करने, अनुपालन बोझ कम करने और अप्रचलित प्रावधानों की समीक्षा के लिए कहा गया था। यह पहल वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 के पूर्ण बजट में आयकर अधिनियम की व्यापक समीक्षा की घोषणा के बाद की गई है। इस प्रक्रिया के तहत सीबीडीटी ने अधिनियम को अधिक स्पष्ट, संक्षिप्त और समझने में आसान बनाने के लिए एक आंतरिक समिति का गठन किया है। इस पहल से सरकार का उद्देश्य एक पारदर्शी और सरल कर प्रणाली तैयार करना है, जिससे करदाता और सरकार दोनों को लाभ होगा।

## रेमंड लिमिटेड का मुनाफा घटा, पिछले साल था लाभ 161.16 करोड़

**नई दिल्ली।** रेमंड लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की सितंबर में समाप्त हुई दूसरी तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ 63 फीसदी घटकर 59.01 करोड़ रुपए रह गया है। एक साल पहले इस अवधि में कंपनी का शुद्ध लाभ 161.16 करोड़ रुपए था। शेयर बाजार की जानकारी के मुताबिक चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर अवधि में कंपनी की कुल आय बढ़कर 1,100.70 करोड़ रुपए हो गई। पिछले साल इस अवधि में यह आंकड़ा 512.35 करोड़ रुपए था। रेमंड लिमिटेड के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक गौतम हरि सिंघानिया ने कहा था कि हमने रियल एस्टेट और इंजीनियरिंग दोनों कारोबार क्षेत्रों में अच्छी गति देखी है।




## सोयाबीन के किसानों को जबरदस्त फायदा

**- 6100 से 7100 में बिका सोयाबीन**

**भोपाल।** कृषि उपज मंडियों में दीपावली के करण 6 दिन का अवकाश था। अब सभी मंडियां बड़ी तेजी के साथ काम कर रही हैं।मंडियों की रौनक लौट कर आ गई है।धान और सोयाबीन की फसल लेकर किसान मंडी पहुंच रहे हैं। मध्य प्रदेश के भोपाल,बड़नगर,धार, देवास, सीहोर की मंडी में बड़ी मात्रा में सोयाबीन की आवक शुरू हुई है। अलग-अलग मंडियों में सोयाबीन की क्वालिटी के अनुसार 6100 से लेकर 7100 के बीच में सोयाबीन की नीलामी हुई है। बडनगर मंडी में 7171 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से सोयाबीन की नीलामी हुई। जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है। भोपाल की मंडी में सोयाबीन का मुहूर्त सौदा 4511 रुपए में हुआ था। लेकिन उसके बाद भोपाल मंडी में भी सोयाबीन के दामों में तेजी देखने को मिल रही है। सोमवार की सुबह कांटा पूजन के साथ सभी मंडियों में नए साल का कारोबार शुरू हुआ।मंडियों में गेहूं चना मक्का और सोयाबीन के साथ-साथ धान भी आ रही है। चने की नीलामी 6801 रुपए प्रति क्विंटल की दर से हुई है।गेहूं 3301 रुपए तथा मक्का 2201 रुपए प्रति क्विंटल के भाव पर पहले दिन नीलामी में किसानों का बिका है।

# बाल बिहा कानूनन अपराध : राजेश कुमार सिन्हा

- निःसुल्क बिधिक सहायता कर परचार-परसार ले नुक्कड़ नाटक कर आयोजन
- बिधिक सहायता ले टोल फ्री नम्बर में संपर्क करु

सोनू सपरवार





**रांची।** झालसा कर निरदेस आउर न्यायायुक्त-सह-अध्यछ, डालसा कर मार्गदरसन आउर जिला परसासन कर सहजोग से नामकुम परखंड कर लोधमा गांव कर अखड़ा बस्ती में जागरुकता कार्जकरम कर आयोजन करल गेलक।

मउका में डायन बिसाही, बाल बिहा, दहेज परथा आउर यौन अपराध उपरे चरचा करल गेलक। ई अवसर में निःसुल्क बिधिक सहायता कर बारे में गोटे जानकारी देवल गेलक। निकटतम बिधिक सहायता केंद्र कर बारे में भी जानकारी देल गेलक। मउका में एलएडीसी चीफ प्रवीण कुमार श्रीवास्तव, डिप्टी एलएडीसी राजेश कुमार सिन्हा, सीडीपीओ नामकुम श्रीमती सविता सिंह, नुक्कड़ नाटक कर टीम, मुखिया संदीप तिर्की, पीएलवी लता कुमारी, युधिष्ठिर महतो, नीमा लकड़ा, प्रीति कुमारी आउर गंवईयामन आवल रहयं।

जागरुकता कार्जकरम में नुक्कड़ नाटक कर सदस्यमन कर द्वारा डायन-बिसाही उपरे नाटक कर मंचन करल गेलक। हुवां आवल सउब अदमी कर बीच नाटक कइर के उनके बिधि कर प्रति जागरूक करल गेलक। बताल गेलक कि डायन-बिसाही एगो अंधबिस्बास हेके। गंवईयामन में अंधबिस्बास आउर असिछा कर चलते ई किसिम कर घटना घटेला, जे कानूनन अपराध हेके। इकर में सजा कर प्रावधान हेके।

इकर अलावा नुक्कड़ नाटक कइर के सदस्यमन बतालयं कि दहेज लेवेक आउर देवेक दुईयों अपराध हेके। बाल बिहा आउर निःसुल्क बिधिक सहायता कर संबंध में अदमीमन के जागरूक करल गेलक। बिधिक सहायता ले टोल फ्री नम्बर - 15100 कर बारे में गंवईयामन के जानकारी देल गेलक।

राजेश कुमार सिन्हा कहलयं कि डायन कहेक भी एगो अपराध हेके। जे इके इंगित करेला इया पहचान करयंना इया ओझा-गुनी सउब कर उपरे कानून में सजा कर प्रावधान करल जाए हे। इकर अलावा राजेश कुमार सिन्हा रांची जिला बिधिक सेवा प्राधिकार कर द्वारा परदान करल जायेक वाला निःसुल्क बिधिक सेवामन कर बारे में गंवईयामन के बतालयं। पंचायत अस्तर में हमिन कर पीएलवी आपनेमन कर सहायता ले उपलब्ध हेकी। अगर केऊ किसिम कर केऊ घटना कर बारे में जानकारी मिलेला तो आपइ पीएलवी से निःसुल्क सहायता लेइ सकीला। हमिन कर पीएलवी परखंड में आउर थाना में भी आपने कर सहायता ले उपलब्ध हयं। सउब सहायता जिला बिधिक सेवा प्राधिकार कर दन से निःसुल्क देवल जायेला।

धन्यवाद मुखिया संदीप तिर्की करलयं। ऊ कहलयं कि बेरा-बेरा में डालसा कर द्वारा ई किसिम कर कार्जकरम कर आयोजन कइर के अदमीमन के जागरूक करल जायेला, जे एगो सराहनीय कदम हेके। हमिन कर मुध उद्देस डायन बिसाही, बाल बिहा आउर दहेज परथा के समाज से सिरायेक हय। इकर से संबंधित बिधिक प्रावधानमन कर संबंध में जागरूक करेक हय।

## पहिल आउर दूसर एनजीओपीवी जहाज कर निरमान सुरू




**कोलकाता।** खुलल समुद्र में गस्त करेक वाला आधुनिक पीढ़ी कर पहिल आउर दूसर जहाज (एनजीओपीवी) (पूर्व-जीआरएसई) यार्ड 3037 आउर 3038 कर निरमान कार्जकरम कर सुभारंभ समारोह 5 नवंबर, 2024 के कोलकाता कर मेसर्स गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड में आयोजित करल गेलक। ई समारोह कर अध्यछता पश्चिम बंगाल कर राज्यपाल डॉ. सी.वी. आनंद बोस करलयं। इकर में भारतीय नौसेना आउर मेसर्स जीआरएसई कर बरिसठ अधिकारी उपस्थित रहयं।

11 एनजीओपीवी जहाज कर स्वदेसी डिजाइन आउर निरमान कर उद्देस से रक्षा मंत्रालय आउर मेसर्स जीएसएल, गोवा कर बीच सात गो जहाज ले आउर मेसर्स जीआरएसई, कोलकाता कर संगे 4 पोत कर अनुबंध करल जाए रहे।

तटीय रछा आउर निगरानी, खोज आउर बचाव कार्य, खुला समुद्र में परिसंपत्तिमन कर सुरछा आउर मुद्री डकैती रोकेक संबंधी मिसनमन ले लगभग 3000 टन टन भार वाला एनजीओपीवी कर परिकल्पना करल जाए हे। ई जहाजमन कर निरमान कार्जकरम कर सुभारंभ देस कर 'आत्मनिर्भर भारत' आउर 'मेक इन इंडिया' कर दृष्टिकोन कर अनुरूप स्वदेसी जहाज निरमान कर दिसा में भारतीय नौसेना कर भव्यता में एगो आउर महतपूर्न मील कर पत्थर हेके।

## आरपीएफ सात पैकेट गांजा हटिया इस्टेसन से करलक बरामद

**रांची।** रांची मंडल में आरपीएफ कर मंडल सुरछा आयुक्त पवन कुमार कर निरदेस में गांजा तस्करमन कर खिलाफ लगसते अभियान चलात हे। आरपीएफ पोस्ट हटिया आउर रांची आरपीएफ कर फ्लाइंग टीम संगे मिइल के हटिया कर पोस्ट कमांडर रूपेश कुमार कर देखरेख में 4 नवंबर, 2024 के हटिया इस्टेसन में चेकिन करल जात रहे। चेकिन करेक कर पांइत में प्लेटफ़ॉर्म संख्या 2 में एगो अदमी के संदेहास्पद अबस्था मे एगो ट्रॉली बैग कर संगे बैठल देखल गेलक। उकर से पूछताछ होलक तो ऊ आपन नाव नवीन कुमार (उमर-23 बछर, पिता राम अयोध्या साहनी, पता मोतीपुर, मुजफ्फरपुर, बिहार) बतालयं। ऊ बतालयं कि उकर बैग मे गांजा हेके। इकर सूचना आरपीएफ आपन सहायक सुरछा आयुक्त अशोक कुमार सिंह के देलयं।



सहायक सुरछा आयुक्त कर हटिया पहुंचेक कर बाद ऊ बैग के खोइल के चेक करल गेलक, जेकर भीतरे से सात पैकिट गांजा मिललक। इकर टेस्ट करेक कर बाद उके एएसआई रवि शेखर कर द्वारा जब्त करल गेलक। ऊ अदमी के गिरफ्तार करेक कर बाद दुईयों के जीआरपी हटिया के सौंप देवल गेलक। बरामद गांजा कर अनुमानित दाम 70,000 रुपया पाल गेलक।

# मतदाता जागरुकता के लेइ के चैंबर आउर सहायक श्रम आयुक्त कर बैठकी

**रांची।** झारखंड बिधानसभा आम निर्वाचन 2024 में बेसी से बेसी मतदान ले मंगलवार के झारखंड चैंबर आउर सहायक श्रम आयुक्त अविनाश कृष्णा कर संयुक्त बैठकी बिभागीय कार्जालय में होलक। मुध निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार कर निरदेस कर आलोक मं सहायक श्रम आयुक्त बिनती करलयं कि आपन संस्थान में काम करेक वाला सउब कर्मीमन के मतदान कर दिन 13 आउर 20 नवंबर के मतदान करेक ले संवैतनिक अवकास देंवयं।

ऊ कर्मीमन में दैनिक मजदूर भी सामिल हयं जे राइज कर पंजीकृत मतदाता हयं। ई भी कहलयं कि सउब पीएसयू, कारखाना, संगे आउर परतिसठान/संस्थान में काम करेक वाला कर्मी/श्रमिकमन के मतदान ले प्रोत्साहित करते अपने भी मतदान में भाइग लेवेक कर संगे परतिसठान/संस्थान कर परिसर में मतदाता जागरुकता संबंधी कार्जकरम चलाते सउब के मतदान ले प्रेरित करु।

सहायक श्रम आयुक्त चैंबर आउर अन्य सउब संगठनमन से बिनती करलयं कि मतदान दिवस कर अगला दिन सउब करमी/श्रमिकमन कर संगे सामूहिक सेल्फी लेइ के सोसल मीडिया हैंडल्स में अपलोड करते मुध निर्वाचन पदाधिकारी कर हैंडल के भी टैग करेक कर निरदेस सउब संबंधित संस्थानमन के निर्गत करयं।

चैंबर अध्यछ परेश गट्टानी झारखंड बिधानसभा चुनाव में सत परतिसत मतदान कर प्रतिबद्धता जताते बेयापारी आउर उद्यमी समाज कर बीच बिरहद् अस्तर में जागरुकता अभियान चलायेक ले आश्वस्त करलयं। ऊ इकर ले राइज कर भितरे सउब कारोबार, बेवसाय, औद्योगिक उपक्रम आउर अन्य संस्थान में काम करेक वाला कामगारमन के मतदान ले सुबिधा देवेक ले नियोजकमन, परबंधकमन से आग्रह करलयं कि एगो भी मतदाता आपन मताधिकार से बंचित नई रहयं, इकर ले बेयापारी आउर उद्यमी बंधु मतदान कर दिन आपन करमचारीमन के उचित बेवस्था देंबयं।

ई बैठकी में चैंबर अध्यछ कर संगे चैंबर कर सह सचिव नवजोत अलंग, सदस्य प्रमोद सारस्वत, संतोष अग्रवाल, राजीव चौधरी कर अलावा कतई आउर संगठनमन कर पदाधिकारी पहुंचल रहयं।





## राज्यपाल से मिललयं भारतीय पुलिस सेवा कर परसिछु अधिकारी

रांची। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से आइज भारतीय पुलिस सेवा कर परसिछु अधिकारीमन राज भवन में सिस्टाचार भेंट करलयं। राज्यपाल ई अवसर में परसिछु अधिकारीमन से संवाद करते उनकर उज्ज्वल भविस कर कामना करलयं। उनके हमेसा आपन दायित्व कर निर्वहन ले तत्पर रहेक कर संदेस देलयं।

## तकनीकी सिछा में नैतिक मूल्य कर अनुपालन जरुरी : प्रो. गुरुसामी

- सरला बिरला विश्वविद्यालय में एक्सपर्ट टॉक आयोजित

**रांची।** तकनीकी सिछा में अगर नैतिक मूल्य मउजूद होवी, तो इकर से समाज में सकारात्मक परभाव पड़ेला। सेले इकर अनुपालन जरुरी आहे। ई बात 5 नवंबर के सरला बिरला विश्वविद्यालय में आयोजित एक्सपर्ट टॉक कर अवसर में मसहूर कंप्यूटर बिज्ञानी आउर सिछाबिद प्रोफेसर प्रो. ई. बालागुरुसामी कहलयं। ऊ बिद्यार्थीमन के तकनीक कर संगे सामाजिक मूल्य के भी आत्मसात करेक कर सलाह देलयं।



प्रो. बालागुरुसामी कार्ज अस्थल में तकनीकी गेयान कर संगे हुनर कर जरूरत उपरे जोर देलयं। ऊ कहलयं कि इकर से नौकरी में स्थायित्व कर संभावना बढ़ेला। बिद्यार्थीमन के गढ़ेक आउर उनकर में सीखेक कर प्रवृत्ति कर बिकास कर दउरान सिछकमन कर महतपूर्न जोगदान उपरे भी ऊ आपन बिचार परस्तुत करलयं। प्रो. गुरुसामी इंजीनियरमन के रास्ट्र निरमाता करार देते नैतिक मूल्य कर सम्मान करेक उपरे जोर देलयं। आपन बिचार बेक्त करते ऊ कहलयं कि जदि ई मूल्य कर परिनामस्वरूप सामाजिक मूल्य सुदृढ़ होवी, तो अदमीमन कर जिनगी कर गुनबत्ता कर भी बिकास होवी। संगे इकर से रास्ट्र कर प्रगति भी सुनिश्चित होवी।

कार्जकरम में बिस्वबिद्यालय कर महानिदेसक प्रो. गोपाल पाठक न्यायसंगत सिछा कर अवधारना आउर इकर बिद्यार्थीमन कर चारित्रिक आचरन उपरे पड़ेक वाला सकारात्मक परभाव कर बात कहलयं। बिस्वबिद्यालय कर परभारी कुलपति एस.बी. डांडीन सिछा में सदाचार कर लाभ उपरे संछेप में आपन बात राखलयं।

कार्जकरम में सोवागत डॉ. पंकज गोस्वामी आउर धन्यवाद डॉ. विश्वरूप सामंता करलयं। ई अवसर में कुलसचिव प्रो. वी.के. सिंह, डीन डॉ. नीलिमा पाठक, डीन डॉ. संदीप कुमार, डॉ. सुभानी बाड़ा, श्री हरिबाबू शुक्ला संगे विवि कर आउर सिछक आउर सिछेकेत्तर करमचारी उपस्थित रहयं।

बिस्वबिद्यालय कर प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान आउर सांसद डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा ई एक्सपर्ट टॉक कर आयोजन में आपन सुभकामना देलयं।

मुद्रक व प्रकाशक **नीलम सिंह** द्वारा झारखंड वनिता उद्योग एसएचजी के लिए श्याम नगर, गांधी नगर सीसीएल कॉलोनी डीएवी गांधी नगर स्कूल के पीछे, थाना गोंदा, जिला-रांची, राज्य झारखंड-834008 से प्रकाशित एवं शिवा साईं पब्लिकेश प्राइवेट लिमिटेड रातू, काठीटांड़ टेंडर बगीचा के नजदीक, एचपी पेट्रोल पंप, पोस्ट व थाना रातू, रांची, झारखंड-835222 में स्थित प्रिंटिंग प्रेस में मुद्रित। आरएनआई पंजीयन संख्या. **JHABIL/2023/86791**, **संपादक** : नीलम सिंह, **प्रबंध संपादक** : कृशन गोपालका, **सलाहकार संपादक** : रतन लाल अग्रवाल। **फोन नंबर** : 8210640230, 9934166306, **ईमेल आइडी** : jharkhandwanitaudyog@gmail.com